తెలుగు జాతీయ దినపత్రిక

వార్త

epaper.vaartha.com WWW.VAARTHA.COM

విజయవాడ fb.com/vaartha

PUBLISHED FROM VIJAYAWADA, HYDERABAD, VISAKHAPATNAM, RAJAHMUNDRY, KADAPA, NIZAMABAD, ONGOLE, WARANGAL, TIRUPATHI, ANANTAPUR, KURNOOL, KARIMNAGAR, MAHABUBNAGAR, KHAMMAM, NELLORE, NALGONDA, GUNTUR, TADEPALLIGUDEM,SRIKAKULAM

20-6-2023 మంగళవారం సంపుటి : 29 సంచిక : 140, పేజీలు : 12 వెల : 6.50

సాహితీ గత వారంరోజులపై విశ్లేషణ

ఇతర రాష్ట్రాలు, ప్రపంచ దేశాల ముఖ్యమైన పరిణామాలు

సామాజిక, ఆర్థిక, రాజకీయ పుస్తక సమీక్షలు

ప్రతి ఆదివారం 'వార్త' మెయిన్‌లో ఒక పూర్తి పేజీ

పలకరించిన నైరుతి పులకించిన తిరుమల 2లో

పవన్! కాకినాడ నుంచి పోటీచెయ్, ఓడిస్తా: ద్వారంపూడి 10లో

మరో వారం ఒంటిపూట బడులే..

ఎండలకారణంగా పొడిగింపు: మంత్రి బొత్స

విజయవాడ,జూన్19,ప్రభాతవార్తప్రతినిధి: ఎండలు కారణంగా రాష్ట్రంలో మరో వారం పాటు ఒంటి పూట మాత్రమే పాఠశాలలను నిర్వహిస్తామని రాష్ట్ర విద్యాశాఖా మంత్రి బొత్స సత్యనారాయణ తెలిపారు. 3వ తరగతి నుంచి పాఠ్యాంశాల వారిగా సబ్జెక్ట్ టీచర్లతో బోధన ఉంటుందన్నారు ఆరవ తరగతి నుంచి పైస్థాయి వరకు ఇంటరాక్టివ్ ప్యానల్స్ ఏర్పాటు చేస్తున్నామన్నారు. డిసెంబరు 21వ తేది నాటికి ఆరవ తరగతి ఆపై తరగతులన్నింటికి ఇంటరాక్టివ్ ప్యానెల్స్ పెట్టాలన్నదే లక్ష్యమన్నారు. నూతన విద్యావిధానం, విద్యాబోధనపై టీచర్లుకు ఆన్‌లైన్, ఆఫ్‌లైన్‌ల్లో శిక్షణ ఇస్తామని తెలిపారు. ఇందు కోసం రాష్ట్రంలో 175 ఇంజినీరింగ్ కాలేజీలను కుడా ఎంపిక చేసామన్నారు. సోమవారం మంత్రి బొత్స సత్య నారాయణ మీడియాతో మాట్లాడుతూ రాష్ట్రంలో ఏ ఉపాధ్యాయునికి బోధనేతర పనులు అప్పగించమన్నారు. అంతేకాకుండా పూర్తి పారదర్శకంగా ఉపాధ్యాయుల బదిలీలు పూర్తి చేసామన్నారు. ఉపాధ్యాయ సంఘాలతో సమావేశమయ్యామని వారి సహకారంతో విద్యా ≫2

ఇక 'పోలవరం' చకచక

● ప్రాధాన్యతా ప్రాజెక్టుల పూర్తికి ప్రత్యేక శ్రద్ధ ● పోలవరం తొలిదశ బడ్జెట్‌కు రూ. 2,911 కోట్ల విడుదలపై కేబినెట్‌కు నోట్ ● ఆగస్టు నాటికి అవుకు ప్రాజెక్టు రెండో టన్నెల్ పూర్తి: సమీక్షలో సిఎం జగన్

విజయవాడ,జూన్19,ప్రభాతవార్తప్రతినిధి: నిర్దిష్ట లక్ష్యాలకు అనుగుణంగా పూర్తి నాణ్యతా ప్రమాణాలతో పోలవరం నిర్మాణాన్ని పూర్తి చేయాలని సిఎం వైఎస్ జగన్మోహనరెడ్డి అధికారులను ఆదేశించారు. ప్రాజెక్టు నిర్మాణం చివరి దశకు చేరుకుంటున్న సమయంలోనే లెఫ్ట్ మెయిన్ కెనాల్‌పై కుడా దృష్టి పెట్టాలన్నారు. ప్రభుత్వం ప్రాధాన్యతా నిర్దేశించుకున్న ప్రాజెకులపై పూర్తిపై ప్రత్యేక దృష్టి పెట్టాలన్నారు. సాగునీటి పథకాల నిర్మాణ పనుల ప్రగతిని 15 రోజులకోసారి కార్యచరణ ప్రణాళికకు అనుగుణంగా సమీక్షించుకోవాలన్నారు. సాగునీటి ప్రాజెక్టులు, పోలవరం ప్రాజెక్టు పనుల పురోగతిపై సిఎం జగన్ సోమవారం తన క్యాంపు కార్యాలయంలో అధికారులతో సమగ్రంగా చర్చించారు. కార్యక్రమంలో ముందుగా ఎపికి నాలుగు జాతీయ జల అవార్డు (నేషనల్ వాటర్ అవార్డ్సు-2022) దక్కించుకోవడంపై హర్షాన్ని వ్యక్తం చేసిన సిఎం జగన్, జలవనరుల శాఖ అధికారులు, ఆ శాఖ మంత్రి అంబటి రాంబాబును అభినందించారు. అనుసరణగా జరిగిన సమావేశంలో సిఎం జగన్ అధికారులతో మాట్లాడుతూ ఖరీఫ్ తరుణం ఆరంభమవుతున్న దశలో సాగునీటి విడుదలపై తీసుకున్న చర్యల గురించి ప్రశ్నించారు. సిఎం జగన్ ఆదేశాలకు అనుగుణంగానే సకాలంలో ఖరీఫ్ సాగుకోసం క్యాలెండరు ప్రకారం రైతులకు సేద్యపు నీరు విడుదల చేస్తున్నామని అధికారులు సమావేశంలో సిఎం జగన్‌కు వివరించారు. ఇప్పటికే గోదావరి, కృష్ణాడెల్టా, తోటపల్లి కింద ప్రాంతాలకు సాగునీరు విడుదల చేసామని వెల్లడించారు. ఇసిఆర్‌ఎస్ డ్యాం నిర్మాణ ప్రాంతంలో పనులు చురుగ్గా సాగుతున్నట్లు అధికారులు ఇచ్చిన నివేదికలకు అనుగుణంగానే మరింత వేగంగా పనులు జరగాలన్నారు.

ఇసిఆర్‌ఎఫ్ డ్యాం గ్యాప్-1లో శాండ్‌ఫిల్లింగ్, వైబ్రో కాంపాక్షన్ పనులు పూర్తయ్యాయని అధికారులు సిఎం జగన్‌కు వివరించారు. గ్యాప్-2 వద్ద కుడా ఇదే పనులు చురుగ్గా సాగుతున్నాయన్నారు. కేంద్ర జలశక్తిశాఖ, కేంద్ర జలమండలి అధికారులు గైడ్ బండ్‌లో కుంగిన ప్రాంతాన్ని పరిశీలించారని సిఎం జగన్‌కు తెలిపారు. నేల స్వభావంలో మార్పులు కారణంగా ఇది ఒదిగి ఉండొచ్చని అనుమానాన్ని కమిటీ వెల్లడించిందని తెలిపారు.

దెబ్బతిన్న ప్రాంతాన్ని రాక్ డంప్‌తో సిమెంట్ స్లరీతో నింపాలని, గేబియన్స్‌తో సపోర్టు ఇవ్వాలని కమిటీ సూచించిందని సీఎం జగన్‌కు అధికారులు వివరించారు. ఆమేరకు పనులు ముందుకు తీసుకెళ్తామని తెలిపారు. పూర్తి విశ్లేషణ తరువాత శాశ్వతంగా చేయాల్సిన మరమ్మత్తులను ≫2

శాంతిభద్రతలకు విఘాతం కలిగిస్తే ఊరుకోం

సిఎం జగన్, మంత్రులు, ఎంపి 'మోపిదేవి' కుటుంబ సభ్యులకు ఇలాగే జరిగితే ఊరుకుంటారా ?

అమరనాథ్ కుటుంబానికి చంద్రబాబు పరామర్శ, రూ.10లక్షల చెక్కు అందజేత

సమావేశంలో ప్రసంగిస్తున్న చంద్రబాబు

చెరుకుపల్లి (బాపట్ల జిల్లా), జూన్ 19, ప్రభాతవార్త: రాష్ట్రంలో శాంతిభద్రతలు పూర్తిగా క్షీణించాయని వీటికి కారకులైన ఏ ఒక్కరినీ కూడా రానున్న కాలంలో వదిలిపెట్టే ప్రసక్తేలేదని టిడిపి జాతీయ అధ్యక్షుడు నారా చంద్రబాబునాయుడు అన్నారు. మండలంలోని ఉప్పాలవారిపాలెం గ్రామంలో యువకుల చేతిలో హత్యకు గురైన ఉప్పాల అమరనాథ్ కుటుంబ సభ్యలను సోమవారం ఆయన పరామర్శించారు. ముందుగా అమరనాథ్ చిత్రపటానికి పూలమాలలువేసి నివాళులర్పించారు. అనంతరం కుటుంబ సభ్యులను పూర్తిగా వివరాలు అడిగి తెలుసుకున్నారు. ఈ సందర్భంగా ఆయన మాట్లాడుతూ 10వ తరగతి చదివే విద్యార్థి తన అక్కను వేధిస్తున్న యువకులను వేధించవద్దన్నందుకు నోట్లో కాగితాలుకుక్కి కాళ్ల చేతులుకట్టేసి పెట్రోలు పోసి తగుల పెట్టటం అత్యంత దారుణమైన సంఘటన అని అన్నారు. నిందితులను ఏ మాత్రం ఉపేక్షించరాదని ప్రభుత్వం ఈ చర్యకు పూర్తి బాధ్యత వహించాలన్నారు. మృతుని కుటుంబానికి పార్టీపరంగాఎప్పుడూ అండగాఉంటానని మృతుని తల్లి, సోదరిని పరామర్శించి ధైర్యం చెప్పారు.

మృతుని కుటుంబానికి రూ.10లక్షల చెక్కు అందజేత

ఈ సందర్భంగా రూ.10లక్షల చెక్కును చంద్రబాబు బాధితుని కుటుంబ సభ్యులకు అందజేశారు. మృతుని అక్క హేమశ్రీ చదువుకున్నంత ≫2

'రా' చీఫ్‌గా రవిసిన్హా

న్యూఢిల్లీ, జూన్ 19: కేబినెట్ కార్యదర్శిగా ఉన్న సీనియర్ ఐపిఎస్ అధికారి రవిసిన్హాను పరిశోధన విశ్లేషణ విభాగం (రా) చీఫ్‌గా కేంద్రం నియమించింది. ప్రస్తుతం చీఫ్‌గా ఉన్న సామంత్ గోయల్ ఈనెల 30వ తేదీ ≫2

మత్స్యకారులకు అండగా ఉంటాం

అధికారం ఇస్తే 10 లక్షల ఆర్థిక సాయం: పవన్

కాకినాడ సిటీ, జూన్ 19,ప్రభాతవార్త: తమకు అధికారం ఇస్తే ఉత్పత్తి కులాల అభివృద్ధికి కృషి చేస్తానని జనసేన అధ్యక్షులు పవన్ కల్యాణ్ తెలిపారు. సోమవారం కాకినాడ జగన్నాథపురం ఏటిమోగ మత్స్యకార ప్రాంతాలలో పవన్ పర్యటించారు. తొలుత ఒక బోటుపై సముద్రంలో కొంతసేపు తిరిగి అక్కడ సమస్యలను అడిగి తెల్సుకున్నారు. అనంతరం మత్స్యకారులతో ఆత్మీయ సమావేశం నిర్వహించారు. ఈ సమావేశంలో పవన్ మాట్లాడారు. భారతదేశం ఉత్పత్తి కులాల సమాహారమని, దేశం సర్వతోముఖాభివృద్ధి చెందాలంటే ఉత్పత్తి కులాలు, బిసి వర్గాలు ఆర్థికంగా అభివృద్ధి చెందాలన్నారు. భారతదేశ జిడిపిలో మత్స్యకారుల కష్టం వేల కోట్ల రూపాయలు ఉంటుందన్నారు. అలాంటి మత్స్యకారులు ≫2

సోమవారం కాకినాడలో మత్స్యకారుల సమావేశంలో మాట్లాడుతున్న పవన్ కల్యాణ్

हरियाणा में चौटाला परिवार पर शाह के सियासी संकेत

इनेलो के खिलाफ बयान नहीं और जजपा को तरजीह नहीं; बीजेपी को दोनों से परहेज नहीं

हिसार, 19 जून (एजेंसियां)। हरियाणा में लोकसभा चुनाव के 'मिशन 2024' शुरू करते ही अमित शाह ने चौटाला परिवार को लेकर नए सियासी संकेत दिए हैं। शाह ने रविवार को सिरसा में रैली की। जहां उनके टारगेट पर पूर्व कांग्रेस सरकार के सीएम भूपेंद्र हुड्डा ही रहे। सिरसा चौटाला परिवार का सियासी गढ़ है। सबकी उम्मीद के उलट शाह ने यहां चौटाला परिवार पर कोई बयान नहीं दिया।

शाह ने न तो इनेलो प्रमुख ओपी चौटाला को लेकर कुछ कहा और न ही राज्य सरकार में गठबंधन की सहयोगी जजपा को। यहां तक कि जजपा को तो इस रैली में बुलाया तक नहीं गया। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि भाजपा चौटाला परिवार से दूरी नहीं रखना चाहती। दल कोई भी हो, जरूरत पड़ने पर भाजपा सबको साथ जोड़ सकती है।

शाह की सिरसा रैली में मंत्री रणजीत चौटाला को पूरी तरजीह दी गई। शाह कहने पर रणजीत चौटाला का संबोधन हुआ। सीएम मनोहर ने पगड़ी पहनाई तो रणजीत चौटाला ने हल देकर शाह का स्वागत किया।

शाह की सिरसा रैली में मंत्री रणजीत चौटाला को पूरी तरजीह दी गई। शाह कहने पर रणजीत चौटाला का संबोधन हुआ। सीएम मनोहर ने पगड़ी पहनाई तो रणजीत चौटाला ने हल देकर शाह का स्वागत किया।

1. अजय चौटाला-दुष्यंत चौटाला को तरजीह नहीं

हरियाणा में भाजपा जजपा से गठबंधन कर सरकार चला रही है। 41 एमएलए भाजपा और 10 एमएलए से मिलकर सरकार बनी है। इन दिनों दोनों दलों में चुनाव को लेकर गठबंधन में खटास की चर्चा है। शाह की इस रैली में जजपा का कोई नेता नजर नहीं आया। जजपा प्रमुख अजय चौटाला और डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला भी नहीं दिखे। इससे ये संकेत माना जा रहा है कि बीजेपी चुनाव अकेले ही लड़ सकती है। शाह के कार्यक्रम में में पिता-पुत्र का जिक्र तक न होने से ये चर्चा है कि बीजेपी उन्हें बता रही है कि हरियाणा में वे भाजपा की मजबूरी नहीं हैं।

2. जरूरत पड़ी तो इनेलो से परहेज नहीं

शाह ने इनेलो को लेकर कुछ नहीं कहा। ओमप्रकाश चौटाला भी हरियाणा के सीएम रहे। उनके बेटे अभय चौटाला विधायक हैं। इसके बावजूद शाह ने इनेलो पर कोई निशाने नहीं साधे। इससे कयास लगाए जा रहे हैं कि भाजपा को जरूरत पड़ी तो जजपा पर निर्भर नहीं रहेगी बल्कि इनेलो से भी परहेज नहीं करेगी। ये इसलिए भी अहम है कि कांग्रेस और इनेलो के बीच गठबंधन को लेकर गई बार सुगबुगाहट हो चुकी है। हालांकि दोनों दल इसे नकार चुके हैं।

3. पूर्व उपप्रधानमंत्री देवीलाल को याद किया

जिस सिरसा में शाह की रैली थी, वह चौटाला परिवार का गढ़ है। खास तौर पर पूर्व उपप्रधानमंत्री स्व. चौधरी देवीलाल के लिए यहां के लोगों के मन में पूरा सम्मान है। इसी वजह से शाह ने उनका जिक्र अपने भाषण में किया। यही नहीं चौधरी देवीलाल के बेटे रणजीत चौटाला के घर भी गए। रणजीत चौटाला निर्दलीय चुनाव जीते थे और इस वक्त हरियाणा सरकार में बिजली मंत्री हैं।

भाजपा का देवीलाल परिवार से पुराना नाता

शाह ने चौधरी देवीलाल को याद कर हरियाणा के लोगों को ये भी संकेत दिया कि वे कभी अपने पुराने सहयोगियों को नहीं भूलते। भाजपा और चौधरी देवीलाल के परिवार का पुराना रिश्ता है। 1987 के चुनावों में तत्कालीन लोकदल के साथ भाजपा का गठबंधन रहा। इसके बाद 1999 में भाजपा का हरियाणा विकास पार्टी के साथ गठबंधन था। मगर, भाजपा ने हविपा से गठबंधन तोड़ ओपी चौटाला की पार्टी इनेलो से गठबंधन किया। तब ओपी चौटाला मुख्यमंत्री बने।

1999 के लोकसभा चुनाव में इस गठबंधन ने 10 सीटें जीती। हालांकि 2004 में यह गठबंधन टूट गया था। अब ओपी चौटाला के बेटे अजय सिंह और पोते दुष्यंत चौटाला जजपा के रूप में गठबंधन के सहयोगी है।

देवीलाल के कुनबे के 3 परिवार भाजपा के साथ

मौजूदा समय में चौधरी देवीलाल के कुनबे के 3 परिवार भाजपा के साथ है। चौधरी देवीलाल के बेटे रणजीत चौटाला सरकार में निर्दलीय विधायकों के कोटे से मंत्री है। चौधरी देवीलाल के एक बेटे जगदीश चौटाला के बेटे आदित्य चौटाला भाजपा के जिलाध्यक्ष है और हरियाणा कृषि मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन हैं। वहीं एक पडपौत्र हरियाणा सरकार में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला है जो कि सरकार में सहयोगी है। सिर्फ 1 विधायक वाली इनेलो ही गठबंधन से बाहर है।

बागड़ी बेल्ट ने नहीं स्वीकारा हुड्डा को अपना जाट नेता

हरियाणा में चौधरी देवीलाल और बंसीलाल जाट नेता माने जाते रहे। चौधरी देवीलाल के बाद यह पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला को जाट नेता मानने लगे। ये दोनों नेता बागड़ी बेल्ट के हैं। ओपी चौटाला की सरकार जाने के बाद देशवाली बेल्ट से भूपेंद्र हुड्डा सीएम बने तो जाट समाज ने उन्हें अपना नेता मानना शुरू कर दिया। पूर्व सीएम ओपी चौटाला से धीरे-धीरे बांगर और देशवाली बेल्ट के जाटों ने अपनी दूरियां बढ़ा लीं। आज हुड्डा का बांगर और देशवाली बेल्ट में खासा प्रभाव है। परंतु पूर्व सीएम ओपी चौटाला का केवल बागड़ी बेल्ट में ही प्रभाव शेष है। बागड़ी बेल्ट में हुड्डा अभी अपना वर्चस्व नहीं बना पाए। क्योंकि 10 साल की उनकी सरकार में उन पर क्षेत्रवाद के आरोप लगता रहा। इसी वजह से शाह ने पूर्व सीएम ओपी चौटाला पर कोई बयानबाजी नहीं की, जबकि हुड्डा का नाम लेकर बार-बार क्षेत्रवाद की पुरानी यादें ताजा करते रहे।

गोरखपुर से हैदराबाद के लिए वीकली स्पेशल ट्रेन

30 जुलाई तक हर रविवार को गोरखपुर से और हैदराबाद से 28 जुलाई तक हर शुक्रवार को चलेगी ट्रेन

गोरखपुर, 19 जून (एजेंसियां)। गोरखपुर से हैदराबाद जाने वाले यात्रियों को ट्रेन में टिकटों की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। क्योंकि, रेलवे की ओर से ट्रेन नंबर 02575/02576 हैदराबाद-गोरखपुर वीकली स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। ट्रेन नंबर 02575 हैदाराबाद-गोरखपुर वीकली स्पेशल हैदराबाद से 28 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार चलाएगी जाएगी। जबकि, ट्रेन नंबर 02576 गोरखपुर-हैदराबाद वीकली स्पेशल गोरखपुर से 30 जुलाई तक प्रत्येक रविवार को चलाई जाएगी।

एनई रेलवे के सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया, इस ट्रेन में टिकटों की बुकिंग शुरू हो गई है। वहीं, इस ट्रेन में एसएलआरडी का एक, जनरेटर सह लगेज यान का एक, जनरल सकेंड क्लास के 2, स्लीपर के 7, एसी थ्री टियर के 9 और एसी टू टियर के 2 कोचों सहित कुल 22 कोच लगेंगे।

हैदराबाद से टाइमिंग

इस ट्रेन की टाइमिंग हैदराबाद से 21.05 बजे प्रस्थान कर सिकन्दराबाद से 21.30 बजे, काजीपेट से 23.19 बजे, दूसरे दिन पेड्डापल्ली से 00.10 बजे, मंचिर्याल से 00.50 बजे, बल्हारषाह से 03.30 बजे, नागपुर से 06.25 बजे, इटारसी से 12.05 बजे, भोपाल से 13.50 बजे, वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई जं. से 18.35 बजे, उरई से 19.55 बजे, पोखरायां से 21.00 बजे, कानपुर सेण्ट्रल से 23.05 बजे, तीसरे दिन ऐशबाग से 00.58 बजे, लखनऊ सिटी से 01.10 बजे और गोण्डा से 03.30 बजे छूटकर गोरखपुर 06.30 बजे पहुंचेगी।

गीता प्रेस पुरस्कार लेगा, लेकिन सम्मान राशि नहीं

मैनेजमेंट ने कहा- यह हमारी परंपरा नहीं, 100 साल में कभी आर्थिक मदद नहीं ली

गोरखपुर, 19 जून (एजेंसियां)। गोरखपुर से प्रकाशक गीता प्रेस गांधी शांति पुरस्कार को तो स्वीकार करेगी, लेकिन एक करोड़ की सम्मान राशि नहीं लेगी। गीता प्रेस के बोर्ड ने इसका ऐलान सोमवार को किया। केंद्र सरकार ने 18 जून को गीता प्रेस को 2021 के लिए गांधी शांति पुरस्कार देने की घोषणा की थी।

गीता प्रेस के प्रबंधक लाल मणि तिवारी ने कहा, 'गीता प्रेस ने 100 सालों में कभी कोई आर्थिक मदद या चंदा नहीं लिया। इनके अलावा सम्मान के साथ भी मिलने वाली किसी तरह की धनराशि को स्वीकार नहीं किया।'

उन्होंने इस सम्मान के लिए पीएम मोदी और सीएम योगी का आभार व्यक्त किया। कहा, 'यह सम्मान हमारे लिए हर्ष की बात है। लेकिन, बोर्ड ने यह फैसला लिया है कि सम्मान के साथ मिलने वाली धनराशि को स्वीकार नहीं किया जाएगा।'

कांग्रेस ने कहा- यह फैसला उपहास भरा है

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने ट्वीट में पीएम मोदी की अध्यक्षता वाली जूरी द्वारा लिए गए फैसले को उपहास भरा बताया। उन्होंने कहा कि यह फैसला सावरकर और नाथूराम गोडसे को पुरस्कार देने जैसा है।

पीएम ने गीता प्रेस की सराहना की

पीएम मोदी ने रविवार को इस पुरस्कार के लिए गीता प्रेस को बधाई दी थी। कल कहा था कि गीता प्रेस को अपनी स्थापना के 100 साल पूरे होने पर गांधी शांति पुरस्कार से सम्मानित किया जाना सामुदायिक सेवा में किए गए कार्यों की सराहना करना है। पीएम ने कहा कि गांधी शांति पुरस्कार 2021, मानवता के सामूहिक उत्थान में योगदान देने के लिए गीता प्रेस के महत्वपूर्ण और अद्वितीय योगदान को मान्यता देता है, जो सच्चे अर्थों में गांधीवादी जीवन शैली का प्रतीक है।

दुनिया के सबसे बड़े प्रकाशकों में से एक है गीता प्रेस

गीता प्रेस की स्थापना 1923 में हुई थी। यह दुनिया के सबसे बड़े प्रकाशकों में से एक है। इसने 14 भाषाओं में 41.7 करोड़ पुस्तकें प्रकाशित की हैं। इनमें 16.21 करोड़ श्रीमद भगवद गीता हैं। गीता प्रेस सनातन-धर्म की अब तक 92 करोड़ किताबें छाप चुका है, जो एक रिकॉर्ड है। अकेले इस साल 2 करोड़ 42 लाख किताबें छापी हैं। रामचरितमानस पर राजनीतिक विवाद के बाद से इसकी 50 हजार किताबें ज्यादा बिकी हैं। प्रेस की आय में भी इजाफा हुआ है।

तमिलनाडु में दो बसों में टक्कर, 2 की मौत

70 लोग घायल; बस का टायर फटने से हादसा हुआ

चेन्नई, 19 जून (एजेंसियां)। तमिलनाडु में कुड्डालोर के मेलपट्टमपक्कम में सोमवार को दो प्राइवेट बसों की टक्कर हो गई। इस हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि 70 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। घायलों को कुड्डालोर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया है।

बस का टायर फटने से हादसा हुआ

पुलिस ने बताया कि घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों की मदद की। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने भी शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। शुरूआती जांच में एक बस का आगे का एक टायर फटने की जानकारी सामने आई है। जिसके चलते ड्राइवर ने अपनी बस से नियंत्रण खो दिया और बस सामने से आ रही दूसरी बस से टकरा गई।

फडणवीस बोले– मुस्लिम औरंगजेब के वंशज नहीं

महाराष्ट्र में हुई हिंसा पर कहा- औरंगजेब के हमदर्द कहां से आए, ये संयोग नहीं, प्रयोग था

मुंबई, 19 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि भारत में कोई भी मुस्लिम औरंगजेब का वंशज नहीं है। देश में राष्ट्रवादी मुसलमान मुगल बादशाह को अपना नेता नहीं मानते हैं। औरंगजेब हमारे नेता नहीं है। हमारे राजा सिर्फ छत्रपति शिवाजी महाराज हैं।

फडणवीस वे मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर अकोला में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। पिछले हफ्ते महाराष्ट्र में औरंगजेब की तारीफ को लेकर लगे पोस्टर और स्टेटस पर भी फडणवीस ने सवाल किया। उन्होंने कहा- अकोला, संभाजीनगर और कोल्हापुर में जो हुआ वह संयोग नहीं, बल्कि प्रयोग था। राज्य में औरंगजेब के इतने हमदर्द कैसे आ गए?

औरंगजेब और उसके पूर्वज बाहर से आए थे

फडणवीस ने कहा कि औरंगजेब हमारा नेता नहीं है। वो हमारा नेता कैसे हो सकता है? हमारा राजा केवल एक है और वो छत्रपति शिवाजी महाराज हैं। उन्होंने कहा कि मुझे बताएं कि औरंगजेब के वंशज कौन हैं? औरंगजेब और उसके पूर्वज कहां से आए थे? औरंगजेब और उसके पूर्वज बाहर से आए थे।

राष्ट्रवादी मुसलमान शिवाजी महाराज को अपना नेता मानते हैं

फडणवीस ने कहा कि इस देश में राष्ट्रवादी मुसलमान औरंगजेब का समर्थन नहीं करते हैं। वे केवल छत्रपति शिवाजी महाराज को अपना नेता मानते हैं। उन्होंने औरंगजेब के मकबरे पर जाने को लेकर वंचित बहुजन आघाड़ी) के चीफ प्रकाश आंबेडकर पर भी निशाना साधा। उन्होंने उनसे पूछा कि ऐसा करने की क्या जरूरत थी? उन्होंने शिवसेना के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे से भी सवाल किया कि क्या उन्हें प्रकाश आंबेडकर का ऐसा करना मंजूर है। दरअसल, इस साल के शुरुआत में उद्धव ठाकरे और प्रकाश आंबेडकर के दलों ने गठबंधन किया था।

दिल्ली में स्टूडेंट की हत्या दो आरोपी गिरफ्तार

गर्लफ्रेंड को लेकर विवाद हुआ था, कॉलेज गेट पर चाकू से हमला, अस्पताल में मौत

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। दिल्ली यूनिवर्सिटी के एक छात्र की रविवार को साउथ कैंपस में आर्यभट्ट कॉलेज के बाहर चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया, दोनों लड़कों के बीच गर्लफ्रेंड को लेकर विवाद हुआ था। मरने वाले लड़के का नाम निखिल है। वह पश्चिम विहार का रहने वाला था और स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग से पॉलिटिकल साइंस में बीए (ऑनर्स) कर रहा था। पुलिस ने सोमवार सुबह दो आरोपियों को अरेस्ट कर लिया।

निखिल की गर्लफ्रेंड को एक युवक काफी दिनों से परेशान कर रहा था। निखिल ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर उसकी चाकू मारकर हत्या कर दी।

घमले के बाद निखिल को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि यह घटना कॉलेज के गेट के बाहर हुई। बाइक पर सवार करीब चार लड़के आए और उन्होंने निखिल के सीने में चाकू घोंप दिया।

पुलिस के मुताबिक, निखिल की आरोपी छात्र के साथ एक हफ्ते पहले बहस हुई थी। जिसके बाद युवक बदला लेने की बात कहकर चला गया और रविवार सुबह दोस्तों संग बाइक से कॉलेज पहुंचा और गेट पर निखिल की हत्या कर दी।

पुलिस ने आरोपियों की पहचान घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों से की और सोमवार सुबह दो लड़को को अरेस्ट किया है। पुलिस द्वारा बरामद सीसीटीवी कैमरे से फुटेज में आरोपी को दोपहिया वाहनों पर भागते हुए दिखाया गया है।

साउथ वेस्ट दिल्ली के डीसीपी मनोज सी ने बताया, दो आरोपियों को पकड़ा गया है। एक की पहचान बीए फर्स्ट ईयर में पढ़ने वाले छात्र राहुल के रूप में हुई। वहीं दूसरे का नाम हारून है जो कॉलेज से ड्रॉपआउट है।

आप के मंत्री बोले - एलजी साहब, आप क्या कर रहे हैं?

दिल्ली यूनिवर्सिटी के पीआरओ अनूप सिंह लाठर ने कहा, एक स्टूडेंट की जान चली जाना काफी दुख की बात है। वहीं दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने ट्वीट कर कानून-व्यवस्था को लेकर लेफ्टिनेंट गवर्नर पर निशाना साधा। भारद्वाज ने लिखा, एलजी साहब, आप क्या कर रहे हैं? मेरी दिल्ली में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हो गई है। महोदय, आपने हमारी दिल्ली के साथ क्या किया है?

आरएसएस ने की मणिपुर में शांति की अपील

कहा– लोकतांत्रिक व्यवस्था में हिंसा और नफरत के लिए कोई जगह नहीं

इंफाल, 19 जून (एजेंसियां)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) ने रविवार को मणिपुर में जारी हिंसा की निंदा की। संघ ने स्थानीय प्रशासन, पुलिस, सुरक्षा बलों और केंद्रीय एजेंसियों सहित सरकार से तत्काल शांति बहाल करने के लिए हर संभव कदम उठाने की अपील की। मणिपुर में 3 मई से शुरू हुई हिंसा अब भी जारी है।

आरएसएस के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने एक बयान में मणिपुर में शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए जरूरी एक्शन के साथ-साथ हिंसा के कारण विस्थापित हुए लोगों को राहत सामग्री की सप्लाय सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में नफरत और हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। दोनों पक्षों को विश्वास की कमी को दूर करना चाहिए, जिससे वर्तमान संकट पैदा हुआ है और शांति बहाल करने के लिए बातचीत शुरू करनी चाहिए।

आरएसएस नागरिक समाज, राजनीतिक समूहों और मणिपुर की आम जनता से भी अपील करता है कि वे वर्तमान 'अराजक और हिंसक स्थिति' को समाप्त करने के लिए हरसंभव पहल करें और मानव जीवन की सुरक्षा और स्थायी शांति सुनिश्चित करें।

होसबोले ने कहा कि भयानक दुख की इस घड़ी में आरएसएस पचास हजार से अधिक विस्थापित लोगों और अन्य पीड़ितों के साथ खड़ा है।

बता दें कि मणिपुर में जातीय हिंसा में 100 से अधिक लोगों की जान चली गई है। राज्य सरकार ने 11 जिलों में कर्फ्यू लगा दिया है और इंटरनेट सेवाएं सस्पेंड कर दी हैं।

मणिपुर से सीएम ने मिजोरम के सीएम से मदद मांगी

मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह ने मिजोरम के सीएम जोरमथांगा से राज्य में शांति बहाली के लिए मदद मांगी है। जोरमथांगा ने ट्विटर पर कहा कि उनकी सरकार मणिपुर में चल रही हिंसा से दुखी है और हिंसा खत्म करने के लिए कुछ कदम उठाए हैं। मिजोरम में रह रहे मैतेई लोगों को डरने की जरूरत नहीं है। हम उनकी सुरक्षा करेंगे।

मैंने मणिपुर के सीएम को भी बताया कि हम, मिजोरम के लोग मैतेई के प्रति सहानुभूति रखते हैं और सरकार और एनजीओ ने शांति और सुरक्षा के लिए उपाय किए हैं।

मणिपुर में मैतेई-कुकी हिंसा के बीच मुस्लिम मैतेई समुदाय (पांगल) के लोगों ने अपने घरों के बाहर खुद के मुसलमान होने के बारे में लिखा हुआ है। मणिपुर की 32 लाख की आबादी में पांगल मुस्लिम लगभग ढाई लाख हैं। बिष्णुपुर के क्वाक्ता गांव के अली बताते हैं कि हमें अपनी जान की फिक्र है।

राज्य में 46 दिन से हिंसा जारी है। शुक्रवार रात सेना, असम राइफल्स, रैपिड एक्शन फोर्स और राज्य पुलिस ने आधी रात तक फ्लैग मार्च किया।

वहीं, कांग्रेस, एनसीपी और उद्धव गुट की शिवसेना ने मणिपुर हिंसा को लेकर पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं।

जगन्नाथ यात्रा आज: 25 लाख श्रद्धालु आएंगे

लोगों को गर्मी से बचाने यात्रा रूट पर लगे वाटर स्प्रिंकलर; 72 एम्बुलेंस भी तैनात

पुरी, 19 जून (एजेंसियां पुरी में जगन्नाथ यात्रा की तैयारी अपने अंतिम चरण में है। इसकी शुरुआत सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार के प्रभु जगन्नाथ के नेत्र उत्सव से होगी। इस मौके पर जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के अलौकिक दर्शन होंगे। मंगलवार को प्रभु जगन्नाथ रथ पर सवार होकर गुंडिचा मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे। इस दौरान प्रशासन को 25 लाख लोगों के आने की उम्मीद है। इसलिए 170 प्लाटून पुलिस बल तैनात किए जाएंगे। पूरे शहर को 14 जोन, 29 सेक्टर में बांटा गया है। जगन्नाथ मंदिर के देवी-देवताओं के 'नबजौबन' दर्शन की अनुमति तीन घंटे के लिए दी जाएगी। सोमवार को अनासार घर (बीमार कमरे) में 14 दिन बिताने के बाद, भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा सोमवार को 'नबजौबन बेशा' (युवा पोशाक) में दिखाई देंगे।

नागपुर में कार के अंदर 3 बच्चों की मौत

खेलते समय अंदर से दरवाजा लॉक किया, दम घुटने से चली गई जान

नागपुर, 19 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के नागपुर में रविवार शाम को तीन बच्चों की कार के अंदर दम घुटने से मौत हो गई। तीनों बच्चे शनिवार दोपहर से गायब थे। छानबीन में पुलिस को घर से 50 मीटर दूर एक एसयूवी के अंदर उनके शव मिले। पुलिस के मुताबिक, फारुख नगर में रहने वाले तीन बच्चे तौफीक फिरोज खान (4), आलिया फिरोज खान (6) और आफरीन इरशाद खान (6) शनिवार दोपहर को खेलने के लिए घर से बाहर गए थे। जब वे शाम तक घर नहीं लौटे तो माता-पिता ने पुलिस से संपर्क किया और अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई। पचपौली थाने के पुलिस कर्मियों ने बच्चों की छानबीन शुरू की। तभी एक कांस्टेबल की नजर घर से कुछ दूर खड़ी एक एसयूवी पर गई।

नाबालिग पहलवान के पिता बोले- हमें धमकी नहीं मिली

साक्षी मलिक अपना बयान स्पष्ट करे; हमें जो करना था, हमने कर दिया

पानीपत, 19 जून (एजेंसियां)। भारतीय कुश्ती संघ(WFI) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण और रेसलर्स के विवाद में अब नाबालिग पहलवान के पिता ने साक्षी मलिक पर पलटवार किया है। साक्षी मलिक ने कहा था कि नाबालिग पहलवान ने दबाव में बयान बदले। उन्हें धमकी दी गई थी। जिस वजह से दिल्ली पुलिस ने क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी।

इसके जवाब में नाबालिग के पिता ने कहा-''मेरे परिवार को कोई धमकी नहीं मिली थी। साक्षी मलिक को अपना बयान स्पष्ट करना चाहिए। हमें जो करना चाहिए था, हमने कर दिया है। हमारे परिवार के खिलाफ धमकियों के ऐसे दावों में कोई सच्चाई नहीं है।''

नाबालिग पहलवान की शिकायत पर था पॉक्सो एक्ट का केस

सुप्रीम कोर्ट के ऑर्डर पर बृजभूषण के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने 2 केस दर्ज किए थे। एक केस 6 महिला पहलवानों की शिकायत पर छेड़छाड़ का था। दूसरा नाबालिग पहलवान के यौन शोषण का था। जिसमें बृजभूषण पर पॉक्सो एक्ट लगा था। इस केस में पहलवान बृजभूषण की तुरंत गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। हालांकि अचानक नाबालिग पहलवान व उसके पिता ने बयान वापस ले लिए। इस मामले की सुनवाई 4 जुलाई को होनी है।

नाबालिग पहलवान के दादा ने भी कहा कि हमारी बच्ची मोहरा क्यों बने? शुरू में ये तीन लड़कियों का नाम ले रहे थे। हमारी बेटी के अलावा दो और कौन हैं, उन्हें सामने क्यों नहीं लाया गया।

साक्षी मलिक और बबीता फोगाट हो चुकी आमने-सामने

बृजभूषण के खिलाफ धरने को लेकर बबीता फोगाट और साक्षी मलिक आमने-सामने हो चुकी है। साक्षी मलिक ने पति सत्यव्रत कादियान के साथ वीडियो जारी कर कहा कि उन्हें बबीता फोगाट और बीजेपी नेता तीरथ राणा ने धरने के लिए मोटीवेट किया। उन्हें धरने की परमिशन भी दिलाई।

इसके जवाब में बबीता फोगाट ने कहा कि साक्षी झूठ बोल रही है। परमिशन लेटर पर मेरी सहमति या साइन दिखाए। साक्षी मलिक कांग्रेस की कठपुतली बन चुकी है। साक्षी को खुलकर अपनी वास्तविक मंशा जाहिर करना चाहिए।

साक्षी मलिक ने फिर बबीता पर पलटवार किया कि वे अपने स्वार्थ के लिए पहलवानों को इस्तेमाल करना चाह रहे थे और कैसे पहलवानों पर जब विपदा पड़ी तो वे जाकर सरकार की गोद में बैठ गए।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-28 अंक : 92 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) आषाढ शु.2 2080 मंगलवार, 20 जून 2023

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

वियतनाम को मिसाइल युद्धपोत देगा भारत

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने की घोषणा

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत और वियतनाम के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के लिए सोमवार को वियतनामी समकक्ष जनरल फान वान गियांग के साथ राजधानी दिल्ली में द्विपक्षीय वार्ता के लिए मुलाकात की।

गियांग 18 से 19 जून तक भारत दौरे पर हैं। अपने दौरे के पहले दिन उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में दोनों देशों के संबंध को एक महत्वपूर्ण स्तंभ बताया गया है। इस विज्ञप्ति के अनुसार, दोनों देशों के बीच रक्षा, सैन्य, उच्च स्तरीय यात्राएं, प्रशिक्षण कार्यक्रम, संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना और द्विपक्षीय सेवाओं के बीच व्यापक संपर्क शामिल है। इससे पहले जून 2022 में राजनाथ सिंह ने वियतनाम का दौरा किया था। वहां दोनों देशों के बीच रक्षा साझेदारी पर संयुक्त विजन स्टेटमेंट और म्यूचुअल लॉजिस्टिक सपोर्ट समझौत ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया था।

रक्षा मंत्रालय के पूर्व सेक्रेटरी सौरभ कुमार ने हाल ही में वियतनाम के राष्ट्रीय सीमा आयोग के उपाध्यक्ष ट्रिन डुक हाई से बातचीत की थी। इसपर रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट कर कहा कि रक्षा मंत्रालय के पूर्व सेक्रेटरी सौरभ कुमार ने आज वियतनाम के राष्ट्रीय सीमा आयोग के उपाध्यक्ष ट्रिन डुक हाई से मुलाकात की। उन्होंने दोनों देशों के बीच रक्षा, सुरक्षा और समुद्री संबंधों सहित कई द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा करने की भी बात कही।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने घोषणा की कि भारत वियतनामी नौसेना को स्वदेशी निर्मित मिसाइल कोरवेट आईएनएस कृपाण उपहार में देगा।

रक्षा मंत्रालय ने बयान में कहा कि दोनों पक्षों ने विभिन्न द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पहलों की प्रगति की समीक्षा की और मौजूदा वार्ताओं पर संतोष व्यक्त किया। मंत्रियों ने सहयोग के मौजूदा क्षेत्रों को बढ़ाने के साधनों की पहचान की, विशेष रूप से रक्षा उद्योग सहयोग, समुद्री सुरक्षा और बहुराष्ट्रीय सहयोग के क्षेत्र में। दोनों पक्ष द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और बढ़ाने और दक्षिण चीन सागर में स्थिति की समीक्षा करने पर फोकस कर रहे हैं। इस क्षेत्र चीन की बढ़ती आक्रामकता देखी गई है। सिंह ने घोषणा की कि स्वदेश निर्मित इन-सर्विस मिसाइल कोरवेट आईएनएस कृपाण वियतनाम पीपुल्स नेवी की क्षमताओं को बढ़ाने में एक मील का पत्थर साबित होगा। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और रक्षा मंत्रालय के अन्य शीर्ष अधिकारी वार्ता के दौरान मौजूद थे।

विप के लिए कांग्रेस ने घोषित किए उम्मीदवार

भाजपा छोड़कर आए शेट्टार भी प्रत्याशी

बेंगलुरू, 19 जून (एजेंसियां)। कर्नाटक में विधानसभा चुनाव में जीत मिलने के बाद उत्साहित कांग्रेस ने सोमवार को विधान परिषद चुनाव के लिए भी उम्मीदवारों का एलान कर दिया। इसमें भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए जगदीश शेट्टार को भी प्रत्याशी बनाया गया है। इसके अलावा दो अन्य उम्मीदवारों में टिप्पन्नप्पा कमकनूर और एनएस बोसराजू का भी नाम है।

जहां शेट्टार का कार्यकाल सबसे लंबा 14 जून 2028 तक का होगा, तो वहीं कमकनूर का कार्यकाल 30 जून 2026 तक और बोसराजू का कार्यकाल 17 जून 2024 तक का होगा।

आईपीएस रवि सिन्हा रॉ चीफ बने

30 जून को चार्ज लेंगे, दो साल रहेगा कार्यकाल, अभी केबिनेट सचिवालय में स्पेशल सेक्रेटरी हैं

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ कैडर के सीनियर आईपीएस अधिकारी रवि सिन्हा को भारत की खुफिया एजेंसी रॉ का नया चीफ नियुक्त किया गया है। मौजूदा रॉ चीफ सामंत कुमार गोयल का कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है, जिसके बाद रवि कार्यभार संभालेंगे।

1988 बैच के आईपीएस अधिकारी रवि सिन्हा दो साल तक इस पद पर रहेंगे। अभी वह कैबिनेट सचिवालय में स्पेशल सेकेटरी के पद पर कार्यरत हैं।

बिहार से ताल्लुक रखते हैं आईपीएस रवि

रवि सिन्हा बिहार के भोजपुर जिले से ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने दिल्ली के सेंट स्टीफेंस कॉलेज से पढ़ाई की। रवि ने साल 1988 में यूपीएससी की परीक्षा पास की। उन्हें भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी के तौर पर मध्य प्रदेश कैडर मिला। साल 2000 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल इलाकों को काटकर छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की। तब सिन्हा तकनीकी रूप से छत्तीसगढ़ काडर में चले गए।

रिपोर्ट्स के मुताबिक आईपीएस रवि सिन्हा को 'ऑपरेशन मैन' के नाम से भी जाना जाता है। वो स्पाई तौर पर काम करने के लिए जाने जाते हैं।

जम्मू-कश्मीर, उत्तर पूर्वी राज्यों में सेवाएं दे चुके रवि

सिन्हा को भारत के पड़ोसी देशों के मामले में विशेषज्ञ माना जाता है। वह जम्मू-कश्मीर में भी सेवाएं दे चुके हैं और उत्तर पूर्वी राज्यों के साथ ही देश के अन्य हिस्सों में भी तैनात रह चुके हैं।

रवि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से भी दूरी बनाकर रखते हैं। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इंटरनेट पर रवि सिन्हा की तस्वीर ढूंढना भी मुश्किल है।

कर्नाटक कांग्रेस में अब भी सबकुछ ठीक नहीं!

क्या हैं खास मंत्रियों और डीके के भाई के बीच विवाद की वजह

बेंगलुरू, 19 जून (एजेंसियां)। बुधवार को राहुल गांधी के साथ होने वाली कर्नाटक कांग्रेस विधायकों की मीटिंग से पहले पार्टी फिर से गलतफहमियों का शिकार होती दिखाई दे रही है। इस गलतफहमी की वजह मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के कार्यकाल की अवधि बताई जा रही है। पिछले एक हफ्ते में सिद्धारमैया के कई मंत्रियों ने यह दावा किया है कि वो पूरे पांच साल तक सरकार के मुखिया बने रहेंगे और यह बात राज्य में कांग्रेस के एकमात्र सांसद डीके सुरेश के पसंद नहीं आई है। डीके सुरेश कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के भाई हैं।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को जिन मंत्रियों का समर्थन मिला है उनमें उद्योग मंत्री एमबी पाटिल, सोशल वेलफेयर मिनिस्टर एचसी महादेवप्पा और पब्लिक वर्क्स मिनिस्टर सतीश झारकिहोली शामिल हैं। ये सभी मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खास माने जाते हैं। एमबी पाटिल ने हाल ही में कहा था कि एआईसीसी जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने एक न्यूज कॉन्फ्रेंस में कहा था कि सिद्धारमैया पूरे पांच साल तक सीएम बने रहेंगे। यह बात डीके सुरेश को पसंद नहीं आई और उन्होंने पलटवार करते हुए कहा, मैं एमबी पाटिल को जवाब दे सकता हूं। लेकिन उन्हें बताइये कि ये जरूरी नहीं है।

मांझी थामेंगे एनडीए का दामन!

बिहार सरकार से वापस लिया समर्थन, अब दिल्ली का करेंगे दौरा

पटना, 19 जून (एजेंसियां)। बिहार में जारी राजनीतिक उथल-पुथल के बीच सोमवार को जीतन राम माझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा ने नीतीश सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के अध्यक्ष संतोष सुमन ने कहा कि हम नीतीश कुमार सरकार से समर्थन वापसी का अपना पत्र आज शाम राज्यपाल को सौंपेंगे। पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की आज बैठक हुई थी। जिसमें यह फैसला लिया गया। इससे पहले संतोष सुमन ने कहा था कि पार्टी के नेताओं का स्पष्ट मानना है कि नीतीश कुमार के साथ रहने का कोई मतलब नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि हमारे पास बहुत सारे विकल्प हैं।

जेडीयू और महागठबंधन का साथ छोड़ने के बाद जीतन राम मांझी अब भाजपा का दामन थाम सकते हैं। इस बात पर अब मुहर लगती नजर आ रही है। इसके लिए जीतन मांझी ने लगभग पूरी जमीन तैयार कर ली है।

महाराष्ट्र में पैर जमाना चाह रहे केसीआर

पर मायावती-मुलायम तक नहीं हुए थे सफल, राकांपा नेता का निशाना

मुंबई, 19 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में बीते कुछ वर्षों से तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली भारतीय राष्ट्र समिति (बीआरएस) अपना दायरा बढ़ाने की कोशिश में जुटी है। इसे लेकर सोमवार को राकांपा नेता अजित पवार ने बीआरएस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इससे पहले मायावती और मुलायम सिंह यादव जैसे नेता भी महाराष्ट्र में पैर जमाने की कोशिश कर चुके हैं। लेकिन किसी को सफलता नहीं मिली थी।

पवार ने कहा कि शायद राव बीआरएस को तेलंगाना के बाहर फैलाना चाहते हैं और एक राष्ट्रीय नेता बनना चाहते हैं। क्षेत्रीय पार्टियां यह कर भी सकती हैं। पहले बसपा और सपा के कुछ विधायक चुने भी गए हैं।

अजित पवार ने चंद्रशेखर राव पर निशाना साधते हुए कहा, वे तेलंगाना सीएम हैं, लेकिन महाराष्ट्र में उनका काम कौन देखना चाहता है? राकांपा और अन्य पार्टियों के कुछ नेता बीआरएस में शामिल हो रहे हैं, लेकिन यह इस वजह से हो रहा है, क्योंकि ऐसे नेताओं को लगता है कि उन्हें महाविकास अघाड़ी या भाजपा-शिवसेना गठबंधन में किसी न किसी वजह से टिकट नहीं मिलेगा।

केदारनाथ मंदिर में सोना लगाने के नाम पर हो गया 125 करोड़ का घोटाला?



नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। केदारनाथ के गर्भगृह की दीवारों पर पिछले साल सोने की परत लगाई गई थी। डोनेशन में मिले पैसों से ही वो काम किया गया था। लेकिन कुछ दिन पहले चारधाम महापंचायत के उपाध्यक्ष और केदारनाथ के वरिष्ठ तीर्थ पुरोहित आचार्य संतोष त्रिवेदी ने एक वीडियो बना आरोप लगाया कि मंदिर में लगा सोना पीतल में बदल गया है। जोर देकर कहा गया कि सोने की परत चढ़ाने के नाम पर 125 करोड़ का घोटाला कर दिया गया।

कमेटी ने क्या सफाई पेश की

अब इस आरोप पर बद्री-केदार मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने सफाई पेश कर दी है। उनकी तरफ से साफ कर दिया गया है कि सभी आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं। कमेटी ने कहा कि एक डोनर ने इच्छा जाहिर की थी कि केदारनाथ के गर्भगृह में सोना लगाया जाए। उनकी इच्छाओं का सम्मान रखते हुए बोर्ड मीटिंग में फैसला लिया गया था कि गोल्ड प्लेटिंग की जाएगी। कमेटी ने इस बात की जानकारी भी दी कि पुरातत्व विभाग की निगरानी में गोल्ड प्लेटिंग की गई थी।

क्यों हुई गोल्ड प्लेटिंग

कमेटी ने ये जानकारी भी दी है कि डोनर ने अपने ज्वेलर्स के जरिए ही गोल्ड प्लेटिंग का काम करवाया था। अब इतना स्पष्टीकरण इसलिए दिया जा रहा है क्योंकि इस गोल्ड प्लेटिंग को लेकर बड़ा विवाद शुरू हो गया है। जब पिछले साल इसकी मंजूरी दी गई थी तब पुरोहितों ने कहा था कि ये केदारनाथ की आस्था के खिलाफ रहेगा क्योंकि सोना धन का प्रतीक रहता है।

सुप्रीम कोर्ट ने 17 निजी हज ऑपरेटरों को दी राहत

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। केंद्र सरकार द्वारा 17 निजी हज ऑपरेटरों को अयोग्य करने के मामले पर सुप्रीम कोर्ट अपना फैसला सुनाया है। इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने 17 निजी हज ऑपरेटरों को फिलहाल राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने 1200 हज यात्रियों को हज पर ले जाने की इजाजत दी। कोर्ट ने कहा जब तक हज यात्री वापस नहीं आ जाते तक तक निजी हज ऑपरेटरों पर कोई कार्रवाई न की जाए इसके साथ ही अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 7 जुलाई को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई होनी है। वहां केंद्र सरकार पर अपना पक्ष रखें।

केंद्र सरकार की तरफ से एएसजी सजंय जैन ने कहा कि जो हज ऑपरेटर मापदंडों पर खरे नहीं अगर उनके साथ हज तीर्थयात्रियों को भेजा जाता है तो उनको सऊदी अरब में दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है। सजंय जैन ने कहा कि हम किसी भी तरीके से हज तीर्थयात्रियों को प्रभावित नहीं करना चाहते हैं, उन्हें जेब से अतिरिक्त कुछ भी खर्च नहीं करना पड़ेगा। उनको दूसरे एनजीओ के जरिए हज पर जाने की इजाजत दी जाए।

आतंकी हरदीप निज्जर मारा गया

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा के सरे शहर में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। सरे के एक गुरुद्वारे की पार्किंग में दो युवकों ने निज्जर को गोली मारी। यह घटना रविवार रात 8:27 बजे हुई, जब अज्ञात युवकों ने सरे शहर में गुरु नानक सिख गुरुद्वारा साहिब के परिसर में हरदीप निज्जर को गोली मारी। हरदीप निज्जर खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) का प्रमुख था।

हरदीप सिंह निज्जर भारतीय एजेंसियों की मोस्ट वांटेड आतंकियों की लिस्ट में शामिल था। भारत में हिंसा और क्राइम के कई केसों में उसका नाम सामने आया था, जिसके बाद उसे वांटेड टेररिस्ट की लिस्ट में डाला गया था।

पंजाब में टारगेट किलिंग करवाता था निज्जर :

हरदीप सिंह निज्जर पंजाब में टारगेट किलिंग करवाता था। इसके अलावा निज्जर अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी और कनाडा में भारतीय मिशनों के बाहर भारत विरोधी प्रदर्शनों का आयोजन करता था, इन प्रदर्शनों में वो भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा फैलाता था।

एनआईए ने लिस्टेड किया :

निज्जर सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के बैनर तले गुरपतवंत सिंह पन्नून और परमजीत सिंह पम्मा जैसे आतंकवादियों के साथ मिलकर काम कर रहा था। सिख फॉर जस्टिस को साल 2019 में भारत के गृह मंत्रालय ने बैन कर दिया था। वहीं, कनाडा में निज्जर के आवासों को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अपने दस्तावेजों में लिस्टेड किया हुआ है।

पाकिस्तान से कार्यालय को संचालित करते थे :

सिख फॉर जस्टिस ने दिसंबर 2020 में गुरपतवंत पन्नून, ब्रिटेन में रह रहे परमजीत सिंह पम्मा और कनाडा के हरदीप सिंह निज्जर के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। आरोप पत्र में कहा गया है कि एनआईए मानवाधिकार की वकालत करने वाले ग्रुप की आड़ में अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान सहित विभिन्न देशों में अपने कार्यालयों को संचालित करते थे। विदेशी धरती से संचालित होने वाला सिख फॉर जस्टिस खालिस्तान आतंकवादी संगठनों का एक फ्रंटल संगठन है।

गुरुद्वारे का अध्यक्ष बनने के लिए जबरन कब्जा :

हरदीप सिंह निज्जर ने सरे शहर के गुरु नानक सिख गुरुद्वारे का अध्यक्ष बनने के लिए जबरन कब्जा कर लिया था। पिछले कुछ सालों में निज्जर ने भारत के महावाणिज्य दूतावास के सामने लगातार विरोध-प्रदर्शन में भाग ले रहा था।

वहीं, पिछले हफ्ते खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ) के खालिस्तानी नेता अवतार सिंह खांडा की ब्रिटेन के एक अस्पताल में मौत हो गई थी।

खुफिया एजेंसियों के अनुसार, अवतार खांडा और हरदीप निज्जर ने भारतीय उच्चायोगों के बाहर विरोध-प्रदर्शन आयोजित करने के लिए मिलकर काम किया।



गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार मिलना उनके भागीरथी कार्यों का सम्मान : अमित शाह

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत की गौरवशाली प्राचीन सनातन संस्कृति और आधार ग्रंथों के प्रचार-प्रसार और सुलभता में गीता प्रेस के महत्वपूर्ण योगदान का जिक्र करते हुए कहा है कि गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार मिलना उनके द्वारा किए जा रहे इन्हीं भागीरथ कार्यों का सम्मान है। गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार दिए जाने का कांग्रेस द्वारा विरोध किए जाने के बीच अमित शाह ने उनके चयन को पूरी तरह से उचित ठहराते हुए ट्वीट कर कहा, भारत की गौरवशाली प्राचीन सनातन संस्कृति और आधार ग्रंथों को अगर आज सुलभता से पढ़ा जा सकता है तो इसमें गीता प्रेस का अतुलनीय योगदान है। 100 वर्षों से अधिक समय से गीता प्रेस रामचरित मानस से लेकर श्रीमद्भगवद्गीता जैसे कई पवित्र ग्रंथों को नि:स्वार्थ भाव से जन-जन तक पहुंचाने का अद्भुत कार्य कर रही है। गीता प्रेस को 'गांधी शांति पुरस्कार 2021' मिलना उनके द्वारा किए जा रहे इन भागीरथ कार्यों का सम्मान है। आपको बता दें कि केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2021 का गांधी शांति पुरस्कार गीता प्रेस, गोरखपुर को देने की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में निर्णायक मंडल ने 18 जून, 2023 को विचार-विमर्श के पश्चात सर्वसम्मति से वर्ष 2021 के गांधी शांति पुरस्कार के लिए गीता प्रेस, गोरखपुर का चयन किया है। यह पुरस्कार गीता प्रेस, गोरखपुर को अहिंसक और अन्य गांधीवादी आदशर्ं के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्र में परिवर्तन लाने में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जा रहा है।

मान सरकार के मुफ्त गुरबाणी प्रसारण के फैसले पर बवाल

एसजीपीसी समेत पार्टियों ने जताया विरोध

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। पंजाब की भगवंत मान सरकार ने एलान किया है कि अमृतसर में हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) से गुरबाणी का प्रसारण मुफ्त किया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार सिख गुरुद्वारा एक्ट 1925 में एक नया क्लॉज जोड़ेगी। हालांकि, आप सरकार के इस फैसले का विरोध शुरू हो गया है। सिखों की सर्वोच्च संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) समेत शिरोमणि अकाली दल और कांग्रेस इसका जमकर विरोध कर रहे हैं। इनका तर्क है कि संसद द्वारा बनाए गए कानून को राज्य सरकार बदल नहीं सकती है।

पंजाब सरकार के गुरबाणी के मुफ्त प्रसारण वाले फैसले ने विवाद खड़ा कर दिया है। ऐसे में जानना जरूरी है कि गुरबाणी के प्रसारण को लेकर आप सरकार का निर्णय आखिर है क्या? इस फैसले की वजह क्या है? अब विरोध क्यों हो रहा है? राजनैतिक दल फैसले पर क्या कह रहे हैं? इस पर सरकार का क्या रुख है?

गुरबाणी के प्रसारण को लेकर आप सरकार का निर्णय आखिर है क्या :

श्री हरमंदिर साहिब से गुरबाणी का प्रसारण सभी के लिए मुफ्त किया जाएगा। इसके लिए किसी निविदा की जरूरत नहीं होगी। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को मंत्रिमंडल में इस प्रस्ताव को लाए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि 20 जून को विधानसभा में प्रस्ताव पेश होगा। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इसे एक ऐतिहासिक फैसला बताया है। उन्होंने कहा कि समाज की मांग के मुताबिक यह निर्णय लिया जा रहा है।

इस फैसले की वजह क्या है :

हरमंदिर साहिब से गुरबाणी प्रसारित करने का अधिकार सिखों के सर्वोच्च निकाय, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी या एसजीपीसी द्वारा पीटीसी नेटवर्क को दिया गया है। पीटीसी नेटवर्क का स्वामित्व बादल परिवार के पास है। माना जा रहा है कि इसे मुफ्त करने का उद्देश्य नेटवर्क के एकाधिकार को खत्म करने और सभी टेलीविजन चैनलों को मौके देने का है। जब मान सरकार ने पहले गुरबाणी के प्रसारण को मुफ्त करने का प्रस्ताव दिया था, तो एसजीपीसी, बादल परिवार और अकाली दल ने इसका जमकर विरोध किया था।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

मेरा हैदराबाद

मंगलवार, 20 जून, 2023 4

सुविचार

समय और स्थिति कभी भी बदल सकती है इसलिए कभी भी किसी का "अपमान' न करें

दमरे जीएम ने मानसून पूर्व सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने सोमवार को रेल निलयम, सिकंदराबाद में प्रमुख विभागों के प्रमुखों के साथ मानसून के मौसम के मद्देनजर पूरे जोन में मानसून की तैयारी पर एक विस्तृत समीक्षा बैठक की। सभी छह मंडलों अर्थात विजयवाड़ा, गुंतकल, गुंटूर, सिकंदराबाद, हैदराबाद और नांदेड़ मंडलों के मंडल रेल प्रबंधकों (डीआरएम) ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में भाग लिया। उन्होंने अधिकारियों को असुरक्षित स्थितियों को रोकने के लिए आने वाले मानसून के मौसम के साथ ट्रैक, पुल और स्थानों जैसे सभी पहचाने गए कमजोर वर्गों पर गश्त को मजबूत करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पटरियों की बाढ़ से बचने और ट्रेनों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए किनारे की नालियों और जलमार्गों की सफाई और रखरखाव सुनिश्चित करने के लिए भी सूचित किया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को उपकरणों की सुरक्षित कार्य स्थिति का कड़ाई से पालन करने, ट्रेन संचालन से संबंधित रजिस्टरों के उचित रखरखाव और सभी आवश्यक प्री-मानसून सावधानियों का पालन करने की सलाह दी। महाप्रबंधक ने कहा कि सभी पर्यवेक्षकों को फील्ड स्तर की गतिविधि की लगातार निगरानी करनी चाहिए और किसी भी मुद्दे को तुरंत दूर करना चाहिए और जल्द से जल्द सुधार करना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को सेमिनार और परामर्श सत्रों के माध्यम से सुरक्षा श्रेणी के कर्मचारियों को नियमित रूप से संवेदनशील बनाने की भी सलाह दी। महाप्रबंधक ने सभी मंडलों के माल लदान और समयपालन के प्रदर्शन की भी समीक्षा की और अधिकारियों को सलाह दी कि समय पर प्रेषण सुनिश्चित करने के लिए ट्रेनों की आवाजाही की निरंतर निगरानी करें ताकि ट्रेनों की गतिशीलता बढ़े। महाप्रबंधक ने पूरे जोन में ट्रैक रखरखाव कार्यों, सुरक्षा संबंधी कार्यों, नॉन-इंटरलॉकिंग कार्यों, ट्रैफिक ब्लॉक और पावर ब्लॉक जैसे बुनियादी ढांचे के रखरखाव कार्यों के प्रदर्शन की भी समीक्षा की। उन्होंने ट्रेनों के परिचालन को आसान बनाने के साथ-साथ ट्रेन संचालन के सुरक्षा पहलुओं में सुधार पर जोर दिया।

बंडी ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को तत्काल पेंशन जारी करने की मांग की

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बंडी संजय कुमार ने आज मुख्यमंत्री केसीआर को एक खुला पत्र लिखा और राज्य सरकार के कर्मचारियों को राज्य और पीआरसी के पेंशनभोगियों की पेंशन जारी करने की मांग की। अपने पत्र में, उन्होंने कहा कि कई जिलों में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पिछले दो महीनों से पेंशन नहीं दी गई है और कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को वृद्धावस्था में स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं हैं, जबकि यह ध्यान में रखते हुए कि अस्पताल, दवा और चिकित्सा के लिए पैसा जरूरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्मचारियों को समय पर वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है और कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उसी दिन सेवानिवृत्ति लाभ देने का उनका वादा विज्ञापनों तक सीमित था। महीनों से, सभी सेवानिवृत्त कर्मचारी कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। अकेले करीमनगर जिले में ही वित्त विभाग के पास 460 कर्मचारियों की पेंशन की फाइलें लम्बित हैं. राज्य भर के सभी जिलों में हजारों सेवानिवृत्त कर्मचारियों की स्थिति समान है। कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए स्वास्थ्य योजना को कमजोर कर दिया गया है और उन्हें चिकित्सा सेवाओं तक पहुंच से वंचित कर दिया गया है। आपने प्रमोशन और पोस्टिंग में अपने समर्थकों को नौकरी पर रख कर योग्य लोगों के साथ अन्याय किया है। आपकी सरकार द्वारा नियुक्त पीआरसी आयोग ने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के संबंध में कई बहुमूल्य सुझाव दिए हैं, लेकिन इसे लागू नहीं किया गया है। क्या यही कर्मचारी हितैषी सरकार है। उन्होंने कहा कि पहला पीआरसी इस महीने के अंत तक समाप्त होने वाला था और कहा कि नया पीआरसी अगले महीने से लागू होना चाहिए, जबकि अभी तक पीआरसी का गठन नहीं किया गया है।

महापौर ने बंजारा हिल्स डिवीजन में पौधे लगाए

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य की 10 वीं वर्षगांठ समारोह के तहत सोमवार को हरितोत्सवम मनाया गया। जीएचएमसी महापौर गदवाल विजयलक्ष्मी ने बंजारा हिल्स डिवीजन की विधायक कॉलोनी में हरित महोत्सव में भाग लिया और व्यापक रूप से पौधे लगाए। इस अवसर पर बोलते हुए, महापौर ने कहा कि ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम के शहरी जैव विविधता विभाग द्वारा सोमवार को तेलंगाना जन्म दशक के उपलक्ष्य में तेलंगाना हरितोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर तेलंगाना राज्य दशक की प्रेरणा लेकर शहर में 10 पार्कों की स्थापना की गई। सामूहिक पौधरोपण किया गया।

महापौर ने सड़क कार्यों का किया शुभारंभ

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। खैरताबाद जोन जुबली हिल्स सर्किल-18 में बंजारा हिल्स मंडल में जीएचएमसी महापौर गदवाल विजयलक्ष्मी ने 36 लाख की लागत से होने वाले वीडीसीसी सड़क कार्यों का उद्घाटन किया।

इस मौके पर महापौर ने कहा कि वीडीसी सड़कों का निर्माण एसीबी कार्यालय से बंजारा हिल्स एनबीटी नगर जंक्शन, बंजारा हिल्स, लेन नंबर 1 और 14 जंक्शन 120 मीटर लंबा और 10 मीटर चौड़ा, वार्ड नंबर 93 में एमएलए कॉलोनी, 90 मीटर लंबा और 8 मीटर चौड़ा किया जा रहा है। बाद में, शहर के महापौर ने बंजारा हिल्स, लेन नंबर 1 और 14 जंक्शन, एमएलए कॉलोनी एचडीएफसी में स्ट्रीट लाइट के हिस्से के रूप में ईएसएल और सीसीएमएस द्वारा हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन किया। बंजाराहिल्स डिवीजन के एमएलए कॉलोनी में एचएमडब्ल्यूएसएसबी द्वारा ओमेगा अस्पताल में नाला पाइपलाइन का काम शुरू कर दिया गया है। बंजारा हिल्स डिवीजन के विधायक ने यूबीडी अधिकारियों से कहा कि वे तेलंगाना राज्य के विलय दशक समारोह के हिस्से के रूप में लगाए गए पौधों की सुरक्षा के लिए द्वार बनाए रखें। कार्यक्रम में उपायुक्त रजनीकांत, ईई विजयमोहन, डिप्टी ईई मणिपाल, एई नागेश बाबू, स्ट्रीट लाइट अधिकारी सुषमा, यूबीडी डीडी श्रीनिवास मौजूद रहे।

मेफेंटरमाइन सल्फेट इंजेक्शन जब्त

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में ड्रग कंट्रोल एडमिनिस्ट्रेशन के अधिकारियों के सहयोग से मैलारदेवपल्ली पुलिस ने सोमवार को वट्टेपल्ली में अवैध रूप से मेफेंटरमाइन सल्फेट इंजेक्शन बेचने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों में जिम ट्रेनर नीतीश, राहुल और सोहेल शामिल है। इनके पास से कुल 400 इंजेक्शन की शीशियां और अन्य सामग्री जब्त की गई है। पुलिस ने कहा कि इंजेक्शन के स्रोत का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। मेफेंटरमाइन एम्फ़ैटेमिन का एक सिंथेटिक पदार्थ है। इसके दुरुपयोग के परिणामस्वरूप मनोविकार, हृदय संबंधी विकार और समय के साथ दवा पर निर्भरता हो जाती है।

सीपी ने पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद सीपी स्टीफन रवींद्र ने मेड़चल ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की सराहना की है। इन पुलिसकर्मियों ने ड्रंक एंड ड्राइव चेक के दौरान 150 किलोग्राम गांजा ले जा रहे एक वाहन को जब्त किया। ट्रैफिक एसआई भूपाल, एएसआई सच्चिदानंदम, कांस्टेबल शिवानंदम, कांस्टेबल फहीमुद्दीन मेडचल चेक में पोस्ट ड्रंक एंड ड्राइव ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान ड्यूटी करते हुए मेडिकल चेक पोस्ट पर आए एक स्कॉर्पियो वाहन के चालक व एक अन्य व्यक्ति पुलिस कर्मियों से डर गए और वाहन को चेक पोस्ट पर छोड़कर भाग गए। इस पर शक होने पर पुलिस ने गाड़ी की चेकिंग की तो उसमें 150 किलो गांजा बरामद हुआ। सीपी ने ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की सराहना करते हुए पुरस्कृत भी किया।

सरकार 26 जून से रैतू बंधु राशि हस्तांतरित करेगी

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार ने 26 जून से रैतू बंधु योजना के तहत किसानों के खातों में पैसा ट्रांसफर करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को यहां जारी एक विज्ञप्ति में संबंधित अधिकारियों को किसानों के खातों में राशि अंतरित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। योजना के तहत, किसानों को कृषि निवेश सहायता के रूप में प्रति एकड़ 5,000 रुपये वितरित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने जल्द ही आदिवासी किसानों को पोडु भूमि के पट्टों को वितरित करने और पोडू भूमि किसानों को रैतु बंधु योजना का विस्तार करने का भी निर्णय लिया।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड
(आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक सांविधिक निकाय)
पहली मंजिल, कोर-4 बी, इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

कार्यात्मक योजनाओं की तैयारी के लिए निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी)

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड (एनसीआरपीबी), नई दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय योजना -2041 प्रस्तावों के अनुसार डेयरी तथा स्मार्ट और डिजिटल एनसीआर पर कार्यात्मक योजना (ओं) की तैयारी से संबंधित कार्य करने के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय परामर्श संस्थाओं / संगठनों / संयुक्त उद्यमों / संघों आदि से मुहरबंद बोलियां आमंत्रित करता है। संदर्भ की शर्तों (टीओआर), योग्यता और मूल्यांकन मानदंड आदि का आरएफक्यू-सह-आरएफपी दस्तावेज़ एनसीआरपीबी की वेबसाइट यानी http://ncrpb.nic.in/tenders से ड्राफ्ट अनुबंध समझौते के साथ डाउनलोड किया जा सकता है। आरएफक्यू-सह-आरएफपी दस्तावेज़ की हार्डकॉपी एनसीआरपीबी के कार्यालय, प्रथम तल, कोर 4-बी, इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली- 110003 से भी प्राप्त की जा सकती है। बोली जमा करने की अंतिम तिथि 20 जुलाई 2023 है।

cbc 44103/12/0003/2324

ह/
सदस्य सचिव

साइबराबाद के पुलिस स्टेशनों में 'ग्रीन फेस्टिवल' आयोजित

आयुक्तालय में 59 हजार से अधिक पौधे रोपे गए

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य के जन्म दशक समारोह के हिस्से के रूप में, साइबराबाद सीपी कार्यालय, साइबराबाद पुलिस आयुक्तालय और सभी पुलिस स्टेशनों और यातायात थानों में एक भव्य 'ग्रीन फेस्टिवल' कार्यक्रम आयोजित किया गया। साइबराबाद सीपी स्टीफन रवींद्र ने आयुक्तालय में हरितोत्सवम कार्यक्रम की शुरुआत की। सीपी के साथ, एडिशनल सीपी (एडमिन) अविनाश महंती, ट्रैफिक ज्वाइंट सीपी नारायण नाइक, डीसीपी एडमिन योगेश गौतम, महिला एवं बाल सुरक्षा विंग डीसीपी सुश्री नितिका पंत और ईओडब्ल्यू डीसीपी श्रीमती कविता ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर सीपी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण सबकी जिम्मेदारी है और वे पौधों के पर्यावरण की रक्षा करना चाहते हैं। हर कोई 'वृक्षो रक्षति रक्षितः' कहने का महत्व जानना चाहता है। उन्होंने कहा कि हरित आवरण बढ़ाने में तेलंगाना देश में शीर्ष पर है। पर्यावरण संरक्षण सभी की जिम्मेदारी है और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए पौधे लगाने की आदत बनाने की सलाह दी जाती है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध ऑक्सीजन देने की मंशा से राज्य सरकार पिछले 10 वर्षों से हरितहरम कार्यक्रम में बड़े पैमाने पर पौधे लगा रही है। माधापुर जोन डीसीपी श्रीमती शिल्पावल्ली के निर्देशन में एडीसीपी के सभी अनुमंडल व थानों में पौधरोपण किया जाएगा. उन्होंने कहा कि मादापुर अंचल में कुल 10 हजार पौधे रोपे जा चुके हैं।

वार्ड स्तर के कार्यालयों की स्थापना को लेकर याचिका

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। फोरम फॉर गुड गवर्नेंस (एफजीजी) ने तेलंगाना उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर कर जीएचएमसी में वार्ड समितियों के गठन का आदेश देने और वार्ड स्तर के कार्यालयों की स्थापना पर रोक लगाने का अनुरोध किया है। कोर्ट ने सरकार को चार सप्ताह का समय देते हुए नोटिस दिया। एक बयान में, मंच ने कहा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 243-एस में स्थानीय निवासियों से मिलकर वार्ड समितियों के गठन का प्रावधान है।

संवैधानिक जनादेश के बाद, जीएचएमसी अधिनियम की धारा 8-ए निर्धारित करती है कि स्थानीय नागरिक मुद्दों को संबोधित करने और निर्णय लेने में लोगों की भागीदारी को सुविधाजनक बनाने के लिए नागरिक समाज संगठनों आदि से स्थानीय निवासियों से मिलकर प्रत्येक वार्ड के लिए वार्ड समिति होगी। इसने कहा कि वार्ड समितियां कार्यों की निगरानी करेंगी, गुणवत्ता सुनिश्चित करेंगी और भ्रष्टाचार को नियंत्रित करेंगी। इसमें कहा गया है कि सरकार ने वार्ड समितियों के गठन के बजाय प्रत्येक वार्ड में 10 अधिकारियों के साथ वार्ड कार्यालयों की स्थापना की थी। राज्य सरकार के इस कदम से लोगों की भागीदारी और निर्णय लेने में कमी आती है जिससे कार्यों के निष्पादन में देरी होती है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है।

प्रसिद्ध हिंदी विद्वान प्रो. टी. मोहन सिंह नहीं रहे

हिंदी अकादमी हैदराबाद व सैकडों पूर्व विद्यार्थियों ने दी श्रद्धांजलि

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। प्रसिद्ध हिंदी लेखक, कला महाविद्यालय, उस्मानिया विश्वविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो. टी. मोहन सिंह का सोमवार को दिल का दौरा पड़ने के बाद न्यू नागोले स्थित उनके आवास पर निधन हो गया।

वह 82 वर्ष के थे।

हिंदी में एमए और पीएचडी करने वाले दिवंगत प्रोफेसर को अपने लेखन और पुस्तकों के माध्यम से हिंदी साहित्य को बढ़ावा देने का श्रेय व्यापक रूप से दिया जाता है। ओयू के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि मोहन सिंह ने 1995 से 1996 के बीच डीन (स्टूडेंट अफेयर्स) और आट्र्स कॉलेज के प्रिंसिपल के रूप में भी काम किया और नेशनल फ्रंट के अध्यक्ष एनटी रामाराव के सलाहकार थे।

नगरकुर्नूल जिले के वेल्डांडा गांव के रहने वाले प्रो. मोहन सिंह ने एक शिक्षक के रूप में अपना करियर शुरू किया और सरकारी जूनियर कॉलेज, कल्वाकुर्ती में लगभग एक दशक तक काम किया। बाद में, मोहन सिंह ने शिक्षाविदों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और स्नातकोत्तर में स्वर्ण पदक जीता और हिंदी भाषा के सहायक प्रोफेसर के रूप में उस्मानिया विश्वविद्यालय में शामिल हो गए। प्रो. मोहन सिंह ने हिंदी अकादमी हैदराबाछ से पिछले 50 वर्षों से निकलने वाली संकल्य हिंदी पत्रिका के प्रधान संपादक रहे। तेलंगाना आंदोलन के दौरान उनकी कलम ने हिंदी पत्रकारिता क्षेत्र में सनसनी ला दी थी। उनके निधन पर संकल्य के संपादक डॉ. गोरखनाथ तिवारी, डॉ. शशिकांत मिश्र के अलावा प्रो. आरके मिश्र, प्रो. शुभदा वांजपे, रेखा तिवारी के अलावा नगर के प्रमुख हिंदी प्रेमियों ने गहरा शोक जताया है। प्रो. सिंह के देहात की खबर फैलते ही नगर के प्रमुख हिंदी विद्वान डॉ. प्रभाकर त्रिपाठी, डॉ. कैलाश सिंह, प्रो. श्यामराव राठौड़, डॉ. माया, डॉ. संगीता व्यास के अलावा सैकडों पूर्व विद्यार्थियों ने उनके निवास पधार कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

जागो हिंदू जागो...अपने समाज को बचाने जागो : काजल हिन्दुस्तानी

संगठन में ही देश की शक्ति है : जिग्नेश दोशी

दि गुजराती सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा हिन्दू राष्ट्र पर प्रेरक भाषण

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। समाजसेविका तथा तेजतर्रार वक्ता काजल हिंदुस्तानी ने दि गुजराती सोशल वेलफेयर सोसाइटी, हैदराबाद-सिकंदराबाद के तत्वावधान में किंग कोठी स्थित भारतीय विद्या भवन में 'हिन्दू राष्ट्र' पर आयोजित प्रेरक भाषण ने कहा कि अब विश्व में जैसी स्थिति दिख रही है, इससे स्पष्ट है कि हिंदी धर्म पर खतरा मंडराने लगा है। इसी स्थिति का सामना हमें समझदारी से करना है। इसके लिए हम सभी में एकता की परम आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हम सभी को जाति, धर्म, वर्ग से उपर उठकर अखंड हिंदुस्तान के लिए कमर कसनी है। नहीं तो यह दिन दूर नहीं जब हमारे पर फिर विदेशियों का बोलबाला शुरू हो जाएगा। इसके लिए एकजुटता परिवार से, फिर समाज से शुरू होनी चाहिए तभी देश में एकजुटता संभव हो पाएगी। उन्होंने देश को इस्लामियों से बचाने के लिए सभी को करबद्ध अनुरोध करते हुए आह्वान किया कि जागो हिंदू जागो...अपने समाज को बचाने जागो।

धर्म की रक्षा के लिए जाति में न बंटकर एक होकर कार्य करें। लव जिहाद, लैंड जिहाद हमारे देश की सबसे बडी समस्या है। भारत को इस्लामिक देश बनाने की साजिश पीएफआई का एक एजेंडा था, जिसका घोषणा पत्र हम सभी के सामने आया। उस एजेंडे के अंतर्गत ही कुछ असमाजिक तत्व समाज में हिंसा बढाने और हिन्दू धर्म के खिलाफ मोर्चा खोलने का कार्य कर रहे हैं। भारत को इस्लामिक धर्म बनाने, लव जिहद और अवैध अतिक्रमण भी उसी एजेंडे का हिस्सा है। इसके खिलाफ हिन्दू समाज को भी एकजुट होना पडेगा, क्योंकि हर बात का ठीकरा हम सरकार पर नहीं फोड सकते हैं। हम सभी देश के नागरिक हैं। नागरिक कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। उन्होंने दिल्ली की एक घटना का हवाला देते हुए कहा कि हिन्दू बेटियों के साथ बहुत अन्याय हो रहा है। इसे रोकने की जिम्मेदारी हम सभी की है। इस अवसर पर विधायक राजा सिंह ने कहा कि हमारे देश को तोड़ने के लिए देश को इस्लामिक देश बनाने की बाल चली जा रही है। कश्मीर का हिन्दू बंटा और उन्हें मौत के घाट उतार दिया गया। उन्होंने कहा कि हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए हम सभी हिन्दुओं को एकजुट होने की जरूरत है। अपने संबोधन में सोसायटी के अध्यक्ष तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता जिग्नेश दोशी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि संगठन में ही देश की शक्ति है। आज हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी ने सभी को साथ लेकर चल रहे हैं, तो देश आगे बढ रहा है। किंतु देशभर में कुछ समाज जो पहले एकता प्रिय थे अब अहंकार से समाज के अंदर फुट डाल रहे हैं और समाज की मान मर्यादा को तोड रहे हैं। इन लोगों को कमसे कम इस प्रकार के कार्यक्रम से सीख लेनी चाहिए तथा समाज को मर्यादापूर्ण बनाये रखने में सहयोग देना चाहिए। हिदू धर्म को बचाने के लिए गुजरात की शेरनी पूरे देश में अपने धर्म की रक्षा के लिए संघर्ष कर रही है, जो सराहनीय है। श्री दोशी ने पूरे समाज की ओर से मुख्य अतिथियों का विशेष आभार जताया। इससे पूर्व मुख्य अतिथियों एवं सोसाइटी के पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। गुजराती वेलफेयर सोसाइटी की ओर से मुख्य अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किया गया।

शेष 14 पर...

दक्षिण मध्य रेलवे
हमें @SCRailwayIndia पर फॉलो करें. द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

दमरे, निर्माण संगठन के सेवानिवृत्त रेलवे राजपत्रित अधिकारियों की भर्ती हेतु सांकेतिक सूचना

PUB/0666

रिक्ति सूचना सं. 03/2023
नं. पी.सीओएन..एससीआर/जीएडे./रि.एंगेजमेंट/एससीआर/सी-2023 दि.19.06.2023

मुख्य प्रशासकीय अधिकारी/निर्माण/दक्षिण मध्य रेलवे/सिकंदराबाद के तहत, सेवाओं की आपात स्थिति में संविदा आधारित सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारियों की भर्ती

पद - सलाहकार- सिविल इंजीनियरिंग (सी) इलेक्ट्रिकल(सी)
रिक्तियों की सं. 03(पद)

यथावत रूप से भरे हुए आवेदन को लिफाफे में डालकर, वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी(निर्माण), मुख्य प्रशासकीय अधिकारी का कार्यालय, निर्माण, भू तल, रेल निर्माण निलयम से संलग्न, दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद-500071 (तेलंगाना राज्य), को प्रेषित करना चाहिए।

तत्संबंधित लिफाफे के ऊपर, सलाहकार- सिविल इंजीनियरिंग (सी) इलेक्ट्रिकल(सी) पद के लिए आवेदन पत्र लिखा हुवा होना चाहिए।
शैक्षिक योग्यता/पात्रता, आयु, पारिश्रामिक, भर्ती की अवधि, आवेदन प्रपत्र एवं अन्य विस्तृत नियम व शर्तों की जानकारी के लिए, कृपया **वेबसाइटः** www.scr.indianrailways.gov.in देखें।

मुख्य प्रशासकीय अधिकारी/निर्माण, दमरे, सिकंदराबाद

A0942

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को व्हाइट हाउस में दिया जाएगा सेरेमोनियल वेलकम



नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के दौरे पर जाने वाले हैं। अमेरिका में जो बाइडेन सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत के लिए खास तैयारियां कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे की शुरुआत 21 जून को होगी। पीएम नरेंद्र मोदी 21 जून को योग दिवस पर यूएन मुख्यालय में होने वाले कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे।

इसके बाद पीएम नरेंद्र मोदी वाशिंगटन डीसी जाएंगे, जहां व्हाइट हाउस में 22 जून को उन्हें सेरेमोनियल वेलकम दिया जाएगा। व्हाइट हाउस में पीएम नरेंद्र मोदी और जो बाइजेन के बीच बातचीत होगी। उसी दिन शाम को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनकी पत्नी जिल बाइडेन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सम्मान में स्टेट डिनर का आयोजन करेंगे।

22 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूएस कांग्रेस के नेताओं के आमंत्रण पर यूएव कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करने के लिए आमंत्रित करने वालों में हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के स्पीकर केविन मैकार्थी और सीनेट के स्पीकर चार्ल्स शूमर शामिल हैं।

23 जून को पीएम नरेंद्र मोदी को अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और सेक्रेटरी ऑफ स्टेट एंथनी ब्लिंकन को लंच पर आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने अमेरिका दौरे पर कई लीडिंग सीईओएस, प्रोफेशनल्स सहित कई अन्य लोगों से मुलाकात करेंगे। वह अपनी इस यात्रा के दौरान अमेरिका में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों से भी मुलाकात करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिस्र के राजकीय दौरे पर काइरो जाएंगे।

क्यों महत्वपूर्ण है यह दौरा?

पीएम नरेंद्र मोदी 6 बार अमेरिका का दौरा कर चुके हैं लेकिन यह उनकी पहली स्टेट विजिट है। इससे पहले नवंबर 2009 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह स्टेट विजिट पर अमेरिकी दौरे पर गए थे।

अमेरिका की डिप्लोमेटिक पॉलिसी के अनुसार, कोई भी अमेरिकी राष्ट्रपति चार साल में एक बार एक देश को नेता को आमंत्रित कर सकते हैं। अमेरिका में स्टेट विजिट को सर्वोच्च रैंक वाली आधिकारिक यात्रा माना जाता है।

फर्स्ट पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, पीएम नरेंद्र मोदी के साल 2014 में हुए दौरे को वर्किंग विजिट, साल 2016 में वर्किंग लंच, साल 2017 में ऑफिशियल वर्किंग विजिट, साल 2019 में उनकी यात्रा को "ह्यूस्टन, टेक्सास में एक रैली में भाग" लेने से संबंधित बताया गया था।

'सरहद के रखवालों' को मिला नया काम, जुटाएंगे बॉर्डर एरिया का 2000 साल का इतिहास

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। सरहद पर तैनात जवानों को अब एक नया काम दिया गया है। बॉर्डर एरिया में जहां उनकी तैनाती की गई है, वहां के गांवों के 2000 सालों के इतिहास से जुड़ी जानकारियां जवानों को इकट्ठा करने के लिए कहा गया है। ऐसा माना जा रहा है कि इससे सीमा पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और पलायन कम होगा। गृह मंत्रालय ने जवानों को यह काम करने की जिम्मेदारी है।

एक अधिकारी ने बताया कि 12 जून को गृह मंत्री अमित शाह ने सेनाओं में तैनात आईपीएस अधिकारियों के साथ चिंतन शिविर किया था। इस दौरान, अमित शाह ने सेनाओं को स्थानीय उत्पादों की खरीद को बढ़ावा देने को कहा था, ताकि बॉर्डर पर रोजगार के अवसर में इजाफा और पलायन कम हो। इस दौरान, उन्होंने सीमा पर मौजूद गांवों और आस-पास के इलाकों को लेकर भी चर्चा की थी और उनके 2000 सालों पुराने इतिहास के बारे में जानकारी जुटाने को कहा था।

अधिकारी ने कहा कि इसके पीछे सरकार का मकसद सीमावर्ती इलाकों के बुनियादी ढांचे को विकसित करना हो सकता है। उन्होंने कहा कि इन इलाकों में किसी संस्थान या बुनियादी ढांचा विकसित करने से पहले शायद सरकार गांवों और उनके इतिहास के बारे में जानना चाहती है ताकि उसके हिसाब से वह काम कर सके। सीमाओं पर मुख्य रूप से चार सशस्त्र बल तैनात हैं, जिनमें बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स, असम राइफल्स, सीमा सुरक्षा बल और इंडो तिब्बतन बॉर्डर पुलिस शामिल हैं। एक बीएसएफ अधिकारी ने कहा कि चिंतन शिविर में गृह मंत्री ने कहा कि आस-पास के गांवों और इलाकों से जुड़े इतिहास की जानकारी इकट्ठा करने के लिए कहा गया, ताकि उसे ट्रेनिंग मॉड्यूल में शामिल किया जा सके।

इस दौरान, यह भी कहा गया कि इलाके के बारे में जानकारी इकट्ठा करके उसे 23 जून तक प्रशिक्षण मुख्यालय भेज दें। चिंतन शिविर में सेना से जुड़े अन्य विषयों पर भी चर्चा हुई। इनमें सीमा सुरक्षा, क्षमता निर्माण, कनिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन, सोशल मीडिया और कानून प्रवर्तन, केंद्र और राज्य से जुड़े मुद्दे शामिल हैं।

अमित शाह सीमा पर स्थानीय लोगों के साथ बातचीत बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि य सुरक्षा की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था और जिले के स्थानीय प्रशासन से समन्वय से ही सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। अमित शाह ने कहा कि बॉर्डर पर इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार पिछले 9 सालों में 25,000 करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है।

यौन शोषण के आरोपी को सुप्रीम कोर्ट का जज बनाना चाहती थी सरकार, जस्टिस चंद्रचूड़ को करना पड़ा था वीटो का इस्तेमाल

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। जजों की नियुक्ति को लेकर सरकार और न्यायपालिका में टकराव कोई नई बात नहीं है। सरकार हमेशा से अपने मनपसंद जज की नियुक्ति कराना चाहती है। कई मौके तो ऐसे आए जब सरकार के अड़ियल रवैये के बाद सीजेआई को वीटो का इस्तेमाल करना पड़ा। ऐसा ही वाकया पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया वाईवी चंद्रचूड़ के कार्यकाल का है।

क्या है वो किस्सा?

वाईवी चंद्रचूड़ जब चीफ जस्टिस बने तो इंदिरा सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अप्वॉइंटमेंट के लिए एक ऐसे जज का नाम प्रस्तावित किया, जिस पर यौन उत्पीड़न का आरोप था। जस्टिस चंद्रचूड़ किसी भी कीमत पर उस जज की नियुक्ति नहीं चाहते थे, लेकिन सरकार अड़ गई थी। पूर्व चीफ जस्टिस वाईवी चंद्रचूड़ के पोते और चर्चित एडवोकेट अभिनव चंद्रचूड़ अपनी किताब सुप्रीम विशपर्स में लिखते हैं कि सीजेआई ने सरकार को अपनी असहमति के बारे में बताया, लेकिन सरकार का रुख नहीं बदला। आखिरकार उन्हें वीटो का इस्तेमाल करते हुए उस जज की नियुक्ति रोकनी पड़ी थी।

सीजेआई वाईवी चंद्रचूड़ से पहले चीफ जस्टिस एस एम सीकरी को भी वीटो का इस्तेमाल करना पड़ा था। तब सरकार जस्टिस नागेंद्र सिंह को सुप्रीम कोर्ट का जज बनानी पर अड़ी थी, लेकिन जस्टिस सीकरी इसके खिलाफ थे। सुप्रीम कोर्ट में उनके साथी जज भी जस्टिस नागेंद्र के अप्वाइंटमेंट के पक्ष में नहीं थे। आखिरकार सीजेआई को वीटो के जरिये जस्टिस नागेंद्र की नियुक्ति रोकनी पड़ी थी।

अभिनव चंद्रचूड़ लिखते हैं कि ऐसे कई मौके आए जब नियुक्ति को लेकर सरकार और चीफ जस्टिस आमने-सामने आ गए। कई बार तो चीफ जस्टिस को सरकार की बात माननी पड़ी। उदाहरण के तौर पर जस्टिस एपमी ठक्कर को ले लें। सीजेआई वाईवी चंद्रचूड़ गुजरात हाईकोर्ट के जज जस्टिस एमपी ठक्कर को कतई पसंद नहीं करते थे और नहीं चाहते थे कि उनका सुप्रीम कोर्ट में अपॉइंटमेंट हो।

जस्टिस ठक्कर खुलेआम जस्टिस चंद्रचूड़ की आलोचना कर चुके थे और कहते थे कि वह हमेशा श्रमिकों के पक्ष में फैसले देते हैं। एक जजमेंट का उदाहरण देते थे जिसमें एक बैंक कर्मचारी ने बैंक से पैसे चुरा लिए थे और उसके पक्ष में फैसला आया था। इंदिरा गांधी सरकार ने जब पहली बार जस्टिस ठक्कर का नाम सुझाया तो सीजेआई चंद्रचूड़ ने कोई खास दिलचस्पी नहीं दिखाई।

इंदिरा ने 3 बार बढ़ाया था जस्टिस ठक्कर का नाम

अभिनव लिखते हैं कि बाद में जब इंदिरा गांधी ने कम से कम दो-तीन बार जस्टिस चंद्रचूड़ से ठक्कर के नाम की चर्चा की तो वह राजी हो गए। बाद में सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि उनके पास वीटो का अधिकार था, लेकिन सरकार ने बहुत चालाकी से उन्हें राजी कर लिया था।

शर्मनाक! कलयुगी बहू की दरिंदगी बूढ़ी सास को बुरी तरह पीटा

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। **सोशल मीडिया** पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक महिला दूसरी महिला के साथ मारपीट करती हुई दिखाई दे रही है। घर में लगे सीसीटीवी में दोनों के बीच हुई मारपीट की घटना रिकॉर्ड हो गई। बताया जा रहा है कि बहू अपनी सास को पहले पीटती है और फिर धक्का मार देती है, जिससे बुजुर्ग सास को सिर में चोट लग गई।

बिजनौर की है घटना, सास के सिर में लगी चोट

घटना उत्तर प्रदेश के बिजनौर के साकेत कॉलोनी की बताई जा रही है। कलयुगी बहू अपनी सास के मारपीट करती दिखाई दे रही है। इससे भी जब उसका मन नहीं भरा तो जोरदार धक्का मार दिया, जिससे सास का सिर दीवार से टकराया। इससे बुजुर्ग महिला को चोट लगी और जोर-जोर से चिल्लाकर रोने लगी। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल हुआ, जिसके बाद बहू के खिलाफ कार्रवाई की मांग होने लगी।

पुलिस ने दर्ज की शिकायत, होगी कार्रवाई

वायरल वीडियो को शेयर कर बिजनौर पुलिस से कार्रवाई की मांग हुई तो पुलिस भी हरकत में आई। पुलिस ने बयान जारी कर कहा है कि सास की तहरीर पर बहू के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया है और कार्रवाई की जा रही है। सोशल मीडिया यूजर्स भी इस वायरल वीडियो पर अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

सोशल मीडिया यूजर्स की प्रतिक्रियाएं

एक यूजर ने लिखा, "दोनों ही महिलाएं हैं। अफसोस बहू भूल जाती है कि एक दिन वो भी सास बनेगी। सास बहू से पहले उस घर में आती है। अपनी कोख के एक हिस्से को पति रूप में अपनी बहू को सौंपती है। बदले में क्या चाहती है थोड़ा सम्मान और आश्रय?" @ArpitRaikwar1 यूजर ने लिखा कि आए दिन पारिवारिक हिंसा की वीडियो सामने आ रही हैं, हमारा समाज कचरा हो चुका है।

एक यूजर ने लिखा कि आजकल बूढ़े लोग भी कम बदमाश नहीं होते। कुछ कह नहीं सकते कि इसमें गलती किसकी है। @sudeep04928088 यूजर ने लिखा कि पहले जांच होनी चाहिए कि बहू ने सास को पीटा क्यों? एक यूजर ने लिखा कि वैसे आज कल बुजुर्ग लोग कुछ भी बर्दाश्त नहीं कर पाते लेकिन सास की कितनी भी गलती रही हो लेकिन इस तरह पिटाई तो नहीं करनी चाहिए।

बंगाल में केंद्रीय बलों की तैनाती पर आज होगी सुनवाई



नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव के दौरान केंद्रीय बलों की तैनाती के खिलाफ राज्य निर्वाचन आयोग की याचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार हो गया है। सुप्रीम कोर्ट 20 जून को इस मामले पर सुनवाई करेगा। बता दें कि कोलकाता हाईकोर्ट ने बीते दिनों अपने एक फैसले में राज्य में पंचायत चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश दिया था। हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ राज्य निर्वाचन आयोग ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। राज्य निर्वाचन आयोग की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा ने बताया कि आदेश के खिलाफ अपील गत शुक्रवार को दायर की गयी थी लेकिन सुनवाई नहीं हुई। उच्च न्यायालय ने 15 जून को आयोग को निर्देश दिया था कि पंचायत चुनाव के लिए पूरे पश्चिम बंगाल में केंद्रीय बलों की तैनाती के लिए 48 घंटे के अंदर मांग की जाए और उनकी तैनाती की जाए।

मद्रास हाईकोर्ट के एक फैसले के खिलाफ ईडी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। दरअसल मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु के मंत्री और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में गिरफ्तार चल रहे सेंथिल बालाजी को सरकारी अस्पताल के बजाय निजी अस्पताल में इलाज कराने की अनुमति दे दी है। ईडी ने इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर हाईकोर्ट के फैसले का विरोध किया है। ईडी ने याचिका में कहा है कि सेंथिल बालाजी एक ताकतवर व्यक्ति हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने अनेक हज समूह आयोजकों के पंजीकरण प्रमाणपत्रों और कोटा के निलंबन पर रोक लगाने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली केंद्र की याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एम एम सुंदरेश की अवकाशकालीन पीठ ने यह निर्देश दिया।

क्या अर्धसैनिक बलों के 11 लाख जवानों को मिलेगी पुरानी पेंशन



नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में 'पुरानी पेंशन' लागू करने को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट ने जो फैसला सुनाया था, उसमें अब नया मोड़ आ सकता है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 11 जनवरी को दिए अपने फैसले में कहा था कि 'सीएपीएफ' में आठ सप्ताह के भीतर पुरानी पेंशन लागू कर दी जाए। मार्च के दूसरे सप्ताह में जब अदालत की यह अवधि खत्म हुई, तो ऐसी संभावना नजर आने लगी कि अब हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ केंद्र सरकार, सुप्रीम कोर्ट में अपील कर सकती है। उस वक्त केंद्र सरकार, सुप्रीम कोर्ट में तो नहीं गई, मगर अदालत से 12 सप्ताह का समय मांग लिया। खास बात ये रही कि केंद्र सरकार ने हाई कोर्ट के समक्ष जो दलील दी है, उसमें 12 सप्ताह में 'ओपीएस' लागू करने की बात नहीं कही थी। इस मुद्दे पर महज सोच-विचार के लिए केंद्र ने समय मांगा था। इस अवधि में केंद्र सरकार, दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में भी जा सकती है या कानून के दायरे में कोई दूसरा रास्ता भी अख्तियार कर सकती है। केंद्र सरकार ने हाईकोर्ट में दी अपनी याचिका में ये सब अधिकार अपने पास सुरक्षित रखे थे। अब 12 सप्ताह की अवधि भी निकल गई है। केंद्र की ओर से सीएपीएफ में न तो पुरानी पेंशन लागू करने की कोई घोषणा की गई और न ही सुप्रीम कोर्ट में अपील दाखिल की गई।

दिल्ली हाई कोर्ट ने 11 जनवरी को दिए अपने एक एतिहासिक फैसले में 'सीएपीएफ' को 'भारत संघ के सशस्त्र बल' माना है। इन बलों में लागू 'एनपीएस' को स्ट्राइक डाउन करने की बात कही गई। अदालत ने अपने फैसले में कहा था, चाहे कोई आज इन बलों में भर्ती हुआ हो, पहले कभी भर्ती हुआ हो या आने वाले समय में भर्ती होगा, सभी जवान और अधिकारी, पुरानी पेंशन स्कीम के दायरे में आएंगे। इसके बाद लग रहा था कि केंद्रीय गृह मंत्रालय इस फैसले को लागू करने बाबत कोई निर्णय लेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। संसद सत्र के दौरान भी वित्त मंत्रालय से यह सवाल पूछा गया था कि यह फैसला कब लागू होगा। उसके जवाब में कहा गया कि यह मामला केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में आता है। विपक्षी दलों के कई सांसदों ने भी इस मुद्दे पर आवाज उठाई। मार्च में जब आठ सप्ताह की अवधि खत्म हुई, तो सरकार ने दोबारा से 12 सप्ताह का समय मांग लिया। यह माना जा रहा था कि इस अवधि में केंद्र सरकार, कोई न कोई सकारात्मक कदम उठाएगी। सरकार से जुड़े सूत्रों का कहना है, अभी ऐसी कोई सकारात्मक घोषणा होने की उम्मीद बहुत कम है। संभव है कि सरकार, हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सर्वोच्च अदालत में अपील करे। अभी तक सरकार की तरफ अपील फाइल नहीं की गई है, लेकिन दूसरी तरफ ओपीएस की घोषणा भी नहीं हो सकी है।

लाखों पैरामिलिट्री परिवारों में बैचेनी व रोष व्याप्त

केंद्र सरकार को होली तक दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले का पालन करना था, मगर ऐसा नहीं हुआ। अब 12 सप्ताह भी निकल गए हैं। कॉन्फेडरेशन ऑफ एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस मार्टियरस वेलफेयर एसोसिएशन के चेयरमैन एवं पूर्व एडीजी 'सीआरपीएफ' एचआर सिंह कह चुके हैं, अगर केंद्र सरकार इस फैसले के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में जाती है, तो 'पैरामिलिट्री परिवार', पीएम आवास का घेराव करेंगे।

हीट वेव हो रही जानलेवा, यूपी के बलिया में 57 और बिहार में 44 की मौत

इन 5 राज्यों में जारी हुआ अलर्ट

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश से लेकर बिहार तक भीषण गर्मी का कहर जारी है। दोनों राज्यों में हीट वेव से कई मौतें हुई हैं। यूपी के बलिया में पिछले 4 दिन में 57 लोगों की जान गयी है, तो वहीं बिहार में पिछले 24 घंटे में 44 लोगों की मौत हुई है। राजधानी पटना में ही 35 की जान गई है। इसी बीच देश के 5 राज्यों में हीट वेव का अलर्ट जारी किया गया है।

डॉक्टर बोले- अलग-अलग कारणों से हुई मौत

यूपी में मौत की वजह का पता लगाने के लिए लखनऊ से स्वास्थ्य विभाग की एक टीम बलिया पहुंच गई है। बढ़ती गर्मी से मरीज़ों के मृत्यु के आंकड़े बढ़ने पर प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक जिला अस्पताल बलिया, एसके यादव ने कहा कि 15 जून को 154 लोग भर्ती हुए थे, इस दिन अलग-अलग कारणों से 23 लोगों की मौत हुई थी और 16 जून को 137 मरीज भर्ती हुए थे जिनमें 20 लोगों की मृत्यु हुई। 17 जून को 11 रोगियों की मृत्यु हुई है। इसमें मृत्यु के कई अलग-अलग कारण है, इसमें लू लगने संभावना भी है।

बलिया में लू के कहर से चार दिनों में 54 की मौत

डॉ एके सिंह, स्वास्थ्य निदेशक लखनऊ ने कहा कि जो मरीज़ इलाज के लिए आ रहे हैं उनमें ज़्यादा मरीज़ की शिकायत है कि उन्हें पहले सीने में दर्द हुआ, सांस लेने में तकलीफ हुई फिर बुखार हुआ। हम इसमें यूरिन टेस्ट, ब्लड टेस्ट सहित दूसरे टेस्ट करवा रहे हैं। दो ब्लॉक से ज्यादा मरीज आ रहे हैं, इन दोनों ब्लॉक में टीम निरीक्षण के लिए जाएगी। हीट वेव के कारण बीमार और मृत्यु की बात की हम पुष्टि नहीं करते क्योंकि हीट वेव कई जनपदों में चल रही है। वहां से ऐसी कोई शिकायत नहीं आई।

बलिया जिले में भीषण गर्मी और लू के कहर के बीच पिछले चार दिनों में पर 54 लोगों की मौत हो गई है। हालांकि मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी ने रविवार को दावा किया है कि जिले में हीट स्ट्रोक (लू लगने) से अब तक केवल दो लोगों की मौत हुई है। वहीं, बलिया से विधायक और प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि गर्मी के समय मृत्यु दर बढ़ जाती है। इस बीच, मामले को लेकर सरकार द्वारा गठित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की दो सदस्यीय टीम ने रविवार से जांच शुरू कर दी है।

अखिलेश यादव ने सरकार पर साधा निशाना

इस मामले को लेकर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सरकार को घेरते हुए कहा है कि प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। बलिया के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जयंत कुमार ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में दावा किया कि बलिया में हीट स्ट्रोक से अब तक सिर्फ दो लोगों की ही मौत हुई है। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल के अभिलेखों में दर्ज विवरण के अनुसार 40 फीसदी लोगों की बुखार और 60 फीसदी लोगों की अन्य रोगों से मौत हुई है।

वहीं, जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने बताया कि जिला अस्पताल में रोगियों को कोई दिक्कत न हो, इसके लिए सभी इंतजाम किए गए हैं। 15 बिस्तर बढ़ाए गए हैं। इसके साथ ही अस्पताल के कमरों में कूलर पंखे और एयर कंडीशनर लगाए गए हैं।

बिहार के कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट

आईएमडी वैज्ञानिक आशीष कुमार ने कहा कि पटना में 43 डिग्री, गया में 44 डिग्री और औरंगाबाद में भी 43 डिग्री तापमान दर्ज़ किया जा रहा है। अगले 5 दिनों में तापमान में गिरावट हो सकती है। पटना सहित कुछ जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 19 तारीख के बाद से मानसून की स्थिति बन सकती है।

आदिपुरुष के लिए नेहा सिंह राठौर ने मनोज मुंतशिर पर साधा निशाना

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। आदिपुरुष फिल्म के डायलॉग को लेकर खूब विवाद हो रहा है। इस फिल्म को बैन करने की मांग भी हो रही है। हालांकि फिल्म के लेखक और डायरेक्टर ने फिल्म के विवादित संवाद को हटाने की बात कही है। अब लोक गायिका नेहा सिंह राठौर ने गाना जारी कर फिल्म के संवाद लेखक मनोज मुंतशिर शुक्ला पर तीखा हमला बोला है।

नेहा सिंह राठौर ने जारी किया नया गाना

गाने के जरिये नेहा सिंह राठौर ने मनोज मुंतशिर पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि राम नाम को गिरवी रखकर खूब पैसा कमाया है। इस लेखक ने नाम डूबा दिया। जय श्री राम का नारा लगाकर जनता को भरमा दिया है, लेकिन इस बार भांडा फूट गया और चेहरा बेनकाब हो गया है। राष्ट्रवाद के पीछे छुपकर राम का सौदा किया है। हिंदू हित के घोषित रक्षक किस बिल में छुप गये हैं।

'धत्त तेरी की राइटर मऊगा..!'

नेहा सिंह राठौर ने गाने में कहा कि सच-सच बताना कि राम के नाम पर कितना फंडिंग मिला है? रामायण जैसे महाकाव्य का उपहास उड़ाया गया है। नेहा ने इस गाने का नाम 'धत्त तेरी की राइटर मऊगा..!' दिया है। सोशल मीडिया पर नेहा सिंह राठौर के इस गाने पर लोगों की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

सोशल मीडिया यूजर्स की प्रतिक्रियाएं

एक यूजर ने लिखा कि इनका कोई धर्म नहीं होता, सिर्फ पैसा होता है, चाहे जिस रूप में मिले बस मिलना चाहिए। @Imsaurav009 यूजर ने लिखा कि आज पूरा भारत एक साथ खड़े होकर मनोज मुंतशिर को गरिया रहा है। जो एकता आज तक किसी ने नहीं करा पाई वो मनोज मुंतशिर ने करके दिखाई।

ఎస్ఆర్ఎం నిట్టే వర్సిటీల మధ్య ఎంఓయు

-బయోలాజికల్ సైన్స్‌లో సరికొత్త పరిశోధనలే లక్ష్యం

మంగళగిరి, జూన్ 19, ప్రభాతవార్త : మంగళూరులోని నిట్టే డీమ్డ్ వర్సిటీలో ఏపి ఎస్ఆర్ఎం యూనివర్సిటీ అవగాహన ఒప్పందం (ఎంఓయు) కుదుర్చుకుంది. బయోలాజికల్ సైన్స్‌లో బోధన, పరిశోధనలను విస్తృతంగా అభివృద్ధి పరచాలనే లక్ష్యంతో రెండు యూనివర్సిటీల అవగాహన పత్రాలపై సంతకాలు చేశాయి. మంగళూరులోని నిట్టే



(ఎస్ఐటీటీఈ) యూనివర్సిటీలో ఈనెల 16న జరిగిన రెండు వర్సిటీల సమావేశంలో ఏపి ఎస్ఆర్ఎం వర్సిటీ రిజిస్ట్రార్ డాక్టర్ ఆర్.ప్రేమ్‌కుమార్, నిట్టే వర్సిటీ రిజిస్ట్రార్ డాక్టర్ హర్ష హలహళ్ళిలు ఏంఓయు పత్రాలపై సంతకాలు చేశారు. ఈ ఎంవోయు వల్ల రెండు వర్సిటీల మధ్య పరిశోదనల పరంగా సత్సంబంధాలు పెరిగి, విజ్ఞాన మార్పిడి, విద్యా పరమైన నైపుణ్యం అభివృద్ధి జరుగుతుందని నిట్టే యూనివర్సిటీ ఉప కులపతి ఆచార్య ఎంఎస్ మూడితయ్య విశ్వాసాన్ని వ్యక్తంచేశారు. ఈ ఎంఓయు వల్ల రెండు వర్సిటీల మధ్య బలమైన సృజనాత్మక పరిశోధనలు ఆవిష్కరణకు నోచుకుంటాయని, పరిశోధనా రంగ నిపుణులు సలహాలు, సూచనలు ఎంతో ఉపయుక్తంగా మారతాయని ఏపి ఎస్ఆర్ఎం యూనివర్సిటీ వైస్ చాన్సలర్ ఆచార్య మనోజ్‌కుమార్ అరోరా పేర్కొన్నారు. ఏపి ఎస్ఆర్ఎం బయోలాజికల సైన్స్ విభాగాధిపతి డాక్టర్ జయశీలన్, నిట్టే యూనివర్సిటీ అసోసియేట్ ప్రొఫెసర్ డాక్టర్ కృష్ణకుమార్ లు యాంటీ మైక్రోబయల్ నిరోధకత రంగంలో గడిచిన కొన్నేళ్ళుగా పరిశోధనలు సాగిస్తున్నారని, ఇవి ఫలప్రదం కానున్నాయని ఆశాభావాన్ని వ్యక్తంచేశారు. కార్యక్రమంలో పలువురు పరిశోధనా రంగ నిపుణులు కూడా పాల్గొన్నారు.

ఆర్డీవో కార్యాలయ స్పందనకు మూడు అర్జీలు

రేపల్లెరూరల్, జూన్ 19, ప్రభాతవార్త :

రాష్ట్ర ప్రభుత్వం ఉన్నతాధికారుల ఆదేశాల మేరకు ప్రజా సమస్యలను సత్వరమే పరిష్కరించేందుకు డివిజన్ స్థాయిలో స్పందన కార్యక్రమం ఏర్పాటు చేయటం జరిగిందని ఆర్డీవో జగన్నాథం పార్థసారధి అన్నారు. సోమవారం స్థానిక ఆర్డీవో కార్యాలయంలో జరిగిన స్పందన కార్యక్రమానికి మూడు అర్జీలు వచ్చాయన్నారు. ఈ సందర్భంగా ఆయన మాట్లాడుతూ ఇంటిపన్ను రశీదు ఇప్పించాల్సిందిగా ఒకరు, సర్వే చేసి హద్దులు చూపించాల్సిన రెండు అర్జీలు నమోదయ్యాయని ఆయన తెలియచేశారు. ఈ అర్జీలను ఆయా శాఖాలకు పంపి సత్వరమే పరిష్కారమయ్యేలా చర్యలు తీసుకుంటామని ఆయన అన్నారు. ఈ కార్యక్రమంలో డివిజన్‌స్థాయి అధికారులు పాల్గొన్నారు.

రాహుల్ నాయకత్వం దేశానికి తక్షణావసరం

- కాంగ్రెస్ పార్టీ నియోజకవర్గ ఇన్‌చార్జి జక్కా

పొన్నూరు, జూన్ 19, ప్రభాతవార్త: కాంగ్రెస్ అగ్రనేత, భారత యాత్రికుడు రాహుల్ గాంధీ నాయకత్వం ప్రస్తుత దేశ పరిస్థితులకు అవసరమని కాంగ్రెస్ పార్టీ నియోజకవర్గ ఇన్‌చార్జి జక్కా శ్రీనివాసరావు అన్నారు. బహిష్కృత పార్లమెంట్ సభ్యులు రాహుల్‌గాంధీ జన్మదినోత్సవాన్ని పురస్కరించు

కొని పలు సేవా కార్యక్రమాలు నిర్వహించారు. ఈ సందర్భంగా జక్కా మాట్లాడుతూ గత తొమ్మిదేళ్ళ బీజెపి పాలనలో అసత్యం, అధర్మం, అశాంతి, అరాచకాలు నాలుగు స్థంబాలుగా అవినీతి, ఆశ్రితపక్షపాతం రాజ్యమేలుతున్నాయన్నారు. సామాన్యులు అనే రకాలుగా ఇబ్బందులు పడుతున్నారన్నారు. ఇలాంటి పరిస్తితుల్లో రాహుల్ గాంధీ ధీర నాయకత్వం దేశానికి అవసరమన్నారు. అనంతరం వృద్ధాశ్రమాల్లో వృద్దులకు పండ్లు, రొట్టెలు తదితరాలు పంపిణీ చేశారు. ఈ కార్యక్రమంలో తాడిశెట్టి సాంబయ్య, కూరపాటి సతీష్, చలికొండ రవిబాబు, ఫణి, రేవంత్ తదితరులు పాల్గొన్నారు.

కరీముల్లా మృతి పాత్రికేయరంగానికి తీరనిలోటు

- ఎమ్మెల్యే కిలారి వెంకట రోశయ్య

పొన్నూరు, జూన్ 19, ప్రభాతవార్త: సీనియర్ రిపోర్టర్ షేక్ కరీముల్లా మృతి పాత్రికేయ రంగానికి తీరనిలోటని ఎమ్మెల్యే కిలారి వెంకట రోశయ్య అన్నారు. స్థానిక కరీముల్లా నివాసంలో కుటుంబ సభ్యులను పరామర్శించారు. కరీముల్లా మృతికి గల కారణాలను అడిగి తెలుసుకొన్నారు. మంచి వ్యక్తిని కోల్పోయామని విచారం వ్యక్తం

చేశారు. కరీముల్లా తనయుడు నయీంబాషాను ఓదార్చారు. ఎమ్మెల్యే వెంట వ్యవసాయ మార్కెట్‌యార్డు ఛైర్మన్ ఆకుల వెంకటేశ్వరరావు, మైనార్టీ కమీషన్ సభ్యుడు షేక్ సైఫుల్లా, అంజుమన్ కమిటి అధ్యక్షుడు షేక్ మహమ్మద్(మాము), అంబటి వెంకటేశ్వరరావు తదితరులున్నారు.

భూసమస్యలను సంతృప్తికరంగా పరిష్కరించాలి

- తహశీల్దార్ ఎస్.శ్రీకాంత్ కేదార్‌నాధ్

పొన్నూరు, జూన్ 19, ప్రభాతవార్త: జిల్లా కలెక్టర్ ఆదేశాల మేరకు రెవెన్యూ, పోలీసు, మండలస్థాయి అధికారులు సమన్వయంతో పనిచేసి భూసమస్యలను సంతృప్తికరంగా పరిష్కరించాల్సిన అవసరం ఉందని తహశీల్దార్ ఎస్.శ్రీకాంత్ కేదార్‌నాధ్



చెప్పారు. స్థానిక తహశీల్దార్ కార్యాలయంలో సోమవారం పోలీసు, రెవెన్యూ అధికారుల సమావేశంలో ఆయన మాట్లాడారు. ప్రతి సోమవారం సాయంత్రం స్పందనలో వచ్చే భూ కబ్జా, ప్రభుత్వభూమి అక్రమణల గురించి వచ్చే అర్జీలను సంతృప్తికరంగా పరిష్కరించాలని కలెక్టర్ ఆదేశించినట్లు చెప్పారు. అందుకు సంబందించి మండలస్థాయి అధికారులు అందుబాటులో ఉండి కార్యాచరణ రూపొందించాలన్నారు. సమావేశంలో కార్యాలయ సూపరింటెండెంట్ నేలబొట్ల వాసు, డిప్యూటీ తహశీల్దార్ సివిఎల్ ఫణికుమారి, మండల సర్వేయర్ అడపాల సత్యనారాయణ, అర్బన్, రూరల్ సిఐలు మాతంగి బాబి, ప్రభాకరరావు, రూరల్ ఎస్సై బండ్ల భార్గవ్ తదితరులున్నారు.

రూ.2.66లక్షల చెక్కుల పంపిణీ

పొన్నూరు, జూన్ 19, ప్రభాతవార్త: పట్టణంలోని వైఎస్సార్‌కాంగ్రెస్ పార్టీ కార్యాలయంలో సోమవారం ఎమ్మెల్యే కిలారి వెంకట రోశయ్య చేతుల మీదుగా ముఖ్యమంత్రి సహాయనిధి చెక్కులను లబ్దిదారులకు పంపిణీ చేశారు. సుమారు రూ.2.66లక్షల విలువ చేసే చెక్కులను లబ్దిదారులకు అందజేశారు. కిలారి వెంకట రోశయ్య మాట్లాడుతూ



ముఖ్యమంత్రి సహాయనిధి గతంలో ఏ కొద్ది మందికి మాత్రమే ఉపయోగంలో ఉండేదన్నారు. ముఖ్యమంత్రిగా జగన్మోహనరెడ్డి బాధ్యతలు చేపట్టాక ఎంతో మందికి ఈ పథకం ద్వారా లబ్ది చేకూరుస్తున్నారన్నారు. అర్హులైన వారు సద్వినియోగం చేసుకోవాలన్నారు. ఈ కార్యక్రమంలో వ్యవసాయ మార్కెట్‌యార్డు ఛైర్మన్ ఆకుల వెంకటేశ్వరరావు, అంబటి వెంకటేశ్వరరావు, షేక్ సైఫుల్లా, షేక్ మహ్మద్(మాము), దాసరి నారాయణరావు, దేవరకొండ గోపి తదితరులున్నారు.

బాల్యవివాహాలు చట్టరీత్యా నేరం

పొన్నూరు, జూన్ 19, ప్రభాతవార్త: ప్రతి గ్రామాన్ని బాల్యవివాహ రహిత గ్రామంగా తీర్చిదిద్దేందుకు ప్రతి ఒక్కరూ కృషి చేయాలని ఐసిడిఎస్ ప్రాజెక్టు సీడిపిఓ ఎస్.వెంకటరమణ కోరారు. బాల్య వివాహాల నిషేధంకు సంబంధించిన తస్మాత్ జాగ్రత్త అనే శీర్షికతో గోడపత్రికలను మండల విద్యా వనరుల కేంద్రంలో ఎంఈఓ రుద్రపాటి శోభాచంద్ చేతుల మీదుగా ఆవిష్కరించారు. చదివే, వికసించే, చదువుకునే వయస్సులో బాలలకు పెళ్ళి చేయడం నేరమని చెప్పారు. గ్రామాల్లో సర్పంచులు, ఎంపిటీసిలు, ప్రతి పౌరుడు బాల్య వివాహాలను జరుగకుండా అడ్డుకట్ట వేయాలన్నారు. ఎక్కడైనా బాల్యవివాహాలు జరుగుతున్నట్లు దృష్టికి వస్తే టోల్‌ఫ్రీ నెం:18001027222, 1098కు తెలియజేవచ్చున్నారు. ఉపాధ్యాయులు కూడా పాఠశాలల్లో బాల్యవివాహాలపై అవగాహన కల్పించాలని కోరారు. ఈ కార్యక్రమంలో సీఆర్పీలు తదితరులున్నారు.

బాపట్ల జిల్లా వార్త

● వేమూరు ● రేపల్లె ● బాపట్ల ● పర్చూరు ● అద్దంకి ● చీరాల

బుర్రిపాలెంలో మొదలైన 'గడప గడపకు మన ప్రభుత్వం'

-సంక్షేమ పథకాలు అందుతున్న తీరుపై ఎమ్మెల్యే 'అన్నాబత్తుని' ఆరా

తెనాలి, జూన్ 19, ప్రభాత వార్త : రాష్ట్ర ప్రభుత్వం అమలు చేస్తున్న సంక్షేమ అభివృద్ధి పథకాల ద్వారా ప్రజలు లబ్ధిపొందుతున్న తీరును తెలుసుకుంటూ స్థానికంగా ఉండే సమస్యలపై అత్యవసరమైన చర్యలు తీసుకుంటూ చేపడుతున్న గడప గడపకు మన ప్రభుత్వం కార్యక్రమం సోమవారం సాయంత్రం మండలంలోని బుర్రిపాలెం గ్రామంలో ఎమ్మెల్యే అన్నాబత్తుని శివకుమార్ ప్రారంభించారు. గ్రామంలోని సాయిబాబా దేవాలయం వద్ద నుండి మొదలైన కార్యక్రమంలో ఎమ్మెల్యే శివకుమార్ వెంట ఎంపిపి చెన్నుబోయిన శ్రీనివాసరావు, ఎంపిటిసి



గోపిశెట్టి రమాదేవి తదితర వైసిపి నాయకులు సచివాలయ ఉద్యోగులు, వాలంటీర్లు వెంట రాగా ప్రతి గడపకు వెళ్ళి ఆ ఇంట్లో జగనన్న సంక్షేమ ఫలాలు అందుతున్న తీరును ఎమ్మెల్యే శివకుమార్ ఆరా తీశారు. అర్హులైన ప్రతి ఒక్కరికి సంక్షేమం చిత్తశుద్ధితో అందించడమే ముఖ్యమంత్రి జగన్మోహనరెడ్డి ఆశయమని ఆ దిశగా లబ్ధిదారుడుకు నేరుగా సంక్షేమ ఫలాలను అతని ఖాతాలో జమ అయ్యే విధంగా చర్యలు తీసుకుంటూ మధ్యవర్తులకు ప్రమేయం లేని విధంగా సంక్షేమాన్ని అమలు చేస్తున్నారని ఎమ్మెల్యే శివకుమార్ ప్రజలకు వివరించారు. అలాగే రాష్ట్ర ప్రభుత్వం అమలు చేస్తున్న వివిధ సంక్షేమ పథకాల్లో రైతు ప్రయోజనానికి రైతు భరోసా, జలయజ్ఞం, ఆరోగ్యశ్రీ, రైతన్న నేస్తం, వైఎస్ఆర్ సంపూర్ణ పోషణ, అమ్మఒడి తదితర పథకాలు గ్రామంలో అమలవుతున్న తీరును అడిగి తెలుసుకుంటూ మెరుగైన సంక్షేమ రాజ్యం కోసం మరోసారి జగనన్నను ముఖ్యమంత్రిగా చేసుకోవాల్సిన అవసరాన్ని ప్రజలకు వివరించారు. ఈ కార్యక్రమంలో పలువురు మండల స్థాయి పార్టీ నాయకులు, కార్యకర్తలు, వివిధ విభాగాల అధికారులు, కార్యకర్తలు పాల్గొన్నారు.

మునిసిపల్ అసిస్టెంట్ కమీషనర్‌గా అనూష

తెనాలి, జూన్ 19, ప్రభాతవార్త : తెనాలి మున్సిపల్ అసిస్టెంట్ కమీషనర్‌గా కె.అనూష సోమవారం బాధ్యతలు చేపట్టారు. సహచర ఉద్యోగులు ఆమెకు సాదర స్వాగతం పలుకుగా అనంతరం అసిస్టెంట్ కమీషనర్ అనూష స్థానిక ఎమ్మెల్యే అన్నాబత్తుని శివకుమార్ కార్యాలయానికి వెళ్ళి మర్యాదపూర్వకంగా కలసి పుష్పగుచ్చాని అందించారు. పాలనా పరమైన అంశాల్లో స్పష్టమైన వైఖరి అవలంభిస్తూ మంచి పేరు తెచ్చుకోవాలని ఎమ్మెల్యే శివకుమార్ అభిలషించారు.

'స్పందన' కు రెవెన్యూ సమస్యలే అధికం

తెనాలి, జూన్ 19, ప్రభాతవార్త : సోమవారం స్థానిక సబ్ కలెక్టర్ కార్యాలయంలో నిర్వహించిన స్పందన సదస్సులో రెవెన్యూ డిపార్టుమెంట్ సమస్యలే అధికంగా వచ్చాయని నూతన పరిపాలనాధికారి వెంకట స్వామి తెలిపారు. వచ్చిన మూడు అర్జీల్లో అడంగళ్ సవరణ, సర్వే దృవీకరణ, విద్యుత్‌బోర్ సర్టిఫికేట్ కోసం దరఖాస్తులు వచ్చాయన్నారు. పంచాయితీలకు సంబంధించి మురుగు కాల్వల పనులు, పోలీసు విభాగానికి సంబంధించి భర్త

వేదింపులు, వృద్దులకు కుటుంబ సభ్యుల నుంచి నిరాదారణ, డ్వాక్రా హక్కులకు సంబంధించి మొత్తం 8ఫిర్యాదులు వచ్చాయని వీటిని నిర్ణిత వ్యవధిలో పరిష్కరించే ఆయా విభాగాల అధికారులకు పంపించడం జరిగిందని వెంకట స్వామి తెలిపారు. స్థానికంగా డిఏవోగా పని చేసిన బి.వెంకటేశ్వర్లు తహశీల్దార్‌గా మేడికొండూరు బదిలీ అయిన క్రమంలో వెంకటస్వామి తెనాలిలో పరిపాలనాధికారిగా బాధ్యతలు తీసుకున్నారు.

చంద్రబాబుకు పార్టీశ్రేణుల ఘనస్వాగతం

భట్టిప్రోలు, జూన్ 19, ప్రభాతవార్త : చెరుకుపల్లి మండలం ఉప్పలవారిపాలెంలో ఈనెల 16వ తేదిన హత్యకు గురి కాబడిన ఉప్పాల అమర్నాథ్ కుటుంబ సభ్యులను పరామర్శించేందుకు రాష్ట్ర మాజీ ముఖ్యమంత్రి తెలుగుదేశం పార్టీ జాతీయ అధ్యక్షులు నారా చంద్రబాబునాయుడు సోమవారం సాయంత్రం మండలంలోని గ్రామాలలో భారీ కాన్వాయ్‌తో ప్రయాణించి చెరుకుపల్లి మండలం చేరుకున్నారు. మధ్యాహ్నం మంగళగిరి పార్టీ ప్రదాన కార్యాలయం నుండి బయలుదేరిన చంద్రబాబునాయుడు తెనాలి, పెదరావూరు, జంపని, వేమూరు, కొల్లూరు మీదుగా భట్టిప్రోలు మండలంలోని వెల్లటూరు గ్రామానికి వస్తున్న చంద్రబాబునాయుడు మరియు మాజీ మంత్రులు నక్కా ఆనందబాబు, ఆలపాటి రాజేంద్రప్రసాద్, మాజీ ఎంపీ శ్రీరామ్ మాల్యాద్రి, మాజీ ఎమ్మెల్యేలు

ముమ్మనేని వెంకట సుబ్బయ్య, తెనాలి శ్రావణ్‌కుమార్ తదితర నాయకులు బారీ కాన్వాయ్‌కి వెల్లటూరు గ్రామ తెలుగుదేశం పార్టీ అధ్యక్షులు మోటూరు పుణ్య శ్రీనివాసరావు ఆధ్వర్యంలో తెలుగుదేశం పార్టీ నాయకులు కార్యకర్తలు, అభిమానులు ఘన స్వాగతం పలికారు. వెల్లటూరు లాకన సెంటర్లో బాణాసంచా పేల్చి టపాకాయలు కాల్చి తెలుగు యువత కార్యకర్తలు కోలాహలంగా నినాదాలు చేశారు. కాన్వాయ్ సమీపించటంతో అధిక సంఖ్యలో పార్టీ శ్రేణులను చూసిన చంద్రబాబునాయుడు కారు దిగి నాయకులతో మాట్లాడారు. రాష్టంలో రాజ్యమేలుతున్న అరాచక పాలనకు స్వస్తి పలికేందుకు పార్టీ కుటుంబ సభ్యులు ప్రతి ఒక్కరూ పట్టుదలతో కృషి చేయాలని ఆయన అన్నారు. ఈ సందర్భంగా వర్ధిల్లాలి చంద్రబాబు నాయకత్వం, జోహార్ ఎన్టీఆర్, జై తెలుగుదేశం జై నారా లోకేష్ అనే నినాదాలు మిన్నంటాయి. అనంతరం వెల్లటూరు నుంచి భట్టిప్రోలు బస్టాండ్ సెంటర్లో పార్టీ శ్రేణులు స్వాగతం పలికారు. ఈ కార్యక్రమంలో ఎంపీటీసీ సభ్యులు వాకా వెంకట నారాయణ, మండల పార్టీ అధ్యక్షులు వాకా శేషబాబు, మాజీ అధ్యక్షులు ఎర్రంశెట్టి కరుణ శ్రీనివాసరావు, నూతక్కి దినకరబాబు, మన్యం రామకృష్ణ, లంకోజి మల్లేశ్వరరావు, గోపాలం సుబ్బారావు, కేతావత్‌కుమార్, గుంటూరు రాంబాబు, జంపని వీరయ్య, డొక్కు రామస్వామి, కాట్రగడ్డ నాగమల్లేశ్వరరావు, గొట్టిపాటి కృష్ణ, పొట్లూరి ఆది, మాజీ వైస్ ఎంపీపీలు ఎడ్ల జయశీలరావు, కనపర్తి సుందరరావు, కొన్నిపాటి లోకానంద్, వంగర చలమయ్య, ఆదినబసవ పున్నయ్య, వలి, తుపాకుల సమత, శనగపల్లి శ్రీనివాసరావు, మద్దుల గోవిందరాజులు, కళాధర్ లోకేష్, గొట్టుముక్కల లెనిన్, కౌతవరపు శివ నాగేశ్వరరావు, శ్రీను తదితరులు పాల్గొన్నారు.

ఉపాధిహామీ పనులను పేదప్రజలు సద్వినియోగించుకోవాలి

కొల్లిపర, జూన్ 19 ప్రభాతవార్త: పేద ప్రజలు మహాత్మా గాంధీ జాతీయ గ్రామీణ ఉపాధి హామీ పథకాన్ని సద్వినియోగించుకోవాలనిడిఆర్‌డిఏ ఏపిఓ లక్ష్మీపతి అన్నారు. సోమవారం మండల పరిధిలోని వల్లభాపురం, కొల్లిపర, మున్నంగి దంతలూరులో జరుగుతున్న ఉపాధి హామీ పనులను ఆయన పరిశీలించారు. కూలీలకు వేసవిలో తీసుకోవలసిన జాగ్రత్తలు గురించి వివరించారు. ఈ సందర్భంగా లక్ష్మీపతి మాట్లాడుతూ ఉపాధిహామీ పథకం

ద్వారా పేద ప్రజల ఆర్థిక పరిస్థితి మెరుగుపడే అవకాశం ఉందన్నారు. పేద ప్రజల కోసమే ఈ పథకాన్ని ప్రవేశపెట్టడం జరిగిందన్నారు. ఉపాధిపనుల్లో పాల్గొనే కూలీలకు చేసిన పనులను బట్టి వేతనం ఇవ్వటం జరుగుతుందన్నారు. ఉష్ణోగ్రతలు రోజు రోజుకు పెరుగుతున్నాయని, కావున కూలీలు తగిన జాగ్రత్తలు తీసుకోవాలన్నారు. కార్యక్రమంలో కార్యదర్శులు అలకనంద, భార్గవ్, ఫీల్డ్ అసిస్టెంట్లు కనపర్తి సాగర్, వల్లభాపురం బుజ్జిబాబు, రాజేంద్ర, కోటేశ్వరరావు తదితరులు పాల్గొన్నారు.

పోలీస్ సిబ్బంది కుటుంబాలకు అండగా ఉంటూ సమస్యల పరిష్కారానికి కృషి చేస్తాం

బాపట్ల. జూన్19, ప్రభాతవార్త :

పోలీస్‌సిబ్బంది కుటుంబాలకు అండగా ఉంటూ వారి సమస్యల పరిష్కారానికి ఎప్పుడూ సిద్దంగా ఉంటామని జిల్లా ఎస్పీ వకుల్ జిందాల్ అన్నారు. గుండె పోటుతో మృతి చెందిన హెడ్ కానిస్టేబుల్ తన్నీరు వెంకటేశ్వరరావు సతీమణికి ప్లాగ్ ఫండ్, విడో ఫండ్ చెక్కులను సోమవారం స్థానిక ఎస్పీ కార్యాలయంలో అందజేసారు. ఈ సందర్భంగా జిల్లా ఎస్పీ వకుల్ జిందాల్ మాట్లాడుతూ అద్దంకి పోలీస్ స్టేషన్‌లో హెడ్ కానిస్టేబుల్‌గా విదులు నిర్వహిస్తూ హెచ్‌సి 1863 తన్నీరు వెంకటేశ్వరరావు ఏప్రియల్ 17వ తేదిన గుండెపోటుతో మృతి చెందారన్నారు. హెడ్ కానిస్టేబ్ సతీమణి నాగలక్ష్మి కి రూ. 50వేల విడో ఫండ్ చెక్కు, రూ.25వేల ప్లాగ్ ఫండ్ చెక్కులను అందించటం జరిగిందన్నారు. పోలీస్ శాఖలో అంకిత భావంతో విదులు నిర్వహించే సిబ్బంది మరణించడం బాధాకరణమన్నారు. అటువంటి కుటుంబాలకు పోలీస్ శాఖ ఎల్లప్పుడూ అండగా ఉంటుందన్నారు. ఏదైనా సమస్య వచ్చిన ,ఏ సహాయం కావాలన్నా తక్షణం స్పందించి సహాయం అందించడానికి పోలీస్ శాఖ సంసిద్దంగా ఉంటుందని భరోసా ఇచ్చారు. ప్రభుత్వం నుంచి రావల్సిన బెనిఫిట్స్ త్వరిత గతిన అందేలా చూస్తామన్నారు. ఈ కార్య క్రమంల ఓ డిసిఓ బి సెక్షన్ సూపర్నిటెంట్ కె.రాధిక పాల్గొన్నారు.

అక్రమణలకు గురవుతున్న కుందేరు కాలువను కాపాడండి

అంతరించి పోతున్న కుందేరు కాలువను పునరుద్దరించండి

బాపట్ల. జూన్19, ప్రభాతవార్త :



చీరాల పరిసర ప్రాంతాల మురుగు నీటి పారుదలకు అనువైన సహజ సిద్దంగాద ఏర్పడ్డ కుందేరు కాలువ అక్రమణలకు గురవుతందని అక్రమణలు తొలగించి నిటి పారుదలకు అనువుగా అభివృద్ది చేయాలని ఉమ్మడి ఆంధ్రప్రదేశ్ మాజి మంత్రి పాలేటి రామారావు జిల్లా కలెక్టర్ పి.రంజిత్‌బాషాను కోరారు. స్థానిక జిల్లా కలెక్టర్ కార్యాలయంలో ని స్పందన సమావేశపు మందిరంలో నిర్వహించిన స్పందన కార్యక్రమంలో జిల్లా కలెక్టర్‌కు మాజి మంత్రి వినతి పత్రాన్ని అందించారు. ఈ సందర భ్ంగా మాజి మంత్రి పాలేటి రామారావు మాట్లాడుతూ కుందేరు మురుగు కాలువ బాపట్ల మండలం ప్యార్లీ డ్రైయిన్ వద్ద నుంచి ప్రారంభమై సముద్ర తీరానికి 6 నుంచి 8 కిలోమీటర్ల దూరంలో సముద్ర తీరానికి సమాంతరంగా బాపట్ల, చీరాల, వేటపాలెం, చిన్నగంజాం మండలాలో దాదాపు 43 కిలోమీటర్లలో ప్రయాణం చేసి చిన్నగంజాం వద్ద సముద్రంలో కలుస్తుందన్నారు. నాల్గు మండలాలతో పాటు చీరాల పట్టణంలోని వర్షపు నీరు ,వరద నీరు ఈ మరుగు కాలువ ద్వారానే సముద్రంలోకి పొతుందన్నారు. దాని పూడికలు తీయడానికి ప్రభుత్వం నిధులు మంజూరు చేయడం లేదన్నారు. అందువలన నీటి ప్రవాహం సరిగా ఉండదని ఆయన తెలిపారు. అధికారులు కుందేరు కాలువ పూడికలు తీయక పొగా వేల ట్రాక్టర్‌తో మట్టితో కొత్తపేట గ్రామం వద్ద కాలువను పూడ్చేస్తున్నారన్నారు. కుందేరు కాలువ అన్యాక్రాంత అవుతున్నా డ్రైనేజ్, పంచాయితి రాజ్ ఇఇలు, కొత్తపేట గ్రామ పంచాయితీ కార్యదర్శి పట్టించుకోవడం లేదన్నారు. సమస్యను పరిశీలించి తగు చర్యలు తీసుకోవాలని కోరుతున్నామన్నారు.

భావి భారత ప్రధాని రాహుల్ గాంధీ

-రాహుల్‌గాంధీ జన్మదినోత్సవంసందర్భంగా రోగులకు పండ్లు పంపిణీ

కర్లపాలెం, జూన్19. ప్రభాతవార్త: భావి భాతర ప్రధాని రాహుల్ గాంధీ అని ప్రస్తుతం ప్రజలు రాహుల్‌గాంధీ న్యాయకత్వాన్ని కోరుకుటున్నారని కాంగ్రెస్‌పార్టీ నాయకులు అన్నారు. రాహుల్ గాంధీ జన్మదినం సందర్భంగా పాత బస్టాండ్ అవరణలో జిల్లా కాంగ్రెస్‌పార్టీ అద్యక్షులు గంటా

అంజిబాబు అదేశాల మేరకు భారీ కేక్‌ను కట్‌చేశారు. అనంతరం ఏరియా వైద్యశాలలో రోగులకు పండ్లు, రొట్టెలె పంపిణి చేశారు.. ఈ సందర్బంగా పట్టణ పార్టీ అద్యక్షులు దేవరాజ్ మాట్లాడుతూ బిజెపి పాలనతో ప్రజలు విసిగెత్తిపోయారని ప్రస్తుత భారతదేశ ప్రజలు న్యాయకత్వం కోరుకుంటున్నారన్నారు. దేశాభివృద్ధి ప్రజా శ్రేయస్సు కాంగ్రెస్‌పార్టీ విధివిధానాల ద్వారానే సాధ్యమన్నారు. దేశానికి, రాష్టానికి ప్రస్తుతం కాంగ్రెస్‌పార్టీ ఎంతైన అవసరం అని ప్రజలు బావిస్తున్నారు. రాహుల్ గాంధీ జన్మదినోత్సవాన్ని పురస్కరించుకుని పట్టణంలో పలు సేవా కార్యక్రమాలు చెపట్టడం జరిగిందన్నారు. అనంతరం ఏరియా వైద్యశాలలో రోగులకు పండ్లు, రొట్టెలు పంపిణి చేశారు. ఈ కార్యక్రమంలో పార్టీ సీనియర్ నాయకులు, జిల్లా మైనార్టీ కాంగ్రెస్ అధ్యక్షులు రాజేష్ పఠాన్, చింతా బాబూరావు, దోనెపూడి రవి, రేణుకా, రోశయ్య, లాజర్, మహిళా నాయకురాలు రేణుక, తదితరులు పాల్గొన్నారు.

21నుంచి తాడేపల్లి నారా లోకేష్ క్రీడా ప్రాంగణంలో వాలీబాల్ లీగ్-2 పోటీలు

తాడేపల్లి, జూన్ 19, ప్రభాతవార్త : తాడేపల్లి నారా లోకేష్ క్రీడా ప్రాంగణంలో ఈనెల21వ తేది నుంచి మంగళగిరి వాలీబాల్ లీగ్-2 పేరుతో నిర్వహించే వాలీబాల్ పోటీల్లో 32జట్లు పాల్గొననున్నాయి. వీటికి సంబంధించి తాడేపల్లి నారా లోకేష్ క్రీడా ప్రాంగణంలో సోమవారం సాయంత్రం డ్రా తీశారు. పేర్లు నమోదు చేసుకున్న 32 జట్ల కెప్టెన్‌ల సమక్షంలో టిడిపి నాయకులు డ్రా తీశారు. మొత్తం 5దశలుగా మంగళగిరి వాలీబాల్ లీగ్-2 పోటీలు జరగనున్నాయి. అన్ని దశలకు ఆయా జట్ల కెప్టెన్ల మధ్య డ్రా తీశారు. పోటీపడనున్న అన్ని జట్లు గురించి తెలియజేశారు. ఈ సందర్భంగా నియోజకవర్గ సమన్వయకర్త నందం అబద్దయ్య మాట్లాడుతూ నారా లోకేష్ సహకారంతో ఈనెల 21 నుంచి 25వరకు తాడేపల్లి పట్టణ బైపాస్ వెంబడి ఉన్న నారా లోకేష్ క్రీడా



ప్రాంగణంలో మంగళగిరి వాలీబాల్ లీగ్-2 (ఎంవిఎల్-2)పేరుతో వాలీబాల్ టోర్నమెంట్ నిర్వహిస్తున్నట్లు చెప్పారు. పోటీలో విజేతలకు ప్రధమ బహుమతి కింద రూ.50వేలు, ద్వితీయ బహుమతి కింద రూ.30వేలు, తృతీయ బహుమతి కింద రూ.20వేలు నగదు బహుకరించనున్నట్లు నందం అబద్దయ్య వివరించారు. మంగళగిరి నియోజకవర్గ క్రీడాకారులు రాష్ట్ర, జాతీయ, అంతర్జాతీయ స్థాయిలో రాణించడమే లక్ష్యంగా నారా లోకేష్ సొంత నిధులతో మంగళగిరి, తాడేపల్లిలో నారా లోకేష్ క్రీడా ప్రాంగణాలు ఏర్పాటు చేసినట్లు తెలిపారు. గతంలో మంగళగిరి ప్రీమియర్ లీగ్ పేరుతో క్రికెట్ పోటీలను, మంగళగిరి వాలీబాల్ లీగ్ పేరిట వాలీబాల్ పోటీలను విజయవంతంగా నిర్వహించినట్లు పేర్కొన్నారు. రానున్న రోజుల్లో మరిన్ని క్రీడలను ప్రోత్సహించే విధంగా టోర్నమెంట్లను నారా లోకేష్ సహకారంతో నిర్వహించడం జరుగుతుందని నందం అబద్దయ్య అన్నారు. కార్యక్రమంలో దుగ్గిరాల మండల పార్టీ అధ్యక్షులు కేశంనేని శ్రీఅనిత, మంగళగిరి పట్టణ ప్రధాన కార్యదర్శి షేక్ రియాజ్, తాడేపల్లి మండల ప్రధాన కార్యదర్శి కొల్లి శేషు, మంగళగిరి పట్టణ తెలుగు యువత అధ్యక్షులు భోగి వినోద్, తోట సాంబశివరావు, తదితరులు పాల్గొన్నారు.

కాంగ్రెస్ పార్టీ కార్యాలయంలో రాహుల్‌గాంధీ పుట్టినరోజు వేడుకలు

మంగళగిరి, జూన్ 19, ప్రభాతవార్త : మంగళగిరి పట్టణంలోని కాంగ్రెస్ పార్టీ కార్యాలయంలో ఇన్‌చార్జ్ షేక్ సలీమ్ ఆధ్వర్యంలో రాహుల్‌గాంధీ పుట్టినరోజు వేడుకలు ఘనంగా నిర్వహించారు. ఈ సందర్భంగా సలీమ్ మాట్లాడుతూ భారతదేశానికి రాహుల్‌గాంధీ ప్రధాని కావాలని ఆకాంక్షించారు. కార్యక్రమంలో కాంగ్రెస్ పార్టీ నాయకులు తదితరులు పాల్గొన్నారు. తొలుత కాంగ్రెస్ పార్టీ నియోజకవర్గ ఇన్‌చార్జ్ సలీం కేక్ కట్ చేసి మిఠాయిలు పంపిణీ చేశారు.

వేమారెడ్డిని కలసిన ఎంపీ బాలశౌరి

తాడేపల్లి, జూన్ 19, ప్రభాతవార్త : మంగళగిరి తాడేపల్లి నగరపాలక వైసీపీ అధ్యక్షులుగా ఇటీవల నియమితులైన దొంతిరెడ్డి వేమారెడ్డిని మచిలీపట్నం ఎంపి వల్లభనేని బాలశౌరి తాడేపల్లి వేమారెడ్డి నివాసంలో మర్యాదపూర్వకంగా కలసి అభినందనలు తెలిపారు. ప్రస్తుత రాజకీయాలపై చర్చించిన బాలశౌరి, వేమారెడ్డి. ఈ భేటీలో దుగ్గిరాల మాజీ జెడ్పిటీసీ జయలక్ష్మి, మంగళగిరి మాజీ ఎంపిపి మున్నంగి గోపిరెడ్డి, ఎడ్లసాయి, కేపి పాల్గొన్నారు.

रथ यात्रा में भाई-बहन संग भगवान जाते हैं मौसी के घर

आज निकलेगी दो रथ यात्रा, भगवान जगन्नाथ भक्तों को देंगे दर्शन

आषाढ़ महीने के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि से उड़ीसा के पूरी में स्थित जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाती है। इस पूरे 10 दिनों के उत्सव को काफी धूमधाम से मनाया जाता है। जबकि, इस साल जगन्नाथ रथ यात्रा 20 जून 2023 को निकाली जाएगी, जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। धार्मिक मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ की इस रथ यात्रा में शामिल होने वाले भक्त को सभी तीर्थों के फल मिलते हैं। आइए भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के बारे में जानते हैं।

दरअसल, सनातन धर्म में भगवान जगन्नाथ को भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। जिनके नाम का अर्थ पूरे जगत के नाथ या फिर कहें ब्रह्मांड का स्वामी होता है।दुनिया भर में प्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा जिस शहर में हर साल निकलती है, उसे श्रीजगन्नाथ पुरी के नाम से भी जाना जाता है।रथयात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की प्रतिमाओं को रथ में बैठाकर नगर भ्रमण कराया जाता है।

रथ यात्रा में भाई-बहन संग भगवान जाते हैं मौसी के घर

धार्मिक मान्यता के अनुसार जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान रथ पर सवार होकर भगवान जगन्नाथ मौसी के घर गुंडिचा जाते हैं। गुंडिचा मंदिर को भगवान जगन्नाथ की मौसी का घर माना गया है। जिसमें भगवान जगन्नाथ अपनी बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के साथ भ्रमण के लिए जाते हैं। जोकि एक हफ्ते तक वहीं ठहरते हैं। जहां पर उनका काफी आदर-सत्कार होता है।

माना जाता है कि मौसी के घर पर भाई बहन संग भगवान खूब पकवान खाते हैं, जिसके बाद वे करीब 15 दिन के लिए बीमार भी पड़ जाते हैं। इसके बाद वो अज्ञातवास में चले जाते हैं। भगवान के स्वस्थ्य होने के बाद ही भक्तों को दर्शन देते हैं। इसके बाद जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाती है।

रथ यात्रा पर्व का क्या है धार्मिक महत्व ?

कथा पुराणों के अनुसार, माना जाता है कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में शामिल होने से साधक को 100 यज्ञों के बराबर पुण्य का फल मिलता है। इसके कारण ही दुनिया भर से लोग अपनी और अपने परिवार की खुशहाली और मनोकामना के लिए इस रथयात्रा में शामिल होने के लिए पहुंचते हैं।बता दें कि, इस रथ यात्रा के अलावा देश के दूसरे भाग में भी इस यात्रा को धूम-धाम से मनाया जाता है।

जगन्नाथ रथ यात्रा की 10 बातें

1. पुरी रथयात्रा के लिए बलराम, श्रीकृष्ण और देवी सुभद्रा के लिए तीन अलग-अलग रथ निर्मित किए जाते हैं। रथयात्रा में सबसे आगे बलरामजी का रथ, उसके बाद बीच में देवी सुभद्रा का रथ और सबसे पीछे भगवान जगन्नाथ श्रीकृष्ण का रथ होता है। इसे उनके रंग और ऊंचाई से पहचाना जाता है।

2.बलरामजी के रथ को 'तालध्वज' कहते हैं, जिसका रंग लाल और हरा होता है। देवी सुभद्रा के रथ को 'दर्पदलन' या 'पद्म रथ' कहा जाता है, जो काले या नीले और लाल रंग का होता है, जबकि भगवान जगन्नाथ के रथ को ' नंदीघोष' या 'गरुड़ध्वज' कहते हैं। इसका रंग लाल और पीला होता है।

3. भगवान जगन्नाथ का नंदीघोष रथ 45.6 फीट ऊंचा, बलरामजी का तालध्वज रथ 45 फीट ऊंचा और देवी सुभद्रा का दर्पदलन रथ 44.6 फीट ऊंचा होता है।

4.सभी रथ नीम की पवित्र और परिपक्व काष्ठ (लकड़ियों) से बनाए जाते हैं, जिसे 'दारु' कहते हैं। इसके लिए नीम के स्वस्थ और शुभ पेड़ की पहचान की जाती है, जिसके लिए जगन्नाथ मंदिर एक खास समिति का गठन करती है।

5.इन रथों के निर्माण में किसी भी प्रकार के कील या कांटे या अन्य किसी धातु का प्रयोग नहीं होता है। रथों के लिए काष्ठ का चयन बसंत पंचमी के दिन से शुरू होता है और उनका निर्माण अक्षय तृतीया से प्रारम्भ होता है।

6. जब तीनों रथ तैयार हो जाते हैं, तब 'छर पहनरा' नामक अनुष्ठान संपन्न किया जाता है। इसके तहत पुरी के गजपति राजा पालकी में यहां आते हैं और इन तीनों रथों की विधिवत पूजा करते हैं और 'सोने की झाड़ू' से रथ मण्डप और रास्ते को साफ़ करते हैं।

7. आषाढ़ माह की शुक्लपक्ष की द्वितीया तिथि को रथयात्रा आरम्भ होती है। ढोल, नगाड़ों, तुरही और शंखध्वनि के बीच भक्तगण इन रथों को खींचते हैं। कहते हैं, जिन्हें रथ को खींचने का अवसर प्राप्त होता है, वह महाभाग्यवान माना जाता है।

8. जगन्नाथ मंदिर से रथयात्रा शुरू होकर पुरी नगर से गुजरते हुए ये रथ गुंडीचा मंदिर पहुंचते हैं। यहां भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा सात दिनों के लिए विश्राम करते हैं। गुंडीचा मंदिर में भगवान जगन्नाथ के दर्शन को 'आड़प-दर्शन' कहा जाता है।

9. गुंडीचा मंदिर को 'गुंडीचा बाड़ी' भी कहते हैं। यह भगवान की मौसी का घर है। इस मंदिर के बारे में पौराणिक मान्यता है कि यहीं पर देवशिल्पी विश्वकर्मा ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी की प्रतिमाओं का निर्माण किया था।

10. आषाढ़ माह के दसवें दिन सभी रथ पुन: मुख्य मंदिर की ओर प्रस्थान करते हैं। रथों की वापसी की इस यात्रा की रस्म को बहुड़ा यात्रा कहते हैं।

महामहिम आचार्य महाप्रज्ञ

मुनि चैतन्य कुमार अमन

यद्यपि वे एक धर्मसंघ के आचार्य बने पर उनका चिंतन सदैव ही असाम्प्रदायिक ही रहा। सम्प्रदाय को वे संघीय व्यवस्था मानते थे। उनके कार्य जैन शासन की प्रभावना तथा मानवता की सेवा के सदर्भ में थे। इसी बात को सामने रखकर सदा अपने प्रवचनों में सार्वभौम और सार्वजनीन हितोपदेश के रूप में कराते थे। यहां तक जीवन में नवमें दसक में उन्होंने अहिंसा यात्रा की। सत्वेषु मैत्री की प्रबल भावना से उन्होनें पंचवर्षीय यात्रा के दौरान जन-जन को नैतिकता, सद्भावना और भाईचारे का संदेश दिया। जातिवाद प्रांतवाद, सम्प्रदायवाद व्यक्ति और समाज में अलगाव पैदा करता है। अतः इसे कभी महत्व नहीं दिया। अतः भारत की अनेक महान हस्तियां उनके चरणों में आकर मार्गदर्शन प्राप्त करती रही चाहे वे राजनेता, समाजनेता, धर्मगुरू आदि किसी संस्था या संघ से जुडे हुए क्यों नहीं थे। एक बार राष्ट्रपति अब्दुल कलाम उनके चरणों में आए तो महाप्रज्ञ ने एक ऐसी बात कही कि महाप्रज्ञ के फैन हो गए। महाप्रज्ञ ने कहा कलाम साहब आपने अनेक मिसाईले बनाई है किंतु अब शान्ति की मिसाईल बनाईए। इस बात से वे इतने प्रभावित हुए कि प्रतिवर्ष महाप्रज्ञ के चरणों में आने लग गए। जब सूरत में आचार्य महाप्रज्ञ चातुर्मास करवा रहे थे तो वे अपना जन्मदिन मनाने व आशीर्वाद लेने पहुंच गए और एक शानदार कार्यक्रम आयोजित हुआ। फिर एक पुस्तक का निर्माण हुआ जो आचार्य महाप्रज्ञ और अब्दुल कलाम की रचनाओं को सम्मिलित रूप में प्रकाशित हुई।

आचार्य महाप्रज्ञ द्वारा आगम सम्पादन के साथ साहित्य के क्षेत्र में दो सौ से अधिक पुस्तके प्रकाशित हुई है। उनका वह साहित्य आज भी जन-जन का मार्गदर्शन कर रहा है। हम उनके जन्मदिन पर यही भावना करते है कि उनके द्वारा प्राप्त अवदानों से मार्गदर्शन से अपने साधना वैभव को बढ़ाते रहे तथा उनकी आचार-निष्ठा, संयम प्रियता, सरलता, गंभीरता, सहिष्णुता के साथ मानवता, नैतिकता व भाईचारे की भावना को विकसित कर सकें। हम भी जीएं सरलता से चले सजगता से कहें सुगमता से रहे निस्पृहता से, सहे सहनशीलता व समता से माने कृतज्ञता से उन कुशल नेतृत्व प्रदान कर्ता आचार्य श्री महाप्रज्ञ के प्रति उनके 104 वें जन्मदिन पर कृतज्ञ भाव से चैतन्य का वंदन-वंदन-वंदन।।

क्या कहूं, कैसे कहूँ बात सूरज की दीपक की जुबानी है।
जो कहूं जितना कहूं अल्प ही होगा, सागर की गाथा, बूंद की कहानी है।।

घर में लगा लिया स्नेक प्लांट तो 5 चमत्कार होंगे

आपने मनी प्लांट, बैम्बू प्लांट, क्रसुला ओवाटा आदि कई इंडोर प्लांट के नाम सुने होंगे परंतु स्नेक प्लांट का नाम कम ही सुना होगा। आजकल इस प्लांट की खूब चर्चा होती है और अब तो इसे घर के साथ ही चौराहों पर भी लगाया जाने लगा है।

क्या है स्नेक प्लांट : स्नेक एक सामान्य हाउसप्लांट है जिसे संसेविया ट्रिफसिआटा भी कहा जाता है। इसे 'एयर प्यूरीफायर' भी कहते हैं। यह तलवार या सांप के आकार का पौधा होता है। इसे अक्सर घर की सजावट के रूप में किया जाता। इसे बढ़ने के लिए ज्यादा पानी की जरूरत नहीं लगती है। इसकी पत्तियां जहरीली होती है इसलिए बच्चों की पहुंच से इसे दूर रखें या सावधानी बरतें।

स्नेक प्लांट लगाने के फायदे:

यह घर की हवा को शुद्ध करता है और ऑक्सिजन के लेवल को बढ़ाता है।

इससे घर में सुख और शांति कायम होती है जिससे धन समृद्धि के मार्ग खुल जाते हैं।

स्नेक प्लांट लगाने से व्यक्ति के घर की कई समस्याओं से छुटकारा मिलता है।

स्नेक प्लांट कैंसर पैदा करने वाले प्रदूषकों को हवा से कम करता है।

पौधे की पत्तियों का उपयोग घाव, जलन व सूजन पर किया जा सकता है।

गुप्त नवरात्रि में मनचाहा वरदान पाने के लिए ऐसे करें देवी दुर्गा के 9 रूपों की पूजा

आषाढ़ महीने की गुप्त नवरात्रि 19 जून से शुरू हो गई है। इस दौरान देवी के 9 रूपों की पूजा पूरे धूमधाम से की जाएगी। गुप्त नवरात्रि की शुरुआत हर साल आषाढ़ महीने में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से ही होती है। इस साल गुप्त नवरात्रि 19 जून से शुरू होकर 28 जून तक चलेगी।आषाढ़ महीने में पड़ने वाली गुप्त नवरात्रि देवी दुर्गा के 9 रूपों की पूजा के लिए काफी शुभ मानी जाती है। इस दौरान जो भी भक्त पूरे श्रद्धा भाव से देवी की आराधना करता है उसको मनचाहा आशीर्वाद मिलता है। मान्यता है कि गुप्त नवरात्रि में माता की पूजा भी गुप्त रूप से ही करनी चाहिए। इस दौरान देवी का महिमा मंडन नहीं करना चाहिए।गुप्त नवरात्रि में गुप्त रूप से की गई पूजा ही शुभ फलदायी होती है।

गुप्त नवरात्रि में कैसे करें देवी की पूजा

नवरात्रि के पहले दिन ब्रह्म महूर्त में उठकर स्नान करें और फिर घर में बने पूजाघर की साफ-सफाई करने के बाद शुभ महूर्त देखकर माता का कलश स्थापित करें। इसके बाद पूरे 9 दिन तक माता के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा सच्चे मन से करें। मान्यता है कि गुप्त नवरात्रि इच्छापूर्ति के लिए खास महत्व रखती है। माता की पूजा अर्चना करने से सिद्धि की प्राप्ति होती है।गुप्त नवरात्रि में पूरे 9 दिन तक सुबह और शाम को माता की पूजा आरती करनी चाहिए और दुर्गा चालीसा और दुर्गा सप्तशती का पाठ भी जरूर करना चाहिए।पूजा के समय लौंग, कपूर हवन के दौरान माता को अर्पण करें। साथ ही सिंदूर का तिलक लगाए और बताशे का भोग माता को चढ़ाना चाहिए। इस दौरान मां को लाल चुंदरी उढ़ाना भी काफी शुभ माना जाता है। इससे देवी प्रसन्न होकर अपना आशीर्वाद बरसाती हैं।

गुप्त नवरात्रि में पूजा के नियम

गुप्त नवरात्रि में 9 दिन तक तामसिक भोजन नहीं खाना चाहिए। इसमें लहसुन,प्याज, मांस-मदिरा जैसी चीजें शामिल हैं।इन दिनों में गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन और वस्त्र दान में दें। गुप्त नवरात्रि में पति-पत्नी को ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए। मन में किसी के प्रति बुरे ख्याल न आने दें।मासिक धर्म के दौरान महिलाएं गलती से भी माता की पूजा न करें। इस दौरान पूजा की किसी भी सामग्री को हाथ नहीं लगाना चाहिए। गुप्त नवरात्रि में व्रत रखना भी बहुत ही शुभ फलदायी माना जाता है। जिन लोगों ने व्रत रखा है उनको देर तक सोना नहीं चाहिए और ना ही बाल और नाखून कटवाने चाहिए। इस तरह पूरे नियम से पूजा-पाठ करने से माता प्रसन्न होकर सुख और सौभाग्य का आशीर्वाद देती हैं।

रश्मिका मंदाना को उनके करीबी ने दिया धोखा

लगाया 80 लाख का चूना

रश्मिका मंदाना को आखिरी बार स्पाई थ्रिलर 'मिशन मजनू' (2023) में देखा गया था जिसमें वे सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ दिखी थीं. फिलहाल वे अल्लू अर्जुन के साथ 'पुष्पा 2' में बिजी हैं जिसका लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. इसी बीच अभिनेत्री को लेकर बड़ी खबर आई है. जानकारी के अनुसार, रश्मिका हाल ही में धोखाधड़ी का शिकार हुई हैं और ऐसा करने वाला कोई बाहरी नहीं बल्कि उनका अपना ही मैनेजर निकला. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मैनेजर ने रश्मिका मंदाना को 80 लाख का चूना लगाया है और धोखाधड़ी के बाद अभिनेत्री ने उसे तुरंत नौकरी से निकाल दिया है. बताया जा रहा है कि जिस मैनेजर से अभिनेत्री को धोखा मिला है वो शुरुआती करियर से ही उनके साथ जुड़ा रहा लेकिन उसकी असलियत अब सामने आई. एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'रश्मिका मंदाना को मैनेजर ने 80 लाख का धोखा दिया जिसे उन्होंने निकाल दिया है. लेकिन उन्होंने अभी तक आधिकारिक तौर पर इस घटना पर अपनी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है.' दरअसल, अभिनेत्री इसके बारे में सार्वजनिक तौर पर किसी तरह का कोई सीन क्रिएट नहीं करना चाहती थीं. इसलिए, उन्होंने अपने मैनेजर को नौकरी से निकाल कर खुद ही मामले से निपट लिया है. वैसे मामला हैरान करने वाला है कि जिस पर अभिनेत्री इतना भरोसा करती थीं, उसी ने उनके साथ धोखा किया है. बात अगर रश्मिका के आने वाले प्रोजेक्ट्स को लेकर करें तो पुष्पा के अलावा वे रणबीर कपूरी की एनिमल में आने वाली हैं जिसका निर्देशन तेलुगू डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा कर रहे हैं . इसमें अनिल कपूर और बॉबी देओल भी हैं और ये 11 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है. देखना होगा कि क्या एनिमल से वे हिंदी सिनेमा में खुद को स्थापित कर पाती हैं या नहीं. चूंकि इससे पहले उनकी गुडबाय फ्लॉप गई थी जिससे उन्होंने बॉलीवुड में डेब्यू किया था.

किसी की ना हुई ये आदिपुरुष

दिल्ली टू हरिद्वार बवाल ही बवाल, कहीं एफआईआर कहीं फाड़े पोस्टर, सनातनी भी नाराज

प्रभास की फिल्म आदिपुरुष को लेकर बवाल इस कदर बढ़ चुका है कि अब कई राज्यों में बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। फिल्म के डायलॉग्स से नाराजगी है, दिखाई गई रामायण से आपत्ति है और हिंदू आस्था के अपमान का बड़ा आरोप लग गया है। इस समय मेकर्स सिर्फ सफाई देने का काम कर रहे हैं, चैनलों पर जा इंटरव्यू दे रहे हैं, लेकिन फिल्म को लेकर ये बवाल थमता नहीं दिख रहा।

जानकारी के लिए बता दें कि आदिपुरुष में भगवान हनुमान, रावण और सीता बनीं कृति सेनन को जो डायलॉग दिए गए हैं, उसी से जनता सबसे ज्यादा खफा है।

उदाहरण के लिए हनुमान का बोलना- लंका लगा दूंगा, रावण का बोलना- तेरे पास कोई काम धंधा नहीं, इंद्रजीत का बोलना- मेरे एक सपोले ने तुम्हारे इस शेष नाग को लंबा कर दिया. अभी तो पूरा पिटारा भरा पड़ा है। इन्हीं सब बयानों को लेकर नाराजगी चल रही है।

इसी कड़ी में लखनऊ में आदिपुरुष के मेकर्स के खिलाफ FIR दर्ज करवा दी गई है। अखिल हिंदू महासभा ने ये शिकायत दर्ज करवाई है। महासभा का कहना है कि आदिपुरुष ने सनातन धर्म का अपमान किया है, भगवान हनुमान और भगवान राम का गलत चित्रण किया गया है। मांग की गई है कि यूपी में इस फिल्म को तुरंत बैन कर दिया जाए। इसी तरह हरिद्वार में भी फिल्म को लेकर माहौल अच्छा नहीं है।

वहां तो साधु-संतो ने एक कदम आगे बढ़कर आदिपुरुष को एक बड़ा षड्यंत्र बता दिया है, सभी से अपील हुई है कि वे ये फिल्म ना देखें।

अयोध्या में भी आदिपुरुष को लेकर बवाल की स्थिति है। संतो ने साफ कर दिया है कि अगर ऐसे ही हिंदू देवी-देवताओं का अपमान होगा तो उन्हें मजबूर होकर सड़क पर उतरना पड़ेगा। कई दूसरे राज्यों में भी ऐसी ही स्थिति बन रही है।

फिल्म को लेकर सियासत भी चरम पर पहुंच गई है। बीजेपी सांसद हरनाथ सिंह यादव ने जोर देकर कहा है कि एक सोची समझी रणनीति के तहत हिंदू आस्था को अपमानित करने का काम किया गया है। उन्होंने सेंसर बोर्ड पर भी सवाल उठा दिए हैं और कहा है कि ऐसी फिल्म पास कैसे हो जाती है?

क्या डूब रहा है 'ब्रैंड प्रभास'?

700 करोड़ी दो प्रोजेक्ट पर लटकी तलवार! 'सालार' और 'प्रोजेक्ट के' का होगा रीव्यू

'जय श्री राम, जय श्री राम' के साथ खूब जोर-शोर से 'आदिपुरुष' को दर्शकों के सामने लेकर आया गया था. लेकिन फिल्म ऐसी विवादों में फंसी की हर कोई इसकी कमियां गिना रहा है. निर्देशक ओम राउत और राइटर मनोज मुंतशिर लगातार सफाई दे रहे हैं. फिल्म विवादो में घिर चुकी है और नेगेटिव रीव्यू सामने आ रहे हैं. फिल्म की नकारात्मक आलोचनाओं का यदि सबसे ज्यादा प्रभाव किसी पर पड़ रहा है तो वह है 'ब्रैंड प्रभास'. 'बाहुबली' के बाद ब्लॉकबस्टर की उम्मीद लगाए बैठे प्रभास को तगड़ा झटका लगा है और उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट्स को रीव्यू करने की बातें होने लगी हैं.

साउथ इंडस्ट्री में प्रभास बड़ा नाम हैं और उनके नाम से फिल्में चलती हैं. लेकिन उनकी बदकिस्मती कही जाएगी कि लाख कोशिशों के बाद भी वे पिछले कुछ समय से ऐसी ब्लॉकबस्टर नहीं दे सके हैं जो उनकी 'ब्रैंड वैल्यू' में इजाफा करे. विवादों में घिरी 'आदिपुरुष' भले ही इस वीक कमाई कर ले लेकिन यह माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इसका कलेक्शन गिरेगा. साथ ही 'प्रभु राम' का किरदार निभाने के बावजूद प्रभास को पॉजिटिव रिस्पॉन्स नहीं मिल रहा है, जो उनकी इमेज के लिए खतरा बनता जा रहा है.

'प्रोजेक्ट के' और 'सालार' पर लटकी तलवार

प्रभास की 'आदिपुरुष' का हश्र देखते हुए सबसे ज्यादा चिंता 'सालार' और 'प्रोजेक्ट के' के मेकर्स को सताने लगी है. दोनों फिल्मों को मिलाकर 700 करोड़ से ज्यादा का दांव प्रभास पर लगा हुआ है. ऐसे में यह अब जरूरी सा हो गया है कि ये दोनों फिल्में बड़े पर्दे पर कमाल करें. ऐसे में 'सालार' के निर्देशक प्रशांत नील और 'प्रोजेक्ट के' के डायरेक्टर नाग अश्विन के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी आ गई है. दोनों ही प्रोजेक्ट पर नए सिरे से रीव्यू करने की जरूरत आन पड़ी है ताकि प्रभास की ब्रैंड वैल्यू को बरकरार रखा जा सके.

अच्छा कंटेंट कर रहे हैं मिस

बता दें कि एसएस राजामौली की फिल्म 'बाहुबली' के दोनों ही पार्ट ब्लॉकबस्टर साबित हुए थे, जिसने प्रभास की एक अलग इमेज बना दी थी. लेकिन इसके बाद आई उनकी दोनों फिल्में 'साहो' और 'राधे श्याम' कुछ खास बिजनेस नहीं कर सकीं. अब 'आदिपुरुष' भी उसी दिशा में जा रही है, जिससे सीधे तौर पर प्रभास के कॅरियर पर आंच आते दिख रही है. कहा जा रहा है कि प्रभास अच्छा कंटेंट सलेक्ट करने में चूक रहे हैं और यही उनके लिए परेशानी बन रहा है.

मनोज बाजपेयी को नहीं मिलती शाहरुख-सलमान जितनी फीस

मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी फिल्म 'सिर्फ एक बंदा काफ़ी है' को लेकर सुर्खियों में हैं। इसके अलावा उन्हें वेब सीरीज स्पाई ड्रामा 'द फैमिली मैन' के बेहतरीन परफॉर्मेंस के लिए काफी पसंद किया गया था। इस बीच हाल ही में मनोज बाजपेयी ने कहा कि उन्हें शो के लिए उस तरह का पैसा नहीं मिला, जितना उन्हें मिलना चाहिए था। मीडिया को दिए इंटरव्यू में मनोज ने कहा कि मेकर्स ज्यादातर बड़े स्टार्स या फिर विदेशी कलाकारों को ज्यादा पैसे देते हैं। उन्हें प्रोजेक्ट्स में ज्यादा फीस मिलती है।

ओटीटी वाले रेगुलर प्रोड्यूसर से कम नहीं होते हैं

यूट्यूब चैनल अनफिल्टर्ड बॉय समदीश को दिए इंटरव्यू में मनोज से जब उनके बैंक बैलेंस और फीस के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने जवाब में एक्टर ने कहा कि 'गली गुलियां' और 'भोसले' जैसी फिल्में करने से आप मोटा पैसा नहीं कमा सकते हैं। मनोज से पूछा गया कि उन्हें द फैमिली मैन के लिए सलमान खान या शाहरुख खान टाइप फीस मिली है? इस पर मनोज ने कहा- 'मुझे शो के लिए उस तरह के पैसे नहीं मिल रहे हैं। ओटीटी वाले रेगुलर प्रोड्यूसर से कम नहीं होते हैं।'

मैं यहां का सस्ता मजदूर हूं- मनोज बाजपेयी

मनोज ने आगे कहा- 'वो ज्यादातर बड़े स्टार्स को मोटी फीस देते हैं। द फैमिली मैन के लिए मेरे पास जिस तरह के पैसे होने चाहिए थे, वह मुझे नहीं मिले हैं। गोरा (विदेशी कलाकार) शो करेगा तो वो पैसे देंगे। सस्ते लेबर के कारण चीन में बड़े-बड़े ब्रांड की फैक्ट्रियां हैं, उसी तरह मैं यहां का सस्ता मजदूर हूं। अगर जैक रायन के एक्टर्स आते हैं और लीड करते हैं, तो मेकर्स उन्हें बहुत पैसा देंगे।'

'पत्नी नहीं चाहती थी फैमिली मैन में काम करूं'

द फैमिली मैन का पहला सीजन 2019 में स्ट्रीम किया गया था, जिसे ऑडियंस ने बेहद पसंद किया था। वहीं शो का दूसरा सीजन 2021 में आया था। वेब सीरीज के दोनों ही सीजन सुपरहिट रहे थे। ऐसे में फैंस लंबे समय से तीसरे सीजन का इंतजार कर रहे हैं। बीते दिनों एक इंटरव्यू के दौरान मनोज ने बताया था कि उनकी पत्नी ने उन्हें यह शो करने से मना किया था और कहा था कि इस वेब सीरीज अपने अच्छे-खासे करियर को बर्बाद कर रहे हैं। मनोज ने बताया था कि 'द फैमिली मैन' के चलते उन्होंने कई फिल्मों के ऑफर ठुकरा दिए थे।

25 साल छोटी अवनीत संग रोमांस करने का नवाज ने किया बचाव

शाहरुख का नाम लेकर कह दी बड़ी बात

कंगना रणौत के बैनर तले बनी फिल्म 'टीकू वेड्स शेरू' में पहली बार नवाजुद्दीन सिद्दीकी और अवनीत कौर एक साथ पर्दे पर नजर आने वाले हैं। दोनों अमेजन प्राइम वीडियो की इस फिल्म में कपल के रूप में काम करते दिखाई देंगे। नवाजुद्दीन सिद्दीकी 'टीकू वेड्स शेरू' में महज 21 साल की अवनीत के साथ रोमांस करते दिखाई देने वाले हैं, जो ट्रेलर रिलीज होने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स को कतई रास नहीं आया है। फिल्म में दोनों के बीच शूट किए गए एक रोमांटिक किसिंग सीन को लेकर काफी विवाद हो चुका है। अब सोशल मीडिया पर होती इन आलोचनाओं के बीच नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने फिल्म में अवनीत संग काम करने पर रिएक्ट किया है।

अमेजन प्राइम वीडियो की एक नई फिल्म 'टीकू वेड्स शेरू' में अवनीत कौर के साथ नवाजुद्दीन सिद्दीकी की जोड़ी नजर आएगी। दोनों कलाकारों की उम्र में लगभग 25 साल का अंतर है। ट्रेलर में दोनों

के बीच एक किसिंग सीन ने दर्शकों को निराश कर दिया था, जिसकी काफी आलोचना भी हुई थी। जब शूटिंग शुरू होने से पहले पिछले साल इस जोड़ी की आधिकारिक घोषणा की गई थी, तब भी इसको लेकर विवाद हुआ था। अब इंडिया टुडे के साथ हुई एक विशेष बातचीत में, नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी ने आलोचनाओं का जवाब दिया और अवनीत के साथ बनाई गई अपनी जोड़ी के पक्ष में बात की।

नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने अपनी बात रखते हुए लोगों से पूछा कि, 'इसको लेकर इतना विवाद क्यों हो रहा है? लोगों को क्यों कोई समस्या होगी?' उन्होंने कहा, 'रोमांस एज़लेस है। समस्या यह है कि युवकों के पास कोई रोमांस नहीं बचा है। हम उस जमाने से हैं जब रोमांस की बात ही कुछ और होती थी। हम प्यार में होंगे और वर्षों तक इश्क में रहेंगे। आज भी शाहरुख खान ने फिल्मों को रोमांटिक भूमिकाएं करना इसलिए जारी रखा है क्योंकि युवा पीढ़ी बेकार है। वे रोमांस नहीं जानते।'

नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने आगे कहा, 'आज कल सब कुछ व्हाट्सएप पर होता है, चाहे वह प्यार हो या ब्रेकअप। इसके पीछे एक कारण है। रोमांस में जी चुके लोग रोमांस कर सकते हैं और कौन करेगा?' आपको बता दें, फिल्म में अवनीत कौर और नवाजुद्दीन सिद्दीकी की शादी होती है और ट्विस्ट एंड टर्न्स के साथ दोनों में प्यार भी हो जाता है। ऐसे में फिल्म में दोनों के बीच रोमांटिक सीक्वेंस हैं, जो लोगों को बिल्कुल रास नहीं आ रहे हैं और नेटिजन्स उन्हें जमकर ट्रोल कर रहे हैं।

'टीकू वेड्स शेरू' में नवाजुद्दीन सिद्दीकी एक जूनियर आर्टिस्ट की भूमिका में हैं। वहीं अवनीत कौर एक महत्वाकांक्षी युवा लड़की की भूमिका निभाएंगी, जो एक अभिनेत्री बनना चाहती है। अपने इसी सपने के चलते वह नवाजुद्दीन से शादी करती है और एक-दूसरे से प्यार कर बैठते हैं। फिल्म का निर्माण कंगना रनौत के प्रोडक्शन हाउस 'मणिकर्णिका फिल्म्स' द्वारा किया गया है। 'टीकू वेड्स शेरू' 23 जून को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो रही है।

आदिपुरुष फिल्म में निभाया शूर्पणखा का किरदार

शूर्पणखा के रोल में मराठी सिनेमा की पॉपुलर एक्ट्रेस तेजस्विनी पंडित

आदिपुरुष फिल्म दर्शकों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी और इसके मुख्य पात्रों की लोग जमकर आलोचना कर रहे हैं. फिल्म में न तो दर्शकों को श्रीराम के रूप में प्रभास पसंद आए और न ही सीते के किरदार में कृति सेनन. न हनुमान जी के रूप में देवदत्त नागे और न ही रावण के रोल में सैफ अली खान. इन सभी लीड पात्रों के लुक और डायलॉग्स की जमकर आलोचना हो रही है. भले ही फिल्म बॉक्स ऑफिस कमाई के रिकॉर्ड तोड़ रही हो लेकिन दर्शकों के दिलों पर इसने कोई जगह नहीं बनाई. बहरहाल, यहां हम आपको आदिपुरुष में शूर्पणखा का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री के बारे में बता रहे हैं जिनके बारे में कोई चर्चा ही नहीं कर रहा.

आदिपुरुष में जहां मंदोदरी का किरदार सोनल चौहान ने निभाया तो वहीं उनकी ननद शूर्पणखा के रोल में मराठी सिनेमा की पॉपुलर एक्ट्रेस तेजस्विनी पंडित दिखीं. फिल्म में भले ही लीड रोल वाले कलाकारों को पसंद न किया गया हो लेकिन शूर्पणखा की भूमिका को दर्शकों ने सराहा. तेजस्वनी खूबसूरती के मामले में भी किसी से कम नहीं हैं और आदिपुरुष में भी उनके रोल को सराहा गया लेकिन उन्हें ज्यादा लाइमलाइट नहीं मिली. उन्होंने मराठी में कई फिल्मों और टीवी सीरियल्स में काम किया है. अभिनेत्री लंबे वक्त के बाद पर्दे पर दिखीं हैं. उन्होंने साल 2018 के बाद से सिल्वर स्क्रीन पर कमबैक किया है और आदिपुरुष उनकी पहली पैन इंडिया फिल्म है. इससे पहले वे मराठी में ही काम करती रहीं.

तेजस्वनी कुछ माह पहले काफी चर्चा में थीं जब उन्होंने उनके साथ हुई ऐसी घटना का खुलासा किया है, जिसे जानने के बाद किसी की भी आंखे खुली की खुली रह गई थीं. अक्सर सुनने में आता है एक्ट्रेस कास्टिंग काउच का शिकार होती हैं लेकिन मराठी एक्ट्रेस का मकान मालिक उनकी मजबूरी का फायदा उठाना चाहता क्योंकि तब वे आर्थिक रूप से कमजोर थीं. उन्हें देखकर उसकी नीयत बिगड़ गई थी. मराठी एक्ट्रेस तेजस्विनी पंडित ने एक इंटरव्यू में अपने डरावने हादसे के बारे में खुलासा किया और बताया था कि मामला साल 2009-10 की बात है, जब वो इंडस्ट्री में कदम रख ही रही थीं. उस समय उनकी एक या दो फिल्में ही रिलीज हुई थीं और उन्होंने पुणे में सिंहगढ़ रोड पर किराए पर एक अपार्टमेंट लिया था.

तेजस्विनी इस घटना के बारे में बात करते हुए आगे बताती हैं. एक दिन वो किराया देने उसके ऑफिस गईं तो उसने उन्हें ऑफर दे दिया. एक्ट्रेस से शख्स ने किराए के बदले में हम बिस्तर होने का ऑफर दिया. तभी उन्हें गुस्सा आ गया और उन्होंने टेबल पर रखे पानी के गिलास को उठाया और पानी को सीधे उसके मुंह पर फेंक दिया. इसके बाद मकान मालिक के ऑफर का मराठी एक्ट्रेस ने करारा जवाब देते हुए कहा कि वो ये सब चीजें करने के लिए इस प्रोफेशन में नहीं आई हैं वरना इस अपार्टमेंट में ही नहीं रहतीं. एक्ट्रेस इस घटना को सीख के तौर पर लिया और वो जीवन में आगे बढ़ीं. एक्ट्रेस के इस घटना के खुलासे के बाद फैंस काफी परेशान हो गए और उनकी हिम्मत की दाद दी. आदिपुरुष में भले ही बाकी लीड स्टार को नापंसद किया गया हो लेकिन इससे शूर्पणखा बनकर तेजस्वनी के करियर को एक नई राह मिली है.

बलिया में 54 मौतों पर सीएम की हाईलेवल बैठक

कहा- पानी की कमी ना हो, सभी को मिले इलाज, हर स्तर पर अलर्ट रहें अफसर

लखनऊ, 19 जून (एजेंसियां)। यूपी में भीषण गर्मी-हीटवेव को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार दोपहर हाईलेवल मीटिंग की। सीएम ने कहा- अफसर हर स्तर पर अलर्ट रहें। गर्मी के कारण कहीं भी पीने के पानी की कमी नहीं रहनी चाहिए। जगह-जगह पीने के पानी की व्यवस्था की जाए। हर बीमार को इलाज मिलना चाहिए। सीएम ने बलिया में 3 दिन में 54 मौतों के बाद अब यूपी के अस्पतालों को अलर्ट रहने को कहा है।

सीएम ने कहा, रोजाना राहत आयुक्त कार्यालय के स्तर पर मौसम के पूर्वानुमान का बुलेटन जारी किया जाए। लू के लक्षणों और उससे बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। किसानों को हीटवेव से बचाने के लिए उचित व्यवस्था की जाए। गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती न हो। अगर जरूरत हो तो और बिजली खरीदी जाए। ट्रांसफार्मर जलने/तार गिरने जैसी समस्याओं को तत्काल निपटाया जाए।

टीम ने कहा- जांच रिपोर्ट देखकर कुछ स्पष्ट कर सकेंगे

बलिया में जांच के लिए निदेशक स्वास्थ्य डॉ. एके सिंह, डॉ. केएन तिवारी व संयुक्त निदेशक डॉ. मोहित कुमार रविवार को जिला अस्पताल पहुंचे। मौत की असली वजह पूछने पर टीम की तरफ से कहा गया कि खून और यूरिन की जांच रिपोर्ट देखने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। मरीजों की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट भी देखनी पड़ेगी। लखनऊ से आई टीम ने इमरजेंसी और मेडिकल वार्ड में भर्ती मरीजों से मुलाकात की।

40 मरीजों के ब्लड सैंपल जांच के लिए केजीएमयू भेजे

बलिया के जिला अस्पताल में भर्ती 40 मरीजों के सैंपल जांच के लिए केजीएमयू की माइक्रोबायोलॉजी लैब भेजे गए हैं। बलिया के अलावा मऊ और आजमगढ़ की टीम भी लगाई गई हैं। बलिया के ज्यादातर इलाके आर्सेनिक प्रभावित हैं।

इसकी भी जांच की जा रही हैं कि अचानक से आर्सेनिक में कोई अन्य तत्व तो नहीं मिल गया। जिस कारण लोगों की अचानक मौतें होने लगी। वही लखनऊ की टीम ने खून और यूरिन की जांच के अलावा पानी की भी होगी जांच के निर्देश दिए हैं।

देवरिया में मरने वालों में ज्यादातर बुजुर्ग

देवरिया मेडिकल कॉलेज से मिली जानकारी के अनुसार, कई लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ा है। इनमें एक बीजेपी नेता का बेटा भी शामिल है। वहां के डॉक्टरों का कहना है कि मरने वालों में अधिकांश बुजुर्ग हैं। मरने वालों में तेज बुखार, बेहोशी, सांस लेने में दिक्कत, बदन में अकड़न, खांसी, कमजोरी, पेट दर्द, घबराहट, बेचैनी जैसी दिक्कतें आ रही हैं। सीएमओ डॉ. राजेश कुमार झा ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त हैं।

यूपी में अलर्ट जारी

इस बीच भीषण गर्मी के बीच लोगों की मौत पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रदेश के सभी अस्पतालों को अलर्ट कर दिया है। लू, डायरिया समेत संक्रामक बीमारियों को लेकर खास सतर्कता के निर्देश दिए हैं। डिप्टी सीएम ने प्रदेश के सभी सीएमएम व सीएमओ को रविवार को निर्देश दिया कि अस्पतालों में बेड से लेकर दवाओं तक के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

विभागीय अफसर अस्पतालों की इमरजेंसी व्यवस्था दुरुस्त रखें। वार्ड में लू व अन्य बीमारियों से पीड़ितों के लिए बेड़ आरक्षित रखें पूर्व में जारी गाइडलाइन का सख्ती से पालन ही डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मी ड्यूटी पर मुस्तैद रहे और एक-एक मरीज की निगरानी करें।

रिपोर्ट के बाद बलिया में होगी सख्त कार्रवाई

डिप्टी सीएम ने कहा कि बलिया मामले में जांच दल की रिपोर्ट का इंतजार है। मौत का कारण पता लगाना बेहद जरूरी है।

इसके लिए स्वास्थ्य विभाग में निर्देशक संचारी रोग डॉ. एके सिंह और निदेशक (उपचार) डॉ. केएन तिवारी मौके पर हैं। विशेषज्ञ सभी पहलुओं पर पड़ताल कर रहे हैं। जांच रिपोर्ट के आधार जो भी जिम्मेदार होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

लखनऊ में लगातार बढ़ रहे मरीज

भीषण गर्मी व लू ने लोगों को बेहाल कर रखा है। अस्पतालों में हीट स्ट्रोक से ग्रस्त के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। उन्हें पेट दर्द उल्टी-दस्त की शिकायत है। एक-दो दिन भर्ती रहने के बाद उन्हें डिस्चार्ज किया जा रहा है। राहत की बात यह है कि अभी तक गर्मी से किसी मरीज के मौत नहीं हुई है। अस्पताल प्रभारियों का कहना है कि हीट स्ट्रोक से ग्रस्त काफी मरीज इमरजेंसी में भर्ती हो रहे हैं।

सरकारी अस्पतालों को इमरजेंसी में रोजाना हीट स्ट्रोक के 8 से 10 मरीज भर्ती हो रहे हैं। सिविल अस्पताल के सीएमएस डॉ. आरपी सिंह के मुताबिक इमरजेंसी की एक शिफ्ट में 3 से 4 मरीज भर्ती हो रहे हैं। गर्मी से परेशान मरीजों की संख्या में इजाफा। ज्यादातर मरीज पेट दर्द व उल्टी-दस्त की शिकायत लेकर आ रहे हैं।

मायावती बोलीं- यूपी में बिजली कटौती से लोग परेशान

सपा के लिए पीडीए का मतलब 'परिवार दल एलाइंस', इनके लिए तुकबंदी के सिवा और कुछ नहीं

लखनऊ, 19 जून (एजेंसियां)। यूपी में भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती पर सियासत शुरू हो गई है। लखनऊ में सोमवार को मायावती ने कहा, ''यूपी में जनता बिजली की कमी से जूझ रही है। सरकार बिजली व्यवस्था सुधारे और अस्पताल में बिजली कटौती न करे।'

बसपा प्रमुख ने पीडीए का एग्जाम्पल दिया। उन्होंने कहा, सपा एनडीए के जवाब में पीडीए का राग अलापा रहा है। इन वर्गों के अति कठिन समय में भी केवल तुकबंदी के सिवा और कुछ नहीं है। इनके पीडीए का वास्तव में अर्थ 'परिवार दल एलाइंस' हैं। जिससे स्वार्थ में यह पार्टी सीमित है। इसलिए इन वर्गों के लोग जरूर सावधान रहें।

'2024 में पीडीए गठजोड़ एनडीए को हराएगा'

दरअसल, बीते दिन एक चैनल से बातचीत में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा था कि भाजपा 2014 में सत्ता में जैसे आई थी। 2024 में उसकी वैसे ही यूपी से विदाई होगी। हमारा नारा है 80 हराओ-भाजपा हटाओ। इसलिए 2024 में पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यकों) की एकता एनडीए-भाजपा गठबंधन पर भारी पड़ेगी। 2024 में महंगाई, बेरोजगारी, गरीब का सम्मान और उसे न्याय दिलाना बड़ा मुद्दा होगा। गरीब, किसान, नौजवान भाजपा के खिलाफ वोट करेगा। अखिलेश के बयान का मायावती ने पलटवार किया है।

अब आगे पढ़िए बसपा प्रमुख के दो ट्वीट

मायावती ने यूपी में बिजली कटौती की पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा, ''यूपी में पिछले कई दिनों से जारी गर्मी की आफत में राजधानी समेत प्रदेश में बिजली की जबरदस्त कमी हो रही है। इससे लोग त्रस्त हैं। बलिया सहित अन्य जिलों से मौत की खबरें अति दुखद हैं। सरकार बिजली व्यवस्था सुधारे और अस्पताल में बिजली कटौती न करे।

बिपरजॉय का असर, नोएडा-गाजियाबाद में तेज बारिश

लखनऊ में बूंदाबांदी; 37 जिलों में बरसात की संभावना; पूर्वी यूपी में हीटवेव के आसार

कानपुर, 19 जून (एजेंसियां)। यूपी में बिपरजॉय का असर दिखने लगा है। सोमवार सुबह गाजियाबाद और नोएडा में तेज बारिश हुई। लखनऊ में भी बूंदाबांदी हुई। जबकि कई शहरों में बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने बताया कि साइक्लोन की वजह से यूपी के 37 जिलों में आज बारिश हो सकती है। इस दौरान 40 KM की रफ्तार से हवाएं भी चल सकती हैं। पूर्वी यूपी की बात करें, तो कई जिलों में लोगों को आज भी हीटवेव का सामना करना पड़ेगा।

सीएसए यूनिवर्सिटी के मौसम विज्ञानी डॉ. SN सुनील पांडेय ने बताया, ''बिपरजॉय का असर पश्चिमी और पूर्वी यूपी के करीब 37 जिलों पर 48 घंटे तक रहेगा। हालांकि, हालात चिंताजनक नहीं हैं। साइक्लोन की वजह से मानसून भी तेजी से यूपी की ओर बढ़ रहा है। 20 जून से प्रदेश में दस्तक दे सकता है। घने बादलों की आवाजाही शुरू हो गई है। कानपुर में देर रात से घने बादल छाए हैं।''

लगातार गिर रहा है अधिकतम तापमान

रविवार के मौसम की बात करें, तो झांसी, सहारनपुर, बिजनौर में साइक्लोन के असर की वजह से तेज बारिश हुई। प्रयागराज और वाराणसी का तापमान 24 घंटे में 2 डिग्री तक गिर गया है। यहां अधिकतम तापमान 46°C तक चल रहा था। रविवार को यहां तापमान 44.2°C दर्ज किया गया। वहीं, मेरठ सबसे ठंडा जिला रहा। यहां का तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग ने बताया, ''बिपरजॉय गुजरात के सौराष्ट्र और कच्छ होते हुए पूर्वी राजस्थान के रास्ते यूपी में दाखिल होगा। 3 दिन तक तूफान का असर रह सकता है। इसके चलते पछुआ हवा में थोड़ी नमी आएगी। जिससे तापमान गिरना शुरू होगा।''

मानसूनी हवाएं आना शुरू

पूर्वी यूपी में सोमवार शाम से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विज्ञानी के मुताबिक, तूफान की वजह से निम्न दबाव का क्षेत्र बनेगा और बंगाल की खाड़ी से आने वाली मानसूनी (नम) हवाओं को अपनी ओर खींच लेगा। मानसूनी हवाएं पश्चिम बंगाल और बिहार से आते हुए यूपी में बारिश करेंगी। वहीं कुशीनगर, गोरखपुर, वाराणसी, जौनपुर, बलिया, मऊ में हीटवेव का असर रहेगा।

7 जिलों में भारी बारिश के आसार

जिन जिलों में आज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है उनमें में से 7 जिलों में भारी बारिश हो सकती है। इनमें मथुरा, आगरा, इटावा, औरैया, जालौन, झांसी और ललितपुर शामिल हैं। वहीं 7 जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। इनमें हाथरस, फिरोजाबाद, मैनपुरी, कानपुर देहात, कानपुर नगर, हमीरपुर और महोबा में शामिल हैं।

इन जिलों में हवा का दबाव बना, तो होगी बारिश

वहीं, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, कासगंज, एटा, फर्रुखाबाद, कन्नौज, फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज में भी बारिश के आसार है। लेकिन हवा का दबाव नहीं बनने पर बादल बिना बरसे लौट भी सकते हैं।

कांग्रेस छोड़ कुंतल कृष्ण बीजेपी में शामिल

नीतीश के नेतृत्व पर उठाए थे सवाल, सम्राट बोले-कठपुतली हैं सीएम

पटना, 19 जून (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व पर सवाल उठाने वाले कुंतल कृष्ण ने सोमवार को बीजेपी का दामन थाम लिया। शनिवार को उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा दिया था। साथ ही सवाल किया था कि जिस नीतीश कुमार ने बिहार में कांग्रेस को कमजोर किया, वे विपक्षी एकता की बैठक की अगुवाई क्यों कर रहे?

अब कुंतल बीजेपी के साथ हैं। पटना में पार्टी ऑफिस में कार्यकर्ता मिलन समारोह के दौरान कुंतल कृष्ण को बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने भाजपा में शामिल कराया। इस दौरान सम्राट चौधरी ने सीएम नीतीश पर हमला बोलते हुए उन्हें कठपुतली बताया। उन्होंने कहा कि सरकार पर नीतीश कुमार का कंट्रोल नहीं है।

नीतीश कुमार कठपुतली वाले सीएम

सम्राट चौधरी ने आगे कहा है कि सीएम नीतीश कुमार सरकार से अप्रासंगिक हो चुके हैं। वे कठपुतली के माफिक सीएम रह गए हैं। बिहार की आवाम बदलाव चाहती है। कांग्रेस के विरोधी आज कांग्रेस की गोद में हैं।

समाजवादी आंदोलन के प्रतीक नेता आज कांग्रेस के साथ हैं। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव 2024 और विधान सभा 2025 में बीजेपी की सरकार बनेगी। बीजेपी ने नीतीश कुमार को 5 बार सीएम बनाया है। 2025 में बीजेपी की खुद का सीएम होगा।

राहुल गांधी के बिहार आने पर कहा कि सीएम नीतीश कुमार एनडीए से अलग हुए तब उन्हें सपना दिखाया गया था कि पीएम बनेंगे। महागठबंधन में पीएम का सपना देखने का आदेश नहीं है।

केवल बीजेपी में बचा है लोकतंत्र

नीतीश कुमार के स्टालिन से मुलाकात पर कहा कि उन्हें मनाने जा रहे हैं। बिहारी स्मिता को खत्म कर रहें हैं। वे सीएम की कुर्सी की गरिमा को और कितना गिराएंगे। गरिमा को खत्म नहीं होने देना चाहिए। देश में बीजेपी के अलावा किसी और पार्टी में लोकतंत्र नहीं है।

सीएम नीतीश किसी के नहीं हैं। आने वाले के दिनों में यह दिखेगा। लोकसभा चुनाव 2024 में एक भी सीट नहीं जीतेंगे। बिहार में सुशासन के सवाल पर कहा कि 2005 से 2013 तक बिहार में सरकार चली। उसके बाद नीतीश कुमार कुर्सी बचाते रहें हैं। सम्राट चौधरी ने कहा कि लोकसभा 2024 में जेडीयू आधी होगी और विधान सभा 2025 में पूरी तरह से साफ होगी।

चंदौली में भाजपा संगठन की हुई बैठक

प्रदेश मंत्री ने किया केंद्र सरकार की उपलब्धियों का बखान, बोली- देश के कोने-कोने पहुंची विकास की किरण

चंदौली, 19 जून (एजेंसियां)। चंदौली के सकलडीहा ब्लाक परिसर में भाजपा संगठन की प्रदेश मंत्री मीना चौबे ने केंद्र सरकार के नौ साल के उपलब्धियों का बखान की। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नौ साल के कार्यकाल में हर क्षेत्र का विकास हुआ है।

लोक कल्याणकारी योजनाओं से किसान, गरीब, मजदूर व महिलाओं को लाभान्वित किया गया है। अयोध्या में राम मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम सहित तमाम धार्मिक स्थलों को भव्य स्वरूप दिया गया। रेल, सड़क व हवाई क्षेत्र मे कई ऐतिहासिक कार्य हुए।

देश का डिजिटलीकरण

उन्होंने कहा कि जिस तरह से देश का डिजिटलीकरण कर प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार की कमर तोड़ी। उसका सीधा लाभ गरीबों को मिला। देश के 47 करोड़ लोगों का जनधन के तहत खाता बैकों में खोला गया। गांवों में लोगों को निजी शौचालय (इज्जत घर) देकर माताओं व बहनों को रोग से मुक्ति व शौच के लिए बाहर जाने से छुटकारा दिलाया। उज्ज्वला योजना के देश में ज्यादातर घरों में रसोई गैस दिया गया। आयुष्मान योजना के तहत गरीब को पांच लाख तक का इलाज मुक्त दिया गया।

कोरोना जैसे खतरनाक वायरस से देश के लोगों को बचाया

प्रदेश मंत्री ने कहा कि कोरोना जैसे खतरनाक वायरस से देश के लोगों को बचाने के लिए मुक्त वैक्सीनेशन कराना प्रधानमंत्री की बड़ी उपलब्धि है। देश में कई आधारभूत संरचना विकसित करने के साथ ही, विभिन्न टनल की सौगात दी गयी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपनी दूरदर्शी सोच को साकार करते हुए हर घर को नल योजना से जोड़ते हुए जल पहुंचाया। जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाकर आतंकवाद से मुक्ति दिलाई।

बगहा में घर से निकला किंग कोबरा

देखकर चीख पड़े लोग, 4 स्नेक कैचर्स ने कड़ी मशक्कत के बाद किया रेस्क्यू



बगहा, 19 जून (एजेंसियां)। बगहा में गर्मी के कारण टाइगर रिजर्व से निकलकर जंगली जीव रिहायशी क्षेत्र के तरफ पहुंच रहे हैं। रविवार की रात भी वीटीआर के नजदीक रिहायशी क्षेत्र में एक व्यक्ति के घर में विशालकाय किंग कोबरा घुस गया। कोबरा गोनौली वन क्षेत्र के चंपापुर पंचायत वार्ड नंबर 8 निवासी नीतीश कुमार के घर में घुसा था। नीतीश ने बताया कि मैं पानी पीने के लिए जा रहा था। एक कोने में हलचल दिखाई दी। टॉर्च जलाकर देखा तो बड़ा सा किंग कोबरा कोने में बैठा था। इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन कर्मियों की टीम मौके पर पहुंची। रेस्क्यू करने में जुट गई है। आधे घंटे कड़ी मशक्कत के बाद टीम में आए चार स्नेक कैचर्स ने किंग कोबरा को रेस्क्यू कर लिया है। स्नेक कैचर ओम प्रकाश गुप्ता और सौरभ ने बताया कि सांप को सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर लिया गया है। जंगल के अंदर सुरक्षित जगह पर छोड़ा जा रहा है। रेस्क्यू के दौरान वन कर्मी लोगों को दूर हटने के लिए बोल रहे थे। कह रहे थे कि अगर छूट गया तो कई लोगों को काट लेगा। बड़ी मुश्किल से कोबरा पर काबू पाया।

एक शोध में यह सामने आया है कि किंग कोबरा एक ऐसा सांप है, जो काटने के बाद निर्णय लेता है कि शरीर में जहर छोड़ें या फिर ना छोड़े। किंग कोबरा बिना जहर के भी काट सकता है।

यूपी में 8 आईपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर

4 जिलों के पुलिस कमिश्नरेट के अफसर बदले, आकाश कुलहरी बने ज्वाइंट सीपी लखनऊ

लखनऊ, 19 जून (एजेंसियां)। योगी सरकार ने रविवार रात 8 आईपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर किए। चार जिलों में तैनात पुलिस कमिश्नर इधर से उधर किए गए। वहीं, लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में तैनात नीलाब्जा चौधरी को कानपुर नगर कमिश्नरेट में तैनात किया गया है। प्रयागराज अपर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट में तैनात आकाश कुलहरी को लखनऊ कमिश्नरेट भेजा गया है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स लखनऊ में तैनात पवन कुमार को पुलिस उपायुक्त प्रयागराज बनाए गए।

गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट में तैनात रवि शंकर छवि को लखनऊ कमिश्नरेट में तैनात किया गया है। लखनऊ पुलिस उपमहानिरीक्षक में तैनात अमित वर्मा को अपर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर में तैनात किया गया है। लखनऊ में पुलिस उपमहानिरीक्षक भष्ट्राचार में तैनात बबूल कुमार को गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट भेजा गया है।

गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट में सुनीति को पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनात किया गया है। वहीं, प्रयागराज कमिश्नरेट में पवन कुमार को पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनाती मिली है। गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट में नए एसीपी की तैनाती कर दी गई है। बबलू कुमार को अपर पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट बनाया गया है।

लखीमपुर खीरी में सगे भाइयों की नाले में डूबकर मौत

गर्मी से परेशान होकर नहाने गए थे, दोनों भाई एक-दूसरे से लिपटे मिले

लखीमपुर-खीरी, 19 जून (एजेंसियां)। लखीमपुर खीरी के ईसानगर में रविवार शाम को नाले में नहाने गए 2 सगे भाई पानी में डूब गए। दोनों गर्मी से परेशान होकर सिंगावर और राजापुर गांव के बीच बने रपटा पुल के पास नहाने गए थे। जिसकी काफी देर बाद जानकारी होने पर परिवार समेत गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को बुलाया। गोतखोर की टीम ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों का शव बरामद कर लिया। अचानक हुई घटना से परिवार समेत पूरे गांव में शोक की लहर छा गई। पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। सिंगावर निवासी सगे भाई दुर्गेश उर्फ गोपाल मौर्य (12) और मुकेश मौर्य (10) पुत्र कृष्णा मौर्य शाम करीब पांच बजे सिंगावर व राजापुर के बीच स्थित रपटा पुल के पास स्नान करने गए थे। जहां दोनों गहरे पानी मे जाकर डूब गए। जिसकी कुछ देर बाद जानकारी होने पर परिवार समेत पूरे गांव में अफ़रातफ़री मच गई।

पूर्व वार्ड पार्षद ने मासूम को मारी गोली: बच्चे के चाचा आरोपी के घर करते थे काम, पैसे मांगने को लेकर हुआ विवाद

नालंदा, 19 जून (एजेंसियां)। नालंदा में सोमवार की सुबह पूर्व वार्ड पार्षद ने मामूली सी बात को लेकर 3 साल के बच्चे को गोली मार दी, वहीं मारपीट कर एक ही परिवार के तीन अन्य लोगों को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामला बिहार थाना क्षेत्र के गढ़पर देकुली घाट का है।

गोली अनिल कुमार के बेटे आरभी कुमार(3) के बाएं पैर में लगी है। वहीं मारपीट में जानकी देवी,सुनैना देवी एवं अनिल कुमार जख्मी हो गए हैं।

अनिल कुमार के भाई संतोष राम गढ़पर स्थित पूर्व वार्ड पार्षद दिवाकर सिंह के यहां रहकर घर का काम करते थे। वह पिछले 2 दिनों से काम पर नहीं जा रहा थे। सोमवार को वह अपनी तनख्वाह मांगने दिवाकर सिंह के घर गया था। मालिक की तरफ से भुगतान कर देने की बात कही गई लेकिन जब संतोष राम ने कहा कि उसे पैसे नहीं मिले हैं।

इसी बीच दोनों के बीच कहासुनी हो गई। तभी दिवाकर सिंह ने अपनी पिस्टल से गोली चला दी। फायरिंग में एक गोली संतोष राम के 3 साल के मासूम भतीजे को लग गई। दिवाकर सिंह के लोगों ने संतोष राम के परिजनों पर भी लाठी से वार किया। इसमें तीन लोग घायल हो गए हैं।सभी घायलों को आनन-फानन में बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

क्या कहती है पुलिस

सदर डीएसपी डॉ शिवली नोमानी ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। हालांकि पुलिस का कहना है कि गोली नहीं बल्कि मारपीट में 4 लोग जख्मी हुए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

औरंगाबाद में डूबने से तीन मासूम की मौत

खेलने के लिए घर से निकले थे बच्चे, मरने वालों में दो सगे भाई भी शामिल

औरंगाबाद, 19 जून (एजेंसियां)। औरंगाबाद में सोमवार को तालाब के पिंड निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में तीन मासूम डूब गए, जिससे तीनों की मौत हो गए। घटना जम्होर थाना क्षेत्र राज कचहरी मुहल्ला की है। मृतकों में उसी मुहल्ला निवासी गोपाल यादव का 6 वर्षीय बेटा आयुष कुमार, 4 वर्षीय बेटा पियूष कुमार व गोविन्द यादव का 5 वर्षीय बेटा तेजस्वी यादव शामिल है।

घटना के बाद आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और तीनों को गड्ढा से निकालकर आनन-फानन में जम्होर सरकारी अस्पताल ले गए। जहां से सभी को रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन तीनों को सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद इसकी सूचना नगर थाना पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम कराई। फिर परिजनों को सौंप दिया।

घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है गांव में मातम पसरा हुआ है परिजनों ने आपदा राहत के तहत मुआवजा की मांग की है।

अडानी की इस डील से आईआरसीटीसी को मिलेगी टक्कर? इन आरोपों में कितना है दम

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। अडानी समूह के लिए यह साल अब तक विवादों से भरा रहा है। एक विवाद शांत होता नहीं है, उससे पहले ही दूसरा शुरू हो जाता है। खास बात यह है क अडानी समूह से जुड़ा कोई विवाद हो, तुरंत राजनीतिक रंग ले लेता है। ताजा मामला है अडानी समूह की नई प्रस्तावित डील का। अडानी समूह महीनों के अंतराल के बाद पहली डील करने जा रहा है, लेकिन यह पहले ही राजनीतिक आरोपों-प्रत्यारोपों का शिकार होने लग गया है।

अडानी एंटरप्राइजेज ने दी थी जानकारी

अडानी समूह की यह डील है ऑनलाइन ट्रेन टिकट बुकिंग प्लेटफॉर्म ट्रेनमैन के अधिग्रहण की। गौतम अडानी की फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज ने इस डील के बारे में पिछले सप्ताह शुक्रवार को जानकारी दी थी। कंपनी ने बताया है कि वह स्टार्क एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड की 100 फीसदी इक्विटी का अधिग्रहण करेगी। स्टार्क एंटरप्राइजेज ऑनलाइन ट्रेन टिकट बुकिंग प्लेटफॉर्म ट्रेनमैन का संचालन करती है। हालांकि अभी इस डील की वैल्यू का खुलासा नहीं हुआ है।

शुरू हुआ यह राजनीतिक विवाद

इस डील के बाद विवाद शुरू हो गया है कि इससे अडानी को फायदा होगा, जबकि सरकारी हिस्सेदारी वाली कंपनी आईआरसीटीसी को घाटा होगा। मीडिया के एक धड़े में इस तरह से खबरें चला दी गईं कि अडानी की इस डील से आईआरसीटीसी को नुकसान होने वाला है। इसके बाद मामले ने राजनीतिक रंग पकड़ लिया और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस भी यह आरोप लगाने लग गई कि आईआरसीटीसी को नुकसान पहुंचाकर अडानी को फायदा दिया जा रहा है।

दो आईआईटियन ने बनाई कंपनी

आइए जानते हैं कि इस पूरे मामले की हकीकत क्या है। सबसे पहले आपको बता दें कि स्टार्क एंटरप्राइजेज गुरुग्राम बेस्ड एक स्टार्टअप है, जिसकी स्थापना आईआईटी रुड़की के विनीत चिरानिया और करण कुमार ने मिलकर की थी। यह कंपनी ट्रेनमैन नामक प्लेटफॉर्म का संचालन करती है, जो ट्रेन टिकट बुक करने की ऑनलाइन सेवाएं देता है। इसी सर्विस के चलते आईआरसीटीसी को टक्कर मिलने की बात की जा रही है।

इस तरह से मिलती है बुकिंग सर्विस

यहां इस तरह की सर्विस की एक बुनियादी बात को समझ लेना जरूरी है। दरअसल भारत में जितनी भी कंपनियां या प्लेटफॉर्म ट्रेन टिकट बुकिंग सर्विस में एक्टिव हैं, वे सभी एक तरह से आईआरसीटीसी के कस्टमर हैं। ऑनलाइन ट्रेन टिकट बुकिंग के मामले में आईआरसीटीसी का दबदबा है। ट्रेनमैन हो या पेटीएम या तमाम अन्य प्राइवेट प्लेयर्स, सभी आईआरसीटीसी से ऑथेराइजेशन लेकर ऑनलाइन ट्रेन टिकट बुक करने की सुविधा देते हैं।

आईआरसीटीसी पर नहीं होगा असर

इसका मतलब हुआ कि आप टिकट सीधे आईआरसीटीसी की साइट से बुक करें या किसी अन्य प्लेटफॉर्म से, आईआरसीटीसी को उसका तय चार्ज मिलता ही है। इससे साफ हो जाता है कि अडानी की इस डील से आईआरसीटीसी को कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। हां यह जरूर होगा कि इस डील से ऑनलाइन ट्रेन टिकट बुकिंग कंपनियों को कड़ी प्रतिस्पर्धा मिलने वाली है। विवादों के बाद आईआरसीटीसी के प्रवक्ता ने भी सफाई जारी की है और यही तर्क दिया है।

चीन से हो गया मोहभंग और भारत पर उमड़ा इन विदेशी निवेशकों का प्यार

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। कोरोना महामारी के बाद चीन की आर्थिक वृद्धि दर प्रभावित हुई है। इसका असर चीन के शेयर बाजार पर भी हो रहा है और विदेशी निवेशकों का धीरे-धीरे मोहभंग हो रहा है। इससे भारत को सीधा फायदा हो रहा है और लगातार विदेशी निवेश में बढ़ोतरी देखी जा रही है।

हर रोज औसतन इतनी खरीदारी

ईटी की एक रिपोर्ट की मानें तो चालू वित्त वर्ष में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने अब तक 9 बिलियन डॉलर से ज्यादा का निवेश किया है। रिपोर्ट के अनुसार, विदेशी निवेशक इस वित्त वर्ष में अब तक भारतीय शेयरों के सबसे बड़े खरीदार बनकर उभरे हैं। उन्होंने इस दौरान रोज औसतन करीब 1,400 करोड़ रुपये की खरीदारी की है।

मीलों पीछे छूट गए घरेलू निवेशक

एनएसडीएल के आंकड़े बताते हैं कि वित्त वर्ष 2023-24 के अब तक के कुल 51 कारोबारी दिनों में सिर्फ 8 ही दिन ऐसे रहे हैं, जब विदेशी निवेशक शुद्ध बिकवाल रहे हैं। भारतीय करेंसी में इन 51 दिनों में एफपीआई ने करीब 72 हजार करोड़ रुपये की खरीदारी की है। इस तरह से विदेशी निवेशकों ने घरेलू निवेशकों को मीलों पीछे छोड़ दिया है। घरेलू संस्थागत निवेशकों ने इस दौरान सिर्फ 6,500 करोड़ रुपये की खरीदारी की है।

चीन के नुकसान में भारत का फायदा

भारतीय शेयर बाजार अभी रिकॉर्ड हाई लेवल के पास कारोबार कर रहे हैं। सोमवार के कारोबार में बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी दोनों नए उच्च स्तर का रिकॉर्ड बनाने के करीब हैं। जून तिमाही में निफ्टी में 8.5 फीसदी की रैली देखने को मिली है। कुल मिलाकर देखें तो ऐसा कहा जा सकता है कि चीन को जहां नुकसान हो रहा है, उससे भारत को सीधा फायदा हो रहा है।

जापान और कोरिया को भी लाभ

विदेशी निवेशकों के इस बदले रुख से भारत के साथ-साथ जापान और दक्षिण कोरिया जैसे एशियाई बाजारों को भी फायदा हो रहा है। साल 2023 के दौरान जापान का निक्की इंडेक्स अब तक करीब 30 फीसदी ऊपर गया है। इसी तरह दक्षिण कोरिया के कोस्पी में 2023 के दौरान अब तक 17.5 फीसदी की तेजी देखने को मिली है।

इंडिगो रचने जा रहा इतिहास! 50 अरब डॉलर के एयरक्राफ्ट डील पर बड़ा फैसला

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। भारत की सबसे बड़ी एयलाइन इंडिगो सबसे बड़ी खरीदारी करने रही है। इंडिगो बोर्ड की ओर से 50 अरब डॉलर का एयरक्राफ्ट खरीदने की मंजूरी मिल सकती है। अगर बोर्ड मंजूरी देता है तो इंडिगो सबसे बड़ी एयरक्राफ्ट खरीदने वाली कंपनी बन जाएगी।500 एयरबस में ए320 एनईओ,ए321एनईओ और ए321 एक्सएलआर एयरक्राफ्ट शामिल हैं। एयरलाइन के इस ऑर्डर की कीमत 50 अरब डॉलर है, लेकिन बड़े पैमाने पर ऑर्डर देने पर इसकी

कीमता छूट के तहत और भी कम हो सकती है। बता दें कि मार्च में रखे गए 470 विमानों के एयर इंडिया के ऑर्डर से यह बड़ा है। इंडिगो के पास 2030 तक उसी ए 320 फैमिली के 477 विमानों की डिलीवरी टाली गई है। ऐसे में बोर्ड की ओर से पेश किया गया यह आदेश काफी महत्वपूर्ण होगा। इस आदेश पर यह भी निर्भर करेगा कि एयरलाइन कितना विस्तार करना चाहती है।

घरेलू बाजार का 60 फीसदी हिस्सा

इंडिगो के पास भारत के घरेलू बाजार का 60 फीसदी से ज्यादा हिस्सा है। इंडिगो ने अपने विस्तार और बड़े बेड़े का लाभ उठाया है। साथ ही बाजार पर कब्जा जमाने के लिए बड़ी डील की है। ईटी की रिपोर्ट में कहा गया है कि एयरलाइन डिलीवरी स्लॉट तय करना चाहती है, ताकि बेडे का आकार बना रहे। यह 100 विमानों को रिटायर कर देगा। ऐसे में 700 से ज्यादा विमानों के आकार को बनाए रखने के लिए इसकी आवश्यकता होगी।

8 घंटे तक हो सकेंगी उड़ाने

कोविड के बाद हवाई यात्रा में तेज सुधार, एयरबस और बोइंग में ऑर्डर बुक भरने के बाद एयरलाइंस ने कई नए विमान ऑर्डर दिए हैं। एयरलाइन की ओर से 300 लंबी दूरी के ए321 नियो और ए321 एक्सएलआर विमान का ऑर्डर दिए जाने की संभावना है। ये लंबी दूरी के विमान 8 घंटे तक उड़ानें संचालित कर सकते हैं।

एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज का आईपीओ आज खुलेगा

जीएमपी-इश्यू प्राइस और लिस्टिंग डेट तक सब जानें

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। इस समय आईपीओ मार्केट में अच्छी रौनक देखी जा रही है क्योंकि लगातार कई दिनों से नए-नए आईपीओ आ रहे हैं और इनकी लिस्टिंग भी हो रही है। कल यानी 20 जून को एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज का आईपीओ खुलने जा रहा है जिसका कुल साइज 480 करोड़ रुपये का है। एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज का आईपीओ कल 20 जून से खुलकर 23 जून 2023 तक खुला रहेगा और 4 दिनों मे निवेशकों को इस पब्लिक ऑफर में पैसा लगाने का मौका मिलेगा।एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज के इनीशियल पब्लिक ऑफर के लिए कंपनी ने 555-585 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया है।कंपनी के आईपीओ में 150 करोड़ रुपये का फ्रेश इश्यू है और 330 करोड़ रुपये के शेयर्स ऑफर फॉर सेल के जरिए बेचे जाएंगे।आईपीओ ओपनिंग डेट 20 जुलाई है और 23 जुलाई तक खुला रहेगा। शेयर्स का अलॉटमेंट 29 जून को किया जाएगा। रिफंड की प्रक्रिया 30 जून को पूरी की जाएगी। डीमैट अकाउंट में शेयर्स क्रेडिट 3 जुलाई को होंगे। स्टॉक मार्केट में एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज के शेयर्स 4 जुलाई को लिस्ट होंगे।एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज के आईपीओ में निवेशक 25 शेयरों के कम से कम 1 लॉट में निवेश कर सकते हैं और ज्यादा से ज्यादा 13 लॉट में पैसा लगा सकते हैं। यदि आईपीओ के अपर बैंड यानी 585 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से निवेश किया जाता है तो 1 लॉट के लिए आपको 14625 रुपये का निवेश करना होगा।

रिटेल निवेशकों के पास मैक्सिमम 13 लॉट यानी 325 शेयरों के लिए 190,125 रुपये का निवेश करना होगा। इसमें रिटेल निवेशकों के लिए 35 फीसदी हिस्सा, क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशल बायर्स के लिए 35 फीसदी हिस्सा रिजर्व रखा गया है।

रघुराम राजन ने भारत के सुपरपावर कहलाने पर ऐसा क्या कह दिया कि सोशल मीडिया पर हो रही उनकी आलोचना?

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन अपने एक बयान को लेकर सोशल मीडिया में निशाने पर आ गए हैं। राजन ने भारत के महाशक्ति बनने को लेकर एक बयान दिया जिसे लेकर उनके आलोचक उनकी आलोचना कर रहे हैं। रघुराम राजन ने एक बयान में कहा कि उन्हें इस बात से कतई फर्क नहीं पड़ता कि भारत सुपरपावर है। उन्होंने कहा कि उनके लिए ये बातें ज्यादा मायने रखती हैं कि देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जो चाहते थे उस कसौटी पर देश खरा उतर पा रहा है या नहीं जिसमें देश का हर नागरिक का जीवन खुशहाल रहे। एक कार्यक्रम में रघुराजन ने सवाल पूछा गया कि किया आप जो बोलते हैं उसे सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष बहुत ही ध्यान से सुनता है। तो क्या अगले 10 सालों में क्या हम आपको वित्त मंत्री या देश के प्रधानमंत्री के रूप में देख सकते हैं? इसी सवाल के जवाब का देते हुए रघुराम राजन ने कहा कि, कई सारे ऐसे लोग हैं जो चाहते हैं कि मैं भारत के बारे में बात ना करूं। मैं इसलिए बोलता हूं क्योंकि आज हम दोराहे पर खड़े हैं। उन्होंने कहा कि, मुझे भारत के सुपरपावर कहलाने से फर्क नहीं पड़ता, मेरे लिए ये मुद्दा ही नहीं है। मुद्दा ये है कि क्या देश के राष्ट्रपिता चाहते थे कि हर भारतवासी खुश रहे और इसी बात पर हमारा ध्यान होना चाहिए।

सोना हो गया सस्ता तो चांदी की बढ़ी चमक, जानें गोल्ड-सिल्वर के लेटेस्ट रेट्स

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। सर्राफा बाजार में आज ज्वैलर्स के लिए मिलाजुला सा माहौल है क्योंकि एक तरफ तो सुनहरी धातु सोने के दाम में गिरावट देखी जा रही है, वहीं चमकीली मेटल चांदी की चमक बढ़ गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना आज नरमी दिखा रहा है और इसका असर घरेलू कमोडिटी मार्केट में गोल्ड रेट पर देखा जा रहा है। चांदी की इंडस्ट्रियल डिमांड बढ़ने से सिल्वर रेट्स में तेजी दर्ज देखी जा रही है।

कैसे हैं आज सोने के दाम

एमसीएक्स पर सोने के दाम हालांकि मामूली तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। 19 रुपये की गिरावट के बाद सोना 59335 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट पर कारोबार कर रहा है। एमसीएक्स पर आज सोने में 59251 रुपये के निचले स्तर और 59370 रुपये के ऊपरी स्तर देखे जा चुके हैं। सोने के ये दाम इसके अगस्त वायदा के लिए हैं।

चांदी के दाम भी जानें

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी के दाम 204 रुपये या 0.28 फीसदी की मजबूती के साथ 72892 रुपये प्रति किलो के रेट पर बने हुए हैं। चांदी में 72540 रुपये के निचले स्तर और ऊपर में 72902 रुपये प्रति किलो के स्तर देखे गए हैं। चांदी के ये दाम इसके जुलाई वायदा के लिए हैं।

देश के चार प्रमुख महानगरों में सोने के दाम

दिल्ली में 24 कैरेट शुद्धता वाला सोना 50 रुपये की गिरावट के साथ 60,210 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। मुंबई में 24 कैरेट शुद्धता वाला सोना 40 रुपये की गिरावट के साथ 60,070 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। चेन्नई में 24 कैरेट शुद्धता वाला सोना 50 रुपये की गिरावट के साथ 60,440 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। कोलकाता में 24 कैरेट शुद्धता वाला सोना 40 रुपये की गिरावट के साथ 60,070 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है।

कुछ और शहरों में आज सोने के दाम क्या हैं- जानें

अहमदाबाद में 24 कैरेट शुद्धता वाला सोना 50 रुपये की गिरावट के साथ 60,110 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है।बंग्लुरू में 24 कैरेट शुद्धता वाला सोना 50 रुपये की गिरावट के साथ 60,110 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। हैदराबाद में 24 कैरेट शुद्धता वाला सोना 40 रुपये की गिरावट के साथ 60,070 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। पटना में 24 कैरेट शुद्धता वाला सोना 50 रुपये की गिरावट के साथ 60,110 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है।

बैंकिंग- एफएमसीजी स्टॉक्स में मुनाफावसूली से हफ्ते के पहले कारोबारी सत्र में गिरकर बंद हुआ भारतीय शेयर बाजार

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। हफ्ते का पहला कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार के लिए निराशाजनक साबित हुआ है। एक तो सुबह तेजी के साथ खुलने के बाद शेयर बाजार के दोनों ही प्रमुख इंडेक्स अपने ऐतिहासिक हाई को छूने में नाकामयाब रहे। और बाद में मुनाफावसूली आने के बाद बाजार लाल निशान में ट्रेड कर लगा। आज का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 216 अंकों की गिरावट के साथ 63,168 तो नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 71 अंकों की गिरावट के साथ 18,755 अंकों पर बंद हुआ है। आज के कारोबार में ऑटो, फार्मा, हेल्थकेयर सेक्टर के स्टॉक में केवल तेजी देखने को मिली है। जबकि बैंकिंग, आईटी, ऑयल एंड गैस, एफएमसीजी, मेटल्स, मीडिया, एनर्जी, इंफ्रा कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और कमोडिटी सेक्टर के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। स्मॉल कैप और मिड कैप सेक्टर के शेयरों के इंडेक्स में मामूली तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में 15 शेयर तेजी के साथ तो 35 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि सेंसेक्स के 30 शेयरों में 11 शेयर तेजी के साथ तो 19 शेयर नीचे गिरकर क्लोज हुए। तेजी वाले शेयरों पर नजर डालें तो बजाज फाइनैंस 2.24 फीसदी, बजाज फिनसर्व 2.21 फीसदी, टेक महिंद्रा 1.36 फीसदी, टीसीएस 1.08 फीसदी और सन फार्मा 1.04 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ है जबकि कोटक महिंद्रा बैंक 1.72 फीसदी, एक्सिस बैंक 1.54 फीसदी, एनटीपीसी 1.35 फीसदी एचयूएल 1.28 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ है। भारतीय शेयर बाजार में गिरावट के चलते बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप रिकॉर्ड नीचे फिसल गया है। बीएसई का मार्केट कैप बाजार बंद होने पर 292.58 लाख करोड़ रुपये पर क्लोज हुआ है जबकि पिछले ट्रेडिंग सत्र में मार्केट कैप 292.73 लाख करोड़ रुपये रहा था।

खतरे में नजर आ रही एलन मस्क की कुर्सी

अर्नाल्ट फिर बन सकता है दुनिया का सबसे अमीर

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। टेस्ला कंपनी के सीईओ और ट्विटर के बॉस एलन मस्क के नंबर वन का ओहदा छिन सकता है। एलन मस्क एक बार फिर दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति की कुर्सी से हट सकते हैं, क्योंकि दुनिया का दूसरा सबसे अमीर व्यक्ति काफी नजदीक पहुंच गए हैं। दोनों अमीर व्यक्तियों के बीच दौलत का फासला काफी कम है।

कितनी है एलन मस्क दौलत

दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क की दौलत में पिछले कुछ समय से काफी बढ़ोतरी हुई है। फोर्ब्स बिलियनेयर लिस्ट के मुताबिक, एलन मस्क की मौजूदा दौलत 236.9 अरब डॉलर हो चुकी है। वर्तमान समय में एलन मस्क ट्विटर के मालिक होने के साथ ही टेस्ला और स्पेसएक्स कंपनी के सीईओ हैं।

एलन मस्क के बेहद करीब बर्नार्ड अरनॉल्ट

दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बर्नार्ड अरनॉल्ट की कुल दौलत मौजूदा वक्त में 231.3 अरब डॉलर है। फोर्ब्स के मुताबिक सोमवार को इनकी दौलत में 2.4 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट हुई है। फिर भी ये एलन मस्क से काफी करीब हैं। एलन मस्क और बर्नार्ड अरनॉल्ट के बीच सिर्फ 5.6 अरब डॉलर का फासला बचा है।

पेरिस में मिले थे एलन मस्क और बर्नार्ड अरनॉल्ट

दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क और दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बर्नार्ड अरनॉल्ट ने पेरिस में एक लंच के दौरान मुलाकात की थी। ट्विटर पर ये तस्वीरें वायरल हुई। कई यूजर्स के अलग-अलग रिएक्शन सामने आए। भारत के बिजनेस टाइकून आनंद महिंद्रा ने भी पूछा कि आखिर बिल कितने भरा होगा?

मुकेश अंबानी के पास कितनी दौलत

एशिया और भारत के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क के पास 91.3 अरब डॉलर की दौलत है और 24 घंटे के दौरान 951 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। ये मौजूदा वक्त में दुनिया के 13वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। दूसरी ओर गौतम अडानी दुनिया के 24वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। इनकी कुल दौलत 52.2 अरब डॉलर है।

दैनिक पंचांग

ग्रह गोचर

ग्रह स्थिति		
सूर्य-	मिथुन	में
चंद्र-	मिथुन	में
मंगल	कर्क	में
बुध-	वृष	में
गुरु-	मेष	में
शुक्र-	कर्क	में
शनि-	कुंभ	में
राहु-	मेष	में
केतु-	तुला	में

लग्नारंभ समय		
मेष--	01-42	बजे
वृष--	03-26	बजे
मिथुन..	05-26	बजे
कर्क...	07-40	बजे
सिंह...	09-51	बजे
कन्या..	11-57	बजे
तुला....	14-03	बजे
वृश्चिक.	16-13	बजे
धनु......	18-26	बजे
मकर..	21-02	बजे
कुंभ....	22-23	बजे
मीन ..	00-01	बजे

श्री पिंगल नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2080
शक संवत् -1945, सूर्य उत्तरायणे,ऋतु- ग्रीष्म
महावीर निर्वाण संवत् -2549,हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
सूर्योदय- 05-46
सूर्य अस्त- 18-48
भोग्य कलि वर्ष-426876
कलियुग संवत् -5124 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949124
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885124
दिशाशूल --उत्तर - गुड खाकर घर से निकले
तिथि- द्वितीया - 13 -07 तक उपरान्त तृतीया
मास - आषाढ शुक्ल पक्ष , मंगलवार June 20
नक्षत्र - पुनर्वसु - 22- 36 - तक उपरान्त पुष्य
योग - ध्रुव - 01 - 46 - तक उप - व्याघात
करण- कौलव - 13 -07 - तक उप- तैतिल
विशेष:-
व्रत -त्योहार - जगन्नाथ रथयात्रा

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

राहुकाल 15:35 से 17:13 तक

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
रोग	05:46 - 07:22	अशुभ	काल	18:48 - 20:13	अशुभ
उत्पात	07:22 - 09:01	अशुभ	लाभ.	20:13 - 21:35	शुभ
चंचल	09:01 - 10:39	शुभ	उत्पात	21:35 - 22:56	अशुभ
लाभ	10:39 - 12:18	शुभ	शुभ.	22:56 - 00:18	शुभ
अमृत	12:18 - 13:56	शुभ	अमृत	00:18 - 01:39	शुभ
काल.	13:56 - 15:35	अशुभ	चंचल	01:39 - 03:01	शुभ
शुभ.	15:35 - 17:13	शुभ	रोग	03:01 - 04:22	अशुभ
रोग	17:13 - 18:48	अशुभ	काल.	04:22 - 05:46	अशुभ

आपका राशिफल

मेष चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
स्वास्थ्य अच्छा बना रहता है। आज कोई लेनदार आपके पास आ सकता है और आपसे कर्ज चुकाने के लिए कह सकता है। हालाँकि आप राशि चुका देंगे, लेकिन यह जीवन में आर्थिक तंगी पैदा कर सकता है। इसलिए आपको उधार लेने से बचने की सलाह दी जाती है।

वृष ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
दांत दर्द या पेट खराब होना आपके लिए कुछ परेशानी खड़ी कर सकता है। तुरंत राहत पाने के लिए चिकित्सक की सलाह लें। जो व्यापारी काम के सिलसिले में घर से बाहर निकल रहे हैं उन्हें आज अपना धन किसी सुरक्षित स्थान पर जमा करके रखना चाहिए, चोरी होने की संभावना है।

मिथुन का, की, कू, घ, ड, झ, के, को, हा,
आप अपने आस-पास के लोगों को अत्यधिक मांग करने वाले पाएंगे- जितना आप कर सकते हैं उससे अधिक का वादा न करें- और केवल दूसरों को खुश करने के लिए खुद को थकाने के लिए तनाव न दें। आज के दिन आपको पैसों से जुड़ी समस्या आ सकती है और अपने पिता या पिता तुल्य व्यक्ति से सुझाव मांग सकते हैं।

कर्क ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
लंबे समय से जीवन में चल रहे तनाव और तनाव से आपको राहत मिलेगी। उन्हें स्थायी रूप से दूर रखने के लिए अपनी जीवन शैली को बदलने का सही समय है। इस राशि के कुछ जातकों को आज संतान के माध्यम से आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है। आज आपको अपनी संतान पर गर्व होगा।

सिंह मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आज आपके पास ख़ुद के लिए पर्याप्त समय होगा इसलिए अपने अच्छे स्वास्थ्य के लिए टहलने के लिए बाहर निकलें। आज आप पैसे जमा करने और बचाने का हुनर सीख सकते हैं और उसका सही इस्तेमाल कर सकते हैं। आपके बच्चे के पुरस्कार समारोह में निमंत्रण खुशी का स्रोत होगा।

कन्या टो, पा, पी, पू ,ष, ण, ट, पे ,पो,
समय-समय पर टूटने से आपको कुछ परेशानी हो सकती है। अपने तंत्रिका तंत्र को क्रियाशील रखने के लिए पूरा आराम करें। परिवार के छोटे सदस्यों का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है, जिससे आपको स्थिति को संभालना होगा और काफी धन खर्च करना होगा। गृह-सुधार परियोजनाओं पर विचार किया जाना चाहिए।

तुला रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आपका बच्चों जैसा स्वभाव सामने आएगा और आप चंचलता के मूड में रहेंगे। अप्रत्याशित बिल आर्थिक बोझ बढ़ाएंगे। परिजनों के बीच पैसों के मामले में विवाद होने की संभावना है। आपको परिवार के सभी सदस्यों को वित्त और नकदी प्रवाह के बारे में स्पष्ट रहने की सलाह देनी चाहिए।

वृश्चिक लो,ना,नी, ने,नू, या, यी ,यू,
आपकी जबरदस्त बौद्धिक क्षमता आपको विकलांगता से लड़ने में मदद करेगी। सकारात्मक विचार रखकर ही आप इस समस्या से लड़ सकते हैं। संयुक्त उद्यमों और संदिग्ध वित्तीय योजनाओं में निवेश न करें। पुराने संपर्कों और संबंधों को पुनर्जीवित करने के लिए दिन अच्छा है। रोमांटिक अफेयर आज मार खा सकता है।

धनु ये, यो,य, मी, मू धा ,फा, ढा, मे
कुछ अपरिहार्य परिस्थितियां आपको कुछ बेचैनी दे सकती हैं। लेकिन आपको अपना संतुलन बनाए रखने की कोशिश करनी चाहिए और स्थिति से निपटने के लिए तुरंत प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए। आज आपके सामने कई नई आर्थिक योजनाएँ आएंगी- कोई भी वादा करने से पहले अच्छे-बुरे पर विचार कर लें।

मकर मो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, ग, गी
तनाव दूर करने के लिए कोई सुखदायक संगीत सुनें। अगर आपको लगता है कि आपका पैसा बिना किसी अच्छे कारण के खर्च हो रहा है तो आज आपको एक सही और प्रभावी बजट योजना बनाने की जरूरत है। आपका कोई करीबी बेहद अप्रत्याशित मूड में रहेगा। आप प्यार के दर्द का अनुभव कर सकते हैं।

कुंभ गू, गे ,गो, सा, सि, सू, से, सो, द,
जैसे-जैसे आप दूसरों के साथ खुशी के पल साझा करेंगे, आपका स्वास्थ्य भी खिलेगा। लेकिन सावधान रहें क्योंकि इसे नज़रअंदाज करना बाद में आपको परेशान कर सकता है। जैसा कि आपने अतीत में बहुत खर्च किया है, आपको अपने वर्तमान में इसके परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

मीन दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
मोतियाबिंद के रोगियों को प्रदूषित वातावरण में जाने से बचना चाहिए क्योंकि धूम्रपान आपकी आँखों को और नुकसान पहुँचा सकता है। हो सके तो धूप के ज्यादा संपर्क में आने से बचें। यदि आपने अपने परिवार के किसी सदस्य से कुछ धन उधार लिया था तो उसे आज ही लौटा देना उत्तम होगा।

पं. महेशचन्द्र शर्मा 9247132654, 8309517693

घर चलाने के लिए शुरू की गई पत्रिका से हुआ था शिवसेना का जन्म

दक्षिण भारतीयों को सबक सिखाना चाहता था ठाकरे परिवार

नई दिल्ली, 19 जून (एक्सक्लूसिव डेस्क)। 19 जून, 1966 को सुबह 9:30 बजे ठाकरे परिवार के दोस्त सहदेव नाइक ने शिवाजी महाराज की मूर्ति के सामने एक नारियल फोड़ा और सभी ने 'छत्रपति शिवाजी महाराज' की जय के नारे लगाए। इस तरह 57 साल पूर्व शिवसेना की स्थापना हुई थी। हालांकि इस पार्टी का विचार शायद कभी नहीं आता, अगर साल 1960 में कार्टून साप्ताहिक मार्मिक की शुरुआत न हुई होती है।

क्या है मार्मिक की कहानी?

जैसा की सर्वविदित है बाल ठाकरे एक कार्टूनिस्ट थे। रेखांकन की उनकी ट्रेनिंग बचपन में ही शुरू हो गई थी। एक बार तो उन्होंने जेजे स्कूल ऑफ आर्ट में दाखिला लेने का भी मन बना लिया था लेकिन फिल्मकार और कलाकार बाबू राव पेंटर ने उन्हें सलाह दी कि वे अकादमी पाठ्यक्रम में मेहनत करने का इरादा छोड़कर किसी पेंटर के स्टूडियो में काम कर लें। साल 1954 में बाल ठाकरे फ्री प्रेस जर्नल के लिए काम करने लगे। कार्टून की दुनिया के बड़े नाम आरके लक्ष्मण भी उसी अखबार में काम करते थे। जब प्रतिष्ठित शंकर्स वीकली के शंकर पिल्लै ने जवाहरलाल नेहरू की रूस यात्रा के दौरान उनके साथ जाने का फैसला किया तो उन्होंने बाल से कहा कि वे उनकी अनुपस्थिति में उनकी पत्रिका के लिए कार्टून बना दें।

इसके साथ ही बाल ठाकरे छपने लगे। वह अपने कार्टून में सप्ताह की घटनाओं पर चुटकी लेते थे। जल्द ही उनका नाम चर्चा में आ गया। हालांकि अखबार के दक्षिण भारतीय अधिकारियों के साथ उनकी नहीं बनी। खासकर प्रबंध संपादक ए.बी. नायर और हरिहरण के साथ उनके रिश्ते खराब हो गए और उन्होंने साल 1959 में फ्री प्रेस जर्नल की नौकरी छोड़ दी। दक्षिण भारतीयों के साथ ठाकरे परिवार की तब से नहीं बनी, जब पूरा परिवार एक चाल में रहा करता था। फ्री प्रेस जर्नल छोड़ने के बाद बाल ठाकरे ने छह साझेदारों के साथ मिलकर 'न्यूज डेज' नामक पत्रिका शुरू की। वह उन छह लोगों में अकेले मराठी थे। वहां भी दक्षिण भारतीय साझेदारों के साथ अनेक मुद्दों पर असहमति होने के बाद उन्होंने काम छोड़ दिया। इसके बाद बाल ठाकरे ने अपने छोटे भाई श्रीकांत के साथ 1960 में कार्टून साप्ताहिक मार्मिक की शुरुआत की। धवल कुलकर्णी अपनी किताब 'ठाकरे भाऊ' में लिखते हैं कि अत्रे के दैनिक मराठा ने संयुक्त महाराष्ट्र की जिस तरह से लड़ाई लड़ी थी। उसी तरह मार्मिक ने छह साल बाद शिवसेना के जन्म की भूमिका तैयार की।

मार्मिक में हुई थी शिवसेना के गठन की घोषणा

मार्मिक अपने कार्टूनों, व्यंग्य, और स्तंभों के माध्यम से मराठी मानुस के मसलों को उठाता रहता था, इससे उसका मराठी लोगों के साथ तार जुड़ गया। इसके कारण कई मराठी युवा ठाकरे के रानडे रोड वाले घर पर आते रहते थे, जहां मार्मिक का दफ्तर भी था। वे युवक ठाकरे परिवार से भेदभाव की शिकायत करते थे। मार्मिक के लेखों में इस बात की तरफ ध्यान दिलाया जाता था कि किस तरह अन्य राज्यों के लोग मुंबई में बढ़ते जा रहे हैं। पत्रिका में विशेषकर दक्षिण भारतीयों की आलोचना होती थी।

धवल कुलकर्णी लिखते हैं कि ठाकरे परिवार ने यह धारणा बना ली थी कि आला नौकरियों में दक्षिण भारतीयों की संख्या अन्य समुदायों की तुलना में बहुत अधिक है। ऐसे में बाल ठाकरे के पिता प्रबोधनकार ने यह विचार दिया कि एक राजनीतिक दल का गठन किया जाए ताकि इस अभियान को संगठित रूप दिया जा सके। ठाकरे परिवार के मुखिया ने संगठन को नाम दिया- शिवसेना (शिवाजी महाराज की सेना)।

5 जून, 1966 में मार्मिक ने यह घोषणा की कि शिवसेना नामक संगठन की शुरुआत होने जा रही है ताकि मराठी मानुस के ऊपर यंदु-गुंडु (बाल ठाकरे दक्षिण भारतीयों के लिए यही शब्द इस्तेमाल करते थे।) की चढ़ाई का मुकाबला किया जा सके। दक्षिण भारतीयों को सबक सिखाने के मकसद से शुरू हुई शिवसेना ने आगे चलकर मुसलमानों, बौद्ध दलितों, और उत्तर भारतीयों को निशाना बनाया।

दक्षिण भारतीय और ठाकरे परिवार

शिवसेना के जन्म की जड़ें प्रबोधनकार द्वारा चलाए गए उस अभियान से भी जुड़ती हैं जो उन्होंने अपने साप्ताहिक के माध्यम से 1922 में चलाई थी। प्रबोधनकार उस समय दादर के मिरांडा चाल में रहते थे। उनका ध्यान इस बात के ऊपर गया कि बड़ी तादाद में मद्रासी युवा कम मज़दूरी पर काम करने के लिए मुंबई आ रहे थे जिसके कारण सरकारी, अर्ध सरकारी और निजी कम्पनियों में मज़दूरी की दर गिरने लगी थी।

उस समय सीनियर स्टेनो टाइपिस्ट महीने में 120 से 125 रुपए के बीच कमा लेते थे जबकि जो जूनियर स्टेनो टाइपिस्ट होते थे वे 60 से 75 रुपए महीने के कमा ले रहे थे। दक्षिण भारतीयों के आने के कारण यह कमाई 25 से 50 रुपए तक रह गई, जिसके कारण स्थानीय लोगों को रोज़गार मिलने में मुश्किल हो रही थी। प्रबोधन में दो लेख छपने के बाद दादर और मातुंगा के मद्रासियों ने हाथ मिला लिया और उनके ऊपर यह आरोप लगाया कि वे धर्म, नस्लीयता, जन्मस्थान या भाषा के आधार पर अलग-अलग समूहों के बीच दुश्मनी पैदा करने का काम कर रहे थे।

कुलकर्णी लिखते हैं कि प्रबोधनकार ने बम्बई के मुख्य सचिव से मिलकर एक आदेश पारित करवा दिया था कि ताकि किसी भी विभाग में बहाली के वक्त स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जाए। शायद इन घटनाओं ने भी 1966 में शिवसेना की स्थापना का बीज डाला।

'जय महाराष्ट्र' शिवसेना और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना दोनों का नारा है। यह नारा प्रबोधनकार ने ही दिया था।

छत्तीसगढ़ में उगाया दुनिया का सबसे महंगा आम

एक किलो की कीमत 2 लाख 70 हजार रुपए, मैंगो फेस्टिवल में 200 से ज्यादा किस्म

रायपुर, 19 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पहली बार मैंगो फेस्टिवल मनाया जा रहा है। जोरा स्थित पंजाब केसरी भवन में आयोजित इस एग्जीबिशन में 200 किस्म के आम रखे गए हैं। प्रदर्शनी में 2 लाख 70 हजार प्रति किलो का 'मियाजाकी' आम सबसे ज्यादा खास है।

बनावट में किसी दूसरे आम की ही तरह दिखने वाला मियाजाकी जापानी प्रजाती का है। इसका रंग और बनावट थोड़ी अलग है। जिसे देखने और उसकी तस्वीर लेने की होड़ लगी हुई है। अगर एक किलो में 3 आम भी चढ़ते हैं तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक आम की कीमत लगभग 90 हजार रुपए होगी। विश्रामपुर इलाके के कमलपुर बाग में कोल इंडिया के रिटायर्ड जनरल मैनेजर राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने ये आम अपने बाग में लगाया है और प्रदर्शनी के लिए 639 ग्राम का एक आम यहां लेकर पहुंचे हैं, जिसकी कीमत 1 लाख 82 हजार रू. है।

'मियाजाकी' की क्या है खासियत

ये आम जापान में उगाया जाता है और यहां के शहर 'मियाजाकी' के नाम पर ही इसका नाम रखा गया है। राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने

बताया कि उनके पास इस प्रजाती के दो पेड़ हैं और पहला फल वे रायपुर लेकर आए हैं। इस आम की खासियत यह है कि फल का जो हिस्सा सूर्य की रोशनी की ओर होता है, उसका स्वाद अलग और जिस हिस्से पर रोशनी नहीं पड़ती उसका टेस्ट कुछ अलग होता है।

उन्होंने बताया कि कॉर्पोरेट कल्चर में बड़े व्यवसायी और उद्योगपति एक दूसरे को ये महंगा आम गिफ्ट करते हैं और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 2 लाख 70 हजार रूपए प्रति किलो है। गुप्ता अपने साथ कैलिफोर्निया यूएसए, थाईलैंड, फिलीपींस, चाइना, और बांग्लादेशी प्रजाती के भी आम यहां प्रदर्शनी में लेकर पहुंचे हैं।

प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में जुटे लोग

यहां पहुंची प्रकृति प्रेमी शिल्पा नाहर ने बताया कि प्रदर्शनी अपने आप में बेहद खास है। यहां बेर के साइज के सबसे छोटे आम याकुर्ती और सबसे बड़े हाथीझूल देखने को मिले हैं। उनके मुताबिक छत्तीसगढ़ की अपनी खुद की प्रजाती पवन, स्वर्णप्रभा, गौरव, अचार, छत्तीसगढ़ राज और नंदीराज आम उन्हें यहां देखने मिले। साथ ही ये भी पता चला कि पूरे विश्व में आमों की 1500 से 1600 प्रजातियां पाई जाती है, जिनमें 50 प्रतिशत भारत में ही मिलता है।

संताल के रास्ते झारखंड में प्रवेश कर गया मानसून

रांची, 19 जून (एजेंसियां)। लंबे इंतजार के बाद झारखंड में मानसून ने दस्तक दे दी है। कई जिलों में बारिश शुरू हो गयी है। मौसम विभाग रांची ने भी झारखंड में मानसून के प्रवेश का ऐलान कर दिया है। डॉ अभिषेक आनंद ने बताया कि झारखंड में दक्षिणी पश्चिमी मॉनसून की एंट्री हो गयी है। संताल परागना के रास्ते झारखंड में मॉनसून प्रवेश कर गया है। राजधानी रांची में काले बादल साफ नजर आने लगे हैं। शाम में झमाझम बारिश होने की संभावना है। अगले पांच दिनों में राज्य में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। अगले दो दिन में जमशेदपुर में भी मॉनसून प्रवेश करेगा।

भाकपा नेता राजा बोले-सेक्युलर पार्टियां सत्ता हासिल करने के लिए नहीं

रांची, 19 जून (एजेंसियां)। भाकपा नेता डी राजा का मानना है कि लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को हराने के लिए सभी सेक्युलर पार्टियां एक साथ आईं हैं। अपने दो दिन के झारखंड दौरे पर राजा ने कहा कि देश की हालत गंभीर और परेशान करने वाली है। लोकतंत्र के खातिर भाजपा को उखाड़ फेंकना होगा। उन्होंने कहा कि समान विचारधारा वाली पार्टियों ने भाजपा को हराने के लिए एक साथ आना होगा। यह सत्ता पाने के लिए नहीं, बल्कि देश के संविधान, लोकतंत्र और उसके भविष्य को बचाने के लिए है।

उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के साथ आने के बाद उनका नेता कौन होगा? इस पर बाद में चर्चा की जाएगी। नेता किसी को भी चुना जाए, हमें कोई आपत्ति नहीं होगी। सभी दल चर्चा करने के बाद ही निर्णय लेंगे। यूनाइटेड फ्रंट के गठन के समय हमने इसका

अनुभव किया था और जीत के बाद नेता के नाम पर सवाल उठे थे। हालांकि, एक न्यूनतम साझा कार्यक्रम के तहत चर्चा की गई। कोई दिक्कत नहीं हुई थी। सब कुछ ठीक चल रहा था।

विपक्षी पार्टियों की मीटिंग में शामिल होंगे राजा

राजा ने बताया कि वह 23 जून को पटना में होने वाली विपक्षी पार्टियों की मीटिंग में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस मीटिंग में कई राज्यों के मुख्यमंत्री और शीर्ष नेता शामिल होने वाले हैं। यह मीटिंग बिहार के सीएम और जनता दल (यूनाइटेड) के नेता नीतीश कुमार ने बुलाई है।

आरएसएस पर लगाया आरोप

राजा ने आरएसएस पर आरोप लगाया कि संघ भाजपा के सहारे अपना एजेंडा आगे बढ़ा रहा है। इस वजह से देश में दलितों, अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा जब से सत्ता में आई है, तब से आरएसएस बहुत ज्यादा आक्रमक हो गई है। वह भाजपा पर अपने एजेंडे को मानने के लिए दबाव बनाती है। दलितों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों के ऊपर बढ़ रहे हिंसा का यही कारण है। इसके अलावा सार्वजनिक क्षेत्रों का निजीकरण किया जा रहा है। राजा ने कहा कि विपक्ष को संसद के पिछले सत्र में अदाणी का मुद्दा उठाने नहीं दिया गया। यह लांकतंत्र के लिए ठीक नहीं था।

चुप्पी बनाए रखने पर पीएम मोदी पर साधा निशाना

उन्होंने मणिपुर हिंसा के लिए भी भाजपा को ही जिम्मेदार ठहराया। तीन मई से जारी मणिपुर हिंसा पर चुप्पी बनाए रखने के लिए राजा ने पीएम मोदी पर निशाना साधा। सीपीआई के वरिष्ठ नेता ने पहलवानों के मुद्दे पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि देश का नाम रोशन करने वाले पहलवानों का क्या हाल हो रहा है, लेकिन मोदी ने उनके लिए एक शब्द नहीं बोले। भाजपा सरकार सुशासन देने में असफल रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा झारखंड, दिल्ली और तमिलनाडु में गैर भाजपा सरकारों को परेशान करने के लिए सभी हथकंडे अपना रही है। उन्होंने कहा कि इन राज्यों के सरकारों को भाजपा डराने की कोशिश कर रही है। उन्हें ऐसा लगता है कि ऐसा कर वह नागरिकों को ठग सकते हैं लेकिन जनता समझती है कि मोदी सरकार ने देश के लिए क्या किया है।

चतरा को करोड़ों रुपए के योजनाओं की सौगात

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया 14 करोड़ 6 लाख रुपये की लागत से बने 42 योजनाओं का उद्घाटन

चतरा, 19 जून (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज चतरा को करोड़ों रुपए की योनजाओं की सौगत दी है। 14 करोड़ छह लाख की लगात से बनी 42 योजनाओं का शिलान्यास हुआ है। चतरा जिले के लिए 363 करोड़ 20 लाख 23 हजार की लगात से 173 विकास योजनाओं की भी शुरुआत की गयी।

क्या बोले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा, इस वक्त मौसम ऐसा है कि सड़क पर सन्नाटा है। पर्यावरण परिवर्तन इतना बिगड़ चुका है कि अंदाजा लगाया नहीं जा सकता है। लोग कहते हैं सरकार एयर कंडीशन कमरे में काम करती है। आप देख रहे हैं कि यह सरकार आपके लिए काम करती है। सरकार एक बार फिर आपके दरवाजे पहुंचने की योजना बना रही है।

यहां डर भय और भूख अपना

पैर पसार रहा था लेकिन अब हालात बदले हैं। यह सभी योजना है जो राज्य के लिए है और पहली शुरुआत चतरा में कि की गयी है। इन इलाकों में स्वास्थ्य योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि देर रात में कई जगहों पर दवा की दुकानें बंद हो जाती है। सरकार पंचायत स्तर पर दवा की दुकान खोलने की इजाजत दे रही है। गर्मी बहुत है और कई लोग बहुत दूर से आये हैं, मैं नहीं चाहता कि आपको ज्यादा वक्त लगे।

मौसम अभी भी खेल रहा है आंख मिचौली

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मौसम का जिक्र करते हुए कहा, मौसम अभी भी आंख मिचौली खेल रहा है। पता नहीं क्या होगा यह कह पाना मुश्किल है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कोरोना माहामारी की एक बार फिर चर्चा करते हुए कि कोरोना खत्म हुआ तो सुखाड़ आ गया। किसानों के ॠण माफ कर दिए गये।

सत्यानंद भोक्ता ने क्या कहा

श्रम संसाधन मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि चतरा में इतना काम हो रहा है कि मजदूर नहीं मिल रहे हैं। राज्य रोजगार की दिशा में भी बेहतर काम कर रही है। कई नियुक्ति हो चुकी है। कई नियुक्तियां कतार में हैं। अभी कई बहाली तेजी गति से हो रही है। मैं मुख्यमंत्री को बधाई देता हूं कि वह इतनी तेजी से काम कर रहे हैं। कार्यक्रम पुलिस लाइन में शिलान्यास, उद्घाटन और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। मुख्यमंत्री दोपहर के 12 बजे हेलिकॉप्टर से चतरा पहुंचें।

रेंजर बोले- डीएफओ दे रहीं धमकी

कहा- डिमांड पर चिकन, बकरा मंगवाया, मालिश करने वाली भी रखी, अब नहीं दे रहीं 1 लाख रुपए

मुंगेली, 19 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले में पदस्थ डीएफओ शमा फारूकी पर एक रेंजर ने गंभीर आरोप लगाए हैं। फेकुराम लास्कर के मुताबिक महिला अधिकारी ने उससे चिकन, बकरा, किराना मंगाया और अब उसका एक लाख रुपए नहीं दे रही है। मांगने पर गाली-गलौज करती हैं, उसे धमकी दी जा रही है। इसके अलावा रेंजर ने ये भी आरोप लगाए हैं कि उसने अधिकारी के लिए एक महिला को मालिश करने बुलाया था। उसके भी पैसे अधिकारी नहीं दे रही है। रेंजर ने इस मामले की शिकायत पुलिस और कलेक्टर से की है।

आईएफएस शमा फारूकी मुंगेली वन मंडल में पदस्थ हैं। इसी रेंज में रेंजर फेकुराम लास्कर भी पोस्टेड है। वन अधिकारी ने मामले की शिकायत करते हुए बताया कि यह सब कुछ पिछले 5 महीने से चल रहा है। अफसर ने मुझे घर का सामान, बच्चों के लिए खिलौने तक मंगवा लिए। इन सब का पैसा 90 हजार रुपए हुआ है।

मालिश के 12 हजार

रेंजर का आरोप है कि डीएफओ के कहने पर ही मैंने एक महिला जिसका नाम चंद्रकुमारी पात्रे है। उसे बुलाया था। उसने अधिकारी की मालिश की। मालिश के 12 हजार रुपए हुए हैं। ये पैसे भी मैंने ही दिए, कुल मिलाकर मैंने 1 लाख 2 हजार रुपए का भुगतान किया। फिर जब मैंने अधिकारी से पैसे मांगे तो मुझे गाली देने लगी।

रेंजर ने बताया है कि मुझे नौकरी से निकलवाने की धमकी देती हैं। कहती है कि वन मंत्री और अधिकारी से बोलकर तुम्हें सस्पेंड करवा दूंगी। कुछ दिन में ही रिटायर होने वाले हो, ठीक से रिटायर नहीं होना चाहते क्या। तुम इतना नहीं कर सकते एक रेंजर होकर। आरोप है कि डीएफओ ने रेंजर को किसी मामले में फंसा देने की भी धमकी दी है। इसके लिए उसने कुछ दस्तावेज भी तैयार कर लिए हैं।

कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में लगी भीषण आग, 3 लोगों की मौत

कोरबा, 19 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कोरबा में स्थित एक कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में भीषण आग लग गई। इस वजह से अंदर फंसे कुछ लोग बेहोश हो गए। उन्हें किसी तरह से सीढ़ियों के सहारे बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया। वहीं दम घुटने से 3 लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में महिला भी शामिल है। बताया जा रहा है कि इस आग ने 10 से ज्यादा दुकानों को चपेट में ले लिया गया है। फिलहाल आग बुझाने प्रयास जारी है।

जानकारी के मुताबिक, शहर के बीचों बीच यह कॉम्प्लेक्स है। इस कॉम्प्लेक्स में एलआईसी का ऑफिस है, स्टेशनरी समेत कई दुकाने हैं। यहां आग करीब 1.30 बजे के आस-पास लगी थी। अचानक भड़की आग के बाद कॉम्प्लेक्स के अंदर मौजूद लोग किसी तरह से वहां से भागे। कुछ लोगों ने अपनी जान बचाने सीधे ऊपर से ही छलांग लगा दी।

इसके बाद फायर ब्रिगेड़ को सूचना दी गई थी। जिसके बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। 4 गाड़ियों को मौके पर पहुंची हुई हैं।

सभी गाड़ियां आग बुझाने लगातार प्रयास कर रही हैं। मगर अब तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। उधर, खबर है कि कुछ लोग अंदर भी फंसे हैं। जिन्हें सीढ़ियों के सहारे निकाला जा रहा है। आस-पास के लोगों की भीड़ मौके पर पहुंच गई।

ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को मिलेगी उड़ान

121 पंचायतों में खेल मैदान बनकर तैयार

गुमला, 19 जून (एजेंसियां)। गुमला जिला आदिवासी बहुल इलाका है। यह राज्य में खेल नगरी के रूप में भी विख्यात है। खेल नगरी की ख्याति को सशक्त करने के उद्देश से जिला प्रशासन यहां के 159 पंचायतों में खेल मैदान तैयार करा रहा है। जिसमें अब तक 121 पंचायतों में खेल मैदान बनकर तैयार हो गया है। जिसका उद्घाटन क्रमवार ढंग से किया जा रहा है। साथ ही खिलाड़ियों की सुविधा के लिए खेल मैदान के साथ-साथ चेंजिंग रूम और शौचालय भी व्यवस्था कराई जा रही है। जिला के सभी पंचायतों में खेल मैदान होने से युवाओं का खेल के प्रति रुझान बढ़ेगा। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से एक से बढ़कर एक खिलाड़ी निकलेंगे। उम्मीद है कि यहां से

खिलाड़ी निकल कर जिला, राज्य राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करते हुए नजर आएंगे। जिले में खेल मैदान की कमी के कारण यहां की प्रतिभा गांव में ही सिमट जा रही थी, लेकिन अब पंचायतों में खेल मैदान बन जाने से खिलाड़ी नियमित रूप से अभ्यास कर सकेंगे एवं परिपक्व हो सकेंगे। खेल को बढ़ावा देने के लिए पंचायत स्तर पर फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा। बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। प्रतिभा के आधार पर खिलाड़ियों को चिन्हित कर प्रखंड एवं जिला स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

ओवरब्रिज से टकराई बस, 26 यात्री घायल

रायगढ़, 19 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में एक तेज रफ्तार यात्री बस रेलवे ओवरब्रिज से जा टकराई। जिसकी वजह से 26 यात्री घायल हुए हैं। इनमें से 2 यात्री हादसे के बाद नीचे बने रेलवे ट्रैक पर भी जा गिरे। इसके चलते इनकी हालत काफी गंभीर बनी हुई है। हादसा घरघोड़ा थाना क्षेत्र में हुआ है। सोमवार सुबह यात्री बस सीजी 13 एबी 7596 रायगढ़ से घरघोड़ा की ओर जा रही थी। बस सुबह 7.30 बजे से 8 बजे के बीच दर्रीडीपा के पास पहुंची थी। उसी दौरान यह हादसा हो गया है। बताया जा रहा है कि बस तेज रफ्तार में थी। इसके बाद अचानक से ओवरब्रिज से जा टकराई। हादसा इतना जबरदस्त था कि 2 यात्री सीधे नीचे बने रेलवे ट्रैक पर गिर गए। कुछ लोग जमीन पर गिर गए थे। मौके पर चीख पुकार मच गई। उधर,राहगीरों ने जब ये सब देखा, तब उन्होंने तत्काल एंबुलेंस को बुलाया। जिसके बाद सभी घायलों को घरघोड़ा अस्पताल भेजा गया है। वहां उनका उपचार किया जा रहा है।

योगा डे से पहले सड़क पर उतरे योग गुरु

रायपुर, 19 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के लिए ये चुनावी साल है। चुनाव से पहले राजनीतिक पार्टियां जहां अपनी-अपनी तैयारियों में लगी हुई हैं। वहीं, दूसरी तरफ लगातार हो रहे आंदोलनों ने सरकार की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। छत्तीसगढ़ में पटवारियों की हड़ताल के बाद अब योग गुरुओं ने एक दिवसीय महाआंदोलन दिया है। 21 जून को दुनियाभर में योग डे मनाया जाएगा। योग डे को लेकर हर जगह तैयारियां चल रही हैं। लेकिन इसी बीच छत्तीसगढ़ में

योग गुरुओं ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। राजधानी के तूता धरना स्थल में योग गुरुओं ने अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर धरना शुरू कर दिया।

प्रदेश के 25000 से ज्यादा योग गुरुओं की मांग है कि उनकी भर्ती, बिहार और मध्य प्रदेश सरकार की तर्ज पर राज्य के हाई, हायर सेकंडरी और सभी स्वामी आत्मानंद स्कूलों में की जाए। प्रदर्शन कर रहे योग गुरुओं ने कहा कि सरकार स्कूल में योग की किताबें बांटना छोड़कर रोजगार दे। छत्तीसगढ़ योग शिक्षक संघ के ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से योग गुरुओं की भर्ती के लिए मांग को लेकर लड़ाई लड़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ में 20 साल से योग का पाठ्यक्रम संचालित है और वर्तमान में 21 विश्वविद्यालयों और 42 महाविद्यालय में कोर्स संचालित हैं। 15 से 20 हजार लोग योग की डिग्री और डिप्लोमा लेकर रोजगार के अवसर के लिए भटक रहे हैं।

उन्होंने कहा कि योग की योग्यता हासिल करने के बावजूद भी पढ़ाई के लिए सरकार ही संस्थानों को मान्यता देती है। योग शिक्षक संघ का कहना है कि पढ़ाई करके निकलने वाले विद्यार्थियों के लिए योग के फील्ड का भविष्य अंधकार में दिखाई दे रहा है। दो सूत्रीय मांग को लेकर हम धरना दे रहे हैं।

पुलिसकर्मियों की बकरा-शराब पार्टी में मारपीट

एएसआई पर हॉकी-रॉड से हमला, हेड कांस्टेबल सस्पेंड, बेटे हिरासत में

भिलाई, 19 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के भिलाई में पुलिसकर्मियों की शराब और बकरा पार्टी के दौरान जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान भिलाई नगर थाने में पदस्थ एएसआई गुप्तेश्वर यादव के ऊपर हॉकी और रॉड से हमला कर दिया गया। बीच-बचाव करने आए सिपाही अनिल गुप्ता को भी पीटा गया। दोनों घायल पुलिसकर्मियों को सेक्टर-9 अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत सामान्य बताई जा रही है। घटना के बाद एसपी ने आरोपी हेड कांस्टेबल यशवंत ठाकुर को निलंबित कर दिया है। उसके दोनों बेटों को भी हिरासत में लिया गया है। जानकारी के मुताबिक, भिलाई नगर थाने में पदस्थ दो सिपाहियों ने हवलदार बनने की खुशी में अपने साथियों को जयंती स्टेडियम में शराब और बकरा पार्टी दी थी। पार्टी में जमकर शराब पी गई। इसी दौरान नशे की हालत में किसी बात को लेकर हेड कांस्टेबल यशवंत ठाकुर और भिलाई नगर थाने की पेट्रोलिंग टीम में पदस्थ कांस्टेबल प्रेम सिंह के बीच विवाद हो गया।

अमेरिकी सांसदों ने बांधे पीएम मोदी की तारीफों के पुल

कहा- ये यात्रा दोनों देशों के एक साथ बढ़ने का प्रतीक

वाशिंगटन, 19 जून (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 जून को अमेरिका की यात्रा पर जाने वाले हैं। इस यात्रा को लेकर दोनों देश के नेता उत्साहित हैं। अमेरिकी सांसदों का मानना है कि पीएम मोदी की ये यात्रा द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण बिंदु है और दोनों देशों के एक साथ बढ़ने का प्रमुख प्रतीक है।

गौरतलब है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन व प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर 21-24 जून तक अमेरिकी यात्रा पर रहेंगे। 22 जून को राजकीय रात्रिभोज में मोदी हिस्सा लेंगे। इस यात्रा में 22 जून को अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करना भी शामिल है।

दोनों देशों को मिलकर काम करना जरूरी: टॉड यंग

रिपब्लिकन सांसद टॉड यंग ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा अमेरिका और भारत के संबंधों में एक महत्वपूर्ण बिंदु है। अमेरिका की सदन में इंडियाना का प्रतिनिधित्व करने वाले यंग ने कहा कि दोनों देशों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करना जारी रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि वहभारत में अपने समकक्षों के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं।

भारतीय जानते हैं अपनी समस्याएं: जॉन कॉर्निन

सीनेट इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष व रिपब्लिकन सांसद जॉन कॉर्निन ने इंडिया आइडिया के शिखर सम्मेलन में एक पैनल चर्चा में भाग लेते हुए आशा व्यक्त की कि राजकीय यात्रा से भारत-अमेरिका के पुनर्गठन में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि हमने इतिहास के बारे में बात की है। आप वापस नहीं जा सकते हैं और इतिहास को दोबारा नहीं बना सकते हैं। लेकिन हम यह पहचान सकते हैं कि मौजूदा खतरे वास्तविक हैं।

उन्होंने दिल्ली की साल 2021 के नवंबर में की गई अपनी यात्रा को याद करते हुए कहा कि मैं भारत में एक वरिष्ठ अधिकारी के साथ दौरा कर रहा था। इस दौरान मैंने कहा कि हम चिंतित हैं कि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) ताइवान में क्या कर सकता है। इसपर भारतीय सांसद ने कहा था कि हमें ताइवान से नहीं चीन से समस्या है।

उन्होंने कहा कि इसलिए मुझे लगता है कि चीन के साथ चल रहे सीमा युद्ध को लेकर भारत की चिंताएं सही हैं। कॉर्निन ने कहा कि उनका मानना है कि उन्हें अपनी अर्थव्यवस्था को अधिक अमेरिकी निवेश के लिए खोलने और हमारे साथ काम करने से लाभ होगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की यह यात्रा हमारे एक साथ बढ़ने का बहुत महत्वपूर्ण प्रतीक है। भारत अपनी रणनीतिक स्वतंत्रता बनाए रखना चाहता है और वे ऐसा करेंगे क्योंकि उनके पास हमेशा से है। लेकिन मुझे लगता है कि यह एक सकारात्मक संकेत है।

चीन की सेना अधिक खतरनाक: वार्नर

वहीं, सांसद मार्क वार्नर ने कहा कि भारतीय अधिकारियों ने उन्हें बताया है कि यूक्रेन पर आक्रमण करने वाले रूस के सैनिकों की तुलना में चीन के पास भारतीय सीमा पर अधिक खतरनाक सैनिक हैं। उन्होंने कहा कि यह ताइवान की समस्या नहीं है, यह चीन की समस्या है। भारतीय इसे पहचानते हैं।

मोदी की यात्रा के लिए उत्साहित: सिस्कोमनी

कांग्रेसी जुआन सिस्कोमनी ने कहा कि मोदी की ऐतिहासिक यात्रा को लेकर मैं बहुत उत्साहित हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका और भारत के बीच इस महत्वपूर्ण द्विराष्ट्रीय संबंध पर अपने नेतृत्व और दृढ़ कार्य के लिए निश्चित रूप से दोनों देशों का सम्मान अर्जित किया है। उन्होंने कहा कि मैं अगले सप्ताह इस संयुक्त कांग्रेस सत्र में प्रधानमंत्री मोदी के साथ शामिल होने के लिए उत्साहित हूं, क्योंकि वह हमारे देश को संबोधित कर रहे हैं।

सुपर राफेल बना रहा फ्रांस

स्टील्थ तकनीक और हाइपरसोनिक मिसाइल से होगा लैस, एफ-35 का बनेगा काल

पेरिस , 19 जून (एजेंसियां)। फ्रांसीसी विमान निर्माता डसॉल्ट एविएशन सुपर राफेल एफ5 बना रहा है। सुपर राफेल स्टील्थ तकनीक से लैस होगा और हाइपरसोनिक मिसाइलों को भी फायर कर सकेगा। इस विमान के साथ लॉयल विंगमैन फाइटर ड्रोन को भी इंट्रीगेट किया जा सकता है। सेल्फ-डिफेंस सिस्टम के साथ ज्वाइंट जैमिंग रडार से लैस राफेल एफ-5 अपने लिए युद्ध के मैदान में एक प्रोटेक्टिव वॉल भी बना सकता है। ऐसे में दुश्मन की एयर डिफेंस मिसाइलें इस लड़ाकू विमान के आसपास भी नहीं आ पाएंगी। फ्रांस के इस लड़ाकू विमान का मुख्य मुकाबला अमेरिका के एफ-35 से होगा। वर्तमान में अमेरिका अपने एफ-35 को दुनिया के कई देशों को बेच रहा है। इसके अलावा किसी भी देश के पास मार्केटिंग के लिए एफ-35 जैसा लड़ाकू विमान नहीं है। फ्रांसीसी डिफेंस वेबसाइट मेटा डिफेंस के अनुसार, सुपर राफेल या राफेल एफ-5 एक नया लड़ाकू विमान है। रिपोर्ट में बताया गया है कि राफेल एफ-5 एक एयर

कॉम्बेट सिस्टम होगा, जो कई सिस्टमों के सिस्टम पर आधारित होगा। यह सिर्फ एक लड़ाकू विमान न होकर कई तरह की खूबियों से लैस होगा। यूरेशियन टाइम्स ने भी अपनी रिपोर्ट में बताया है कि फ्रांस के सशस्त्र बलों के मंत्रालय ने राफेल प्रोग्राम के आगामी प्रयासों के बारे में जानकारी देने के लिए इस महीने की शुरुआत में संशोधन पेश किया था। इसमें विशेष तौर पर 2024-2030 तक सैन्य योजना कार्यक्रम विकसित होने जा रहे नए एफ5 वेरिएंट को लेकर जानकारी थी।

फ्रांस लंबे समय से यूरोप के नेक्स्ट जेनरेशन फाइटर जेट प्रोग्राम का सदस्य रहा है। इस प्रोग्राम में फंड को लेकर खींचतान के बाद फ्रांस ने खुद के विमान को बनाने पर ज्यादा फोकस किया। फ्रांसीसी सेना को उम्मीद है कि उन्हें जल्द ही अमेरिकी एफ-35 से भी बेहतर लड़ाकू विमान मिल सकता है।

वर्तमान में फ्रांसीसी एयर एंड स्पेस फोर्स राफेल के एफ3-आर वेरिएंट को आपरेट करती है।

तालिबान की राह पर आगे बढ़े टीटीपी आतंकी

पाकिस्तान पर 'कब्जे' के लिए चली खतरनाक चाल

इस्लामाबाद, 19 जून (एजेंसियां)। पाकिस्तान में भयानक आर्थिक और राजनीतिक संकट के बीच तहरीक-ए-तालिबान के आतंकियों ने खतरनाक चाल चली है। टीटीपी के आतंकी ठीक उसी तरह से पाकिस्तान पर अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं, जैसे उनके आका तालिबानियों ने अफगानिस्तान पर किया था। टीटीपी के आतंकी अपने नेटवर्क को मजबूत कर रहे हैं और बलूचिस्तान के कलात और मकरान इलाके में नई प्रशासनिक इकाई का ऐलान किया है। यही नहीं ये आतंकी अब पाकिस्तान के पंजाब प्रांत तक पहुंच गए हैं जो पाकिस्तान का दिल कहा जाता है। टीटीपी ने पाकिस्तान के सबसे बड़े सूबे पंजाब के उत्तरी और दक्षिणी इलाके में इन यूनिट की स्थापना की है। टीटीपी के इस कदम से पाकिस्तानी सुरक्षा हलके में दहशत है और विश्लेषक सरकार को चेतावनी दे रहे हैं।

पाकिस्तानी विश्लेषक मुहम्मर आमिर राणा डॉन अखबार में लिखे अपने लेख में चेतावनी देते हैं कि देश के खराब हालात का फायदा उठाते हुए ये टीपी आतंकी अपनी पकड़ को मजबूत कर रहे हैं और टीटीपी ने पिछले सप्ताह नई मोर्चेबंदी का ऐलान किया है। ये आतंकी अब देश के उन इलाकों में अपनी पकड़ मजबूत कर रहे हैं जहां धार्मिक और जातीय विवाद बहुत ज्यादा हैं। उन्होंने कहा कि टीटीपी की यह चाल है कि पाकिस्तान के उन इलाकों को निशाना बनाया जाए जो कमजोर है ताकि सुरक्षा बलों के लिए चुनौती पैदा की जा सके।

आतंकियों पर नजर रखने वाले वेब पोर्टल खोरासान डायरी की रिपोर्ट के मुताबिक टीटीपी ने अब पाकिस्तान के अंदर 12 प्रशासनिक इकाइयों की स्थापना कर दी है।

बुद्ध प्रतिमाएं तोड़ने वाला तालिबान उन्हीं से कर रहा कमाई

काबुल, 19 जून (एजेंसियां)। आर्थिक तंगी से जूझ रहा तालिबान अब बुद्ध की उन मूर्तियों को देखने के लिए टिकट बेच रहा है, जिन्हें 22 साल पहले तालिबानी अधिकारियों ने ही तुड़वा दिया था। द वॉशिंटन पोस्ट की रिपोर्ट में इस बात का खुलासा किया गया है। बताया गया है कि अफगानिस्तान के बामियान इलाके में बुद्ध की मूर्तियां टूरिज्म के जरिए कमाई का जरिया बन रही हैं। तालिबान के कल्चर मिनिस्टर अतीकुल्लाह अजीजी ने एक इंटरव्यू में कहा बामियान और बुद्धा हमारी सरकार के लिए भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने की दुनिया के लिए ये महत्वपूर्ण हैं। सूचना और सांस्कृतिक विभाग के निदेशक सैफुर्रहमान मोहम्मदी ने कहा- दो दशक पहले हुई घटना के बारे में अभी बात करने से कोई मतलब नहीं है। अब आगे बढ़ने का समय है।

अमेरिका में पार्टी के दौरान हुई मास शूटिंग

एक टीनएजर की मौत, 9 घायल, घटनास्थल से पुलिस ने बरामद की कई राइफल

वाशिंगटन, 19 जून (एजेंसियां)। अमेरिका के सेंट लूईस में रविवार को मास शूटिंग की घटना हुई। इसमें एक टीनएजर लड़के की जान चली गई, जबकि 9 लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायल हुए लोगों की उम्र 15 से 19 साल के बीच बताई जा रही है। एक 17 साल की लड़की गंभीर रूप से घायल है। वो गोलीबारी से बचने के लिए भागते समय सीढ़ियों से फिसलकर गिर गई। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक घटना अमेरिकी समयानुसार सुबह 1 बजे एक पार्टी के दौरान हुई। पुलिस ने घटना स्थल से कई हथियार बरामद किए हैं। इनमें एआर-15 स्टाइस राइफल और एक हैंडगन भी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पुलिस उन लोगों की तलाश कर रही है, जिनके पास उस बिल्डिंग का मालिकाना हक है, जिसमें शूटिंग हुई। साथ ही उन लोगों को भी जिन्होंने पार्टी का आयोजन किया था। सेंट लूईस के

मेयर ने कहा कि घटना से उन्हें बहुत दुख पहुंचा है। उन्होंने कहा लगातार बढ़ रही मास शूटिंग की घटनाओं से बच्चों के पास कोई जगह नहीं बची है, जहां वो खेलने जा सकें और अपने दोस्तों के साथ घूम सकें। नागरिकों के बंदूक रखने के मामले में अमेरिका दुनिया में सबसे आगे है। स्विट्जरलैंड के स्मॉल आर्म्स सर्वे यानी एसएएस की रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में मौजूद कुल 85.7 करोड़ सिविलियन गन में से अकेले अमेरिका में ही 39.3 करोड़ सिविलियन बंदूक मौजूद हैं। दुनिया की आबादी में अमेरिका का हिस्सा 5% है, लेकिन दुनिया की कुल सिविलियन गन में से 46% अकेले अमेरिका में हैं।

अक्टूबर 2020 के गैलप सर्वे के मुताबिक, 44% अमेरिकी वयस्क उस घर में रहते हैं, जहां बंदूकें हैं, इनमें से एक तिहाई वयस्कों के पास बंदूकें हैं। 2019 की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका में 63 हजार लाइसेंस्ड गन डीलर थे, जिन्होंने उस साल अमेरिकी नागरिकों को 83 हजार करोड़ रुपए की बंदूकें बेची थीं।

अमेरिका 231 साल बाद भी अपने गन कल्चर को खत्म नहीं कर पाया है। इसकी दो वजहें हैं। पहली- कई अमेरिकी राष्ट्रपति से लेकर वहां के राज्यों के गवर्नर तक इस कल्चर को बनाए रखने की वकालत करते रहे हैं। दूसरी- गन बनाने वाली कंपनियां, यानी गन लॉबी भी इस कल्चर के बने रहने की प्रमुख वजह है। 1791 में संविधान के दूसरे संशोधन के तहत अमेरिका नागरिकों को हथियार रखने और खरीदने का अधिकार दिया गया। अमेरिका में इस कल्चर की शुरुआत तब हुई थी, जब वहां अंग्रेजों का शासन था। उस वक्त वहां परमानेंट सिक्योरिटी फोर्स नहीं थी, इसीलिए लोगों को अपनी और परिवार की सुरक्षा के लिए हथियार रखने का अधिकार दिया गया, लेकिन ये कानून आज भी जारी है।

ब्रिटिश महिला से रेप करने वाले इंडियन स्टूडेंट को जेल

नशे की हालत में विक्टिम को अपने फ्लैट पर ले गया था, सीसीटीवी से पहचाना गया

लंदन, 19 जून (एजेंसियां)। ब्रिटेन में महिला से रेप करने वाले भारतीय छात्र को 6 साल से ज्यादा जेल में रहना होगा। घटना पिछले साल जून की है। 20 साल के इंडियन स्टूडेंट का नाम प्रीत विकल है।

विकल और महिला की मुलाकात कार्डिफ के नाइट क्लब में हुई थी। यहां महिला ने ज्यादा शराब पी ली थी और वो होश में नहीं थी। विकल उसे अपने फ्लैट पर ले गया और वहां रेप किया। महिला को गोद में उठाकर ले जाते हुए विकल के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए थे। इन्हीं के जरिए उसकी पहचान भी हुई।

नाइट क्लब में मुलाकात

साउथ वेल्स पुलिस (कार्डिफ) ने सोशल मीडिया पर प्रीत विकल को सजा सुनाए जाने की जानकारी दी है। घटना 4 जून 2022 की है। इस दिन प्रीत और उसके कुछ दोस्त कार्डिफ के एक नाइट क्लब गए थे। इसी नाइट क्लब में विक्टिम भी फ्रेंड्स के साथ मौजूद थी। यहां दोनों की पहचान हुई। कुछ घंटे बाद विकल जब नाइट क्लब से बाहर निकला तो उसे विक्टिम बाहर मिली। उस वक्त वो काफी नशे में थी और खड़े होने की हालत में भी नहीं थी। विकल ने उसको मदद की पेशकश की। इसके बाद कभी गोद तो कभी कंधे पर लादकर वो महिला को अपने साथ ले गया। पुलिस ने विक्टिम और विकल के सीसीटीवी फुटेज भी जारी किए हैं। विकल इस महिला को नॉर्थ एरिया हाउस में मौजूद अपने फ्लैट पर ले गया। उस वक्त तक सुबह हो चुकी थी। मामले की जांच करने वाले डिटेक्टिव निक वुडलैंड ने कहा- कार्डिफ इलाके में इस तरह के क्राइम नहीं होते। प्रीत विकल एक खतरनाक शख्स है। उसने एक ऐसी महिला को शिकार बनाया जो नशे में थी और अपने

दोस्तों से बिछड़ गई थी। 20 साल के प्रीत विकल के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। उसे 6 साल जेल की सजा सुनाई गई है। यह फोटो ब्रिटिश पुलिस ने जारी किया है। 20 साल के प्रीत विकल के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। उसे 6 साल जेल की सजा सुनाई गई है। यह फोटो ब्रिटिश पुलिस ने जारी किया है। पुलिस ने इस मामले में इलाके के तमाम सीसीटीवी फुटेज खंगाले और यही फुटेज आखिरकार विकल के खिलाफ सबसे अहम सबूत साबित हुए। घटना के बाद विक्टिम और विकल के बीच इंस्टाग्राम पर मैसेज एक्सचेंज भी हुए। इनकी वजह से ही उसकी सही पहचान सामने आ सकी। पुलिस के मुताबिक- विकल और विक्टिम के कुछ फोटो भी सामने आए हैं। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि महिला जब होश में आई तो उसे अपनी गलती का अहसास हुआ। बाद में उसने अपने साथ हुए वाकये की तमाम जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस को दिए बयान में विक्टिम ने कहा- मैं इस घटना के बाद इतना डर गई थी कि पांच महीने तक अपने किसी दोस्त के साथ घर से बाहर नहीं गई। महिला का आरोप है कि विकल ने अपने फ्लैट के बेड पर विक्टिम के साथ एक फोटो भी क्लिक किया था।

श्रीलंका दौरे पर एक साथ पहुंची भारतीय सबमरीन और पाकिस्तानी जहाज

कोलंबो, 19 जून (एजेंसियां)। भारतीय सबमरीन वागिर ने सोमवार से चार दिवसीय श्रीलंका दौरे की शुरुआत की है। खास बात ये है कि पाकिस्तानी नौसेना का जहाज पहले से ही श्रीलंका के बंदरगाह पर मौजूद है। भारतीय उच्चायोग ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर ग्लोबल ओसीन थीम रिंग कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भारतीय सबमरीन श्रीलंका पहुंची है। भारतीय सबमरीन के कमांडर दिवाकर एस. हैं, जो श्रीलंकाई नौसेना के वेस्टर्न नेवल एरिया के कमांडर रियर एडमिरल सुरेश डी सिल्वा से मुलाकात करेंगे। भारतीय सबमरीन के श्रीलंका दौरे के दौरान स्कूली बच्चे और आम लोग भी जहाज को देख सकेंगे। उच्चायोग ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विवेकानंद कल्चरल सेंटर कोलंबो बंदरगाह पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन करेगा।

अमेरिका में चूहों ने किया नाक में दम

कुत्ते-बिल्लियों के जरिए लोगों ने छेड़ी लड़ाई

वाशिंगटन, 19 जून (एजेंसियां)। अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन के पड़ोस एडम्स मॉर्गन की नाइट लाइफ काफी फेमस है। यहां लोग जून की गर्म रातों का मजा लेने के लिए जमा हो रहे हैं। हालांकि, ये लोग अकेले नहीं हैं, जो अच्छे मौसम का लुत्फ ले रहे हैं। दरअसल, शहर में लगातार चूहों की जनसंख्या बढ़ती जा रही है, जो रेस्तरां, बार और क्लबों के पीछे गलियों में घूमते हैं और कचरे में फेंके गए बचे हुए खाने को इधर-उधर फैला देते हैं।

इन चूहों ने लोगों को परेशान कर रखा है। इसकी वजह से शहरवासियों ने एक अभियान शुरू किया है। उन्होंने चूहों को पकड़ने के लिए बिल्ली और कुत्तों को पालना शुरू किया है। एक साप्ताहिक रैंटिंग अभियान के अनुसार एक दर्जन मनुष्यों के शिकारी जानवरों ने चूहों को काफी हद तक कम करने में मदद की

है। वहीं, डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया ने एक सूची बनाई है, जिसमें पांच ऐसे शहरों को रखा है, जहां चूहों की वजह से खराब हालात बने हुए हैं। कहा जा रहा है कि कोरोना महामारी के बाद बाहर भोजन करने वालों की संख्या में इजाफा हुआ तो वहीं चूहे भी बढ़ गए हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, 2022 में चूहों से परेशान होकर करीब 13,400 फोन किए गए थे। वहीं, ये संख्या एक साल पहले महज दो हजार थी। चूहों की बढ़ती आबादी शहर में चारों ओर कचरा फैला रहे हैं। इतना ही नहीं, मूत्र के साथ मिश्रित कचरे की दुर्गंध हवा ने भी लोगों को परेशान कर रखा है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जब चूहों को पकड़ने के लिए शहर में अभियान शुरू हुआ तो छोटे से लेकर बड़े तक अपने कुत्तों के साथ इससे जुड़ गए। वहीं, कुछ लोग सोशल मीडिया के माध्यम से भी जुड़े हैं। एक 60 वर्षीय रिटायर्ड पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्होंने जैसे ही सुना कि चूहों से निपटने के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है तो वह भी इसमें शामिल हो गए।

पति-पत्नी ने डेड बॉडी पार्ट्स बेच करोड़ों कमाए

हड्डियां-खाल बेची, सिर की कीमत 80 हजार अफ्रीका में इंसानी मांस बेच चुका है चीन

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। अमेरिका की प्रतिष्ठित हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। यहां कई वर्षों से मुर्दों की खरीद-फरोख्त हो रही थी। इस काम में यहीं का एक स्टाफ कपल शामिल था। पति-पत्नी हार्वर्ड के मेडिकल स्कूल के मुर्दाघर से डेड बॉडीज के अंग चुराकर बेच रहे थे। लेकिन अब उनका भंडाफोड़ हो गया है। दोनों पर मुकदमा चलाया जा रहा है। इसके लिए उन्हें 15 साल की सजा हो सकती है। बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक सेड्रिक लॉज नाम का शख्स हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के मुर्दाघर में मैनेजर था। यहां पूरे अमेरिका से दान किए मुर्दों को लाया जाता था। यहीं पर सेड्रिक अपनी पत्नी डेनिश के साथ मिलकर डेड बॉडीज के पार्ट्स चुरा लेता था। उन बॉडी पार्ट्स को पति-पत्नी ऑनलाइन बेचते थे। देश भर में उनका नेटवर्क फैला हुआ था। रिपोर्ट्स के मुताबिक मुर्दों के अंग को चुराने का यह काम कई सालों से चल रहा था। सेड्रिक और उसकी पत्नी लाश से उन्हीं अंगों को चुराते थे, जिसकी ब्लैक मार्केट में ऊंची कीमत हो। दोनों आमतौर पर लाश से सिर, हड्डियां, स्किन और मांस निकाल कर बेचा करते थे। कई बार सेड्रिक अपने ग्रहकों को मुर्दाघर भी बुलाता था और लाश से उनकी जरूरत का पार्ट्स निकालकर बेचता था।

ग्रीस बोट हादसा-300 पाकिस्तानियों की मौत के बाद 9 गिरफ्तार

गैर-कानूनी तरीकों से यूरोप भेजने का आरोप, शाहबाज बोले- दोषियों को कड़ी सजा देंगे

इस्लामाबाद, 19 जून (एजेंसियां)। ग्रीस के पास 14 जून को नाव डूबने की घटना में पाकिस्तान के 300 लोगों की मौत हुई है। पाकिस्तान की लोकल मीडिया ने ये जानकारी दी है। पाकिस्तान की न्यूज वेबसाइट डॉन के मुताबिक नाव में पाकिस्तान के 400, मिस्र के 200, सीरिया के 150 लोग सवार थे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने हादसे में पाकिस्तानी नागरिकों की मौत पर दुख जताया है।

उन्होंने कहा- मानव तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। ये एक जघन्य अपराध है। इसके बाद पाकिस्तान ने पीओके से 9 मानव तस्करों को गिरफ्तार किया है। इन पर गैर-कानूनी तरीकों से पाकिस्तान के लोगों को यूरोप पहुंचाने की कोशिश करने के आरोप हैं। पाकिस्तान ने लोगों की मौत पर आज राष्ट्रीय शोक रखा

है। शाहबाज शरीफ ने ग्रीस में पाकिस्तान की ऐंबैसी के हवाले से बताया है कि बोट हादसे में बचाए गए 12 लोग पाकिस्तान के भी हैं। हालांकि, अभी तक सरकार की तरफ से मरने वालों की संख्या नहीं बताई गई है। वहीं, यूएन के मुताबिक बोट में 400 से 750 लोग मौजूद थे। इनमें 200 से ज्यादा पाकिस्तान के थे। अभी तक 78 लोगों के शव बरामद किए गए हैं। जबकि 500 लोग लापता हैं। माना जा रहा है कि इनमें से किसी के भी जिंदा बचने की उम्मीद नहीं है। वहीं, द गार्जियन ने हादसे में जिंदा बचे लोगों के हवाले से बताया है कि पाकिस्तान के लोगों जानबूझकर नाव के नीचे वाले इलाके डॉक में भेजा गया, जहां बचने की संभावना न के बराबर होती है। बोट में मौजूद लोगों ने ऐसा जानबूझकर किया। पाकिस्तान के अधिकारियों के मुताबिक पीओके के तस्कर लोगों को यूरोप भेजने का सपना दिखाकर उन्हें पहले लीबिया भेजते हैं। फिर बोट के जरिए गैर-कानूनी तरीकों से उन्हें यूरोप में घुसाने की कोशिश की जाती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक तस्कर पाकिस्तान के गुजरात से भी पकड़ा गया है। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक तस्करी कराने वाले एजेंट्स ने लोगों से 6 लाख रुपए लिए थे। सियालकोट के एक व्यक्ति ने बताया कि उनका बेटा एक महीने पहले एजेंट को 6 लाख रुपए देकर इटली के लिए निकला था। अब उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा है। वहीं, उनसे पैसे लेने वाला एजेंट भी गायब है। संयुक्त राष्ट्र संघ की एक एजेंसी के मुताबिक ग्रीस के पास 14 जून को नाव पलटने से हुआ हादसा 2015 के बाद का सबसे बड़ा हादसा है। 2015 में लिबिया से इटली जा रही नाव पलटने से 1100 लोगों की मौत हो गई थी। इस तरह की घटनाओं के बावजूद लोग जान जोखिम में डालकर बेहतर जिंदगी की तलाश में यूरोप जाते हैं। ट्यूनिशिया की अथॉरिटीज के मुताबिक 2023 के पहले 3 महीनों में वो गैर-कानूनी तरीके से यूरोप जाने वाले 13 हजार प्रवासियों की नाव को इंटरसेप्ट कर चुके हैं।

सुनक ने जेलेंस्की को खिलाई अपनी मां की बनाई बर्फी

लंदन, 19 जून (एजेंसियां)। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वे अपनी मां के हाथ की बनी बर्फी यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के साथ शेयर करते नजर आ रहे हैं। ये वाकया एक महीने पहले का है, जब जेलेंस्की ने लंदन में सुनक से मुलाकात की थी।

ये वीडियो खुद ऋषि सुनक ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। उन्होंने इस पर कैप्शन दिया- 'ऐसा हर रोज नहीं होता जब यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की आपकी मां की बनाई मिठाई खाएं।'

इस वाकये के बारे में सुनक ने एक इंटरव्यू में बताया। उन्होंने कहा 'मेरी मां ने एक भारतीय मिठाई बर्फी बनाई थी, जिसे वो मुझे खिलाना चाहती थीं। मां ने मिलकर मैंने ये मिठाई ली। अगले सोमवार जब मैं राष्ट्रपति जेलेंस्की से मिला तो उन्होंने मुझे बताया कि उन्हें भूख लगी है। तब मैंने उन्हें मां की बनाई बर्फी खिलाई। ये देखकर मेरी मां बहुत खुशी हुई।'

लोगों ने की सुनक की तारीफ

ऋषि सुनक के ये वीडियो पोस्ट करने के बाद लोगों ने कमेंट में उनकी तारीफ की। एक यूजर ने लिखा कि ये वीडियो बहुत क्यूट है। मां की बनाई बर्फी से हम सभी की यादें जुड़ी हैं। वहीं, एक अन्य यूजर ने लिखा- शेयरिंग और केयरिंग- पीएम होने से ज्यादा जरूरी है इंसान होना।

हालांकि कुछ लोगों ने नेगेटिव कमेंट्स भी किए। एक व्यक्ति ने कहा- 'अच्छा, अब हम न सिर्फ यूक्रेन को फंड में अरबों पाउंड दे रहे हैं, बल्कि आप उन्हें अपनी मां की बनी बर्फी भी खिला रहे हैं।'

मेयर बोलीं- 'मुझे धमकाया गुर्जर आरक्षण में लोगों को मरवाया'

कहा- अतिरिक्त आयुक्त लगातार बदतमीजी करते रहे; मेरी सीट पर बैठ कहा- निगम मैं चला लूंगा

जयपुर, 19 जून (एजेंसियां)। राजस्थान में कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद जयपुर नगर निगम में कांग्रेस के पार्षद पिछले 48 घंटों से अपनी ही सरकार के खिलाफ धरने पर बैठे हुए हैं। भास्कर ने पूरे मामले पर महापौर मुनेश गुर्जर से बात की। उन्होंने कहा- यह धरना अब पार्षदों की स्वाभिमान की लड़ाई बन चुका है। क्योंकि जिस तरह से अतिरिक्त आयुक्त राजेंद्र वर्मा ने मुझे और पार्षदों को धमकाया है। उन्होंने मुझसे कहा गुर्जर आरक्षण में मैंने काफी लोगों को मरवा दिया। महिला पार्षदों के साथ बदतमीजी और अभद्रता करेगा। हम भी उन्हें उन्हीं की भाषा में जवाब देंगे। हम इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे।

उन्होंने कहा- इस पूरे मामले को लेकर मैंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तक भी अपनी बात पहुंचाई है। हमें पूरी उम्मीद है कि हमारी मांग को सुनकर राजेंद्र वर्मा को बर्खास्त किया जाएगा। अगर ऐसा नहीं हुआ तो मैं बोर्ड और पद से इस्तीफा दूंगी। इसके साथ ही आखरी सांस तक वर्मा के खिलाफ धरने पर बैठी रहूंगी।

राजेंद्र वर्मा ले रहा था, मंत्री प्रताप सिंह का नाम

उन्होंने कहा- हमने सरकार के दो मंत्री महेश जोशी और प्रताप सिंह खाचरियावास तक अपनी बात पहुंचाई है। इसमें महेश जोशी तो खुद निगम मुख्यालय आए थे। जहां हमने उन्हें अपनी समस्या बताई। वहीं, प्रताप सिंह खाचरियावास से मेरी फोन पर बात हुई। मैंने उन्हें बताया कि राजेंद्र वर्मा आपका नाम ले रहा है।

आखरी सांस तक लड़ूंगी लड़ाई

इसके साथ ही विधायक अमीन कागजी और रफीक खान से भी हमने अपनी समस्या पहुंचा दी है। ऐसे में हमें पूरी उम्मीद है कि जनप्रतिनिधि होने के नाते वह हमारी समस्या को समझेंगे। ऐसे में मुझे पूरी उम्मीद है कि राज्य सरकार तक हमारी मांग पुरजोर तरीके से पहुंची होगी। वैसे भी साच को आच नहीं होती। इसलिए जब तक राजेंद्र वर्मा को बर्खास्त नहीं किया जाता। हम सब पार्षद आखरी सांस तक यही धरने पर बैठे रहेंगे।

राजेंद्र वर्मा ने मुझे धमकाया बोले- गुर्जरों को मरवा चूका हूँ

एक वीडियो गलत तरह से वायरल किया जा रहा है। जिसके लिए कहा जा रहा है कि मैं राजेंद्र वर्मा को धमका रही हूं। लेकिन मेरी वाणी पर मेरा पूरा संयम है। जो भी वीडियो है। मैं खुद कहूंगी आप उसे देखें और अच्छे से चलाएं। क्योंकि मैं कभी भी अपशब्दों का प्रयोग नहीं करती हूं। जहां तक बात रही धमकाने की। जिस तरह के शब्द राजेंद्र वर्मा ने इस्तेमाल में लिए है। उसके बाद स्वाभाविक है कि मैं आराम से बात नहीं कर सकूंगी। क्योंकि उन्होंने तू-तड़ाक से बातचीत की। इसके साथ ही उन्होंने कहा- तुम्हारा दम दिखाओ। इसके बाद भी जब में चुप रही। उन्होंने मुझसे कहा गुर्जर आरक्षण में मैंने काफी लोगों को मरवा दिया। वह महिला पार्षदों के साथ बदतमीजी और अभद्रता करेगा। तो हम भी उन्हें उन्हीं की भाषा में जवाब देंगे।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने सरकार को लिया निशाने पर

बोले बेरोजगारों के सपने तोड़े, राजस्थान में पेपर लीक में सरकार किसे बचा रही

उदयपुर, 19 जून (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने राज्य की गहलोत सरकार को निशाने पर लिया। उदयपुर यात्रा पर आए जोशी ने रविवार रात मीडिया से बातचीत में कहा कि सरकार ने वादा किया बेरोजगारी भत्ता देंगे। बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया लेकिन बेरोजगारों के सपने तोड़े है।

जोशी ने कहा कि उनके सपने तोडने की नाकामी पर सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पेपर लीक मामले में ईडी ने कार्रवाई शुरू की उससे पहले राज्य सरकार किस अधिकारी को बचा रही थी, किसको गिरफ्तार होने से रोका था।

जोशी ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्कालीन अध्यक्ष जारोली ने कहा कि तार ऊपर तक जुड़े थे तो सरकार यह बताए कि तार कहा तक है? उन्होंने कहा कि राजस्थान की जनता सब देख चुकी है और हिसाब चुकता करने का मन बना चुकी है। लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद करने का काम इस सरकार ने किया है। वे बोले कि केन्द्र सरकार ने आयुष्मान योजना दी, हाइवे दिया है, बहुत कुछ दिया है।

उन्होंने पूछा कि केन्द्र की योजनाओं को छोडकर राज्य सरकार की योजना से कितना दिया जनता को यह बताए गहलोत सरकार। उन्होंने चिंरजीवी योजना को लेकर भी निशाना साधते हुए कहा कि सिर्फ होर्डिंग्स लगा रहे है। जोशी ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की 30 जून को उदयपुर में प्रस्तावित यात्रा को लेकर तैयारियों पर चर्चा की और पदाधिकारियों से बातचीत करते हुए अलग-अलग को दी जिम्मेदारियों को लेकर पूरी जानकारी ली।

आरपीएससी को भंग करे सरकार- हनुमान बेनीवाल

बोले- चेयरमैन की मिलीभगत से हुए पेपर लीक, सभी पेपर हो रद्द

जयपुर, 19 जून (एजेंसियां)। राजस्थान में सीनियर टीचर पेपर लीक मामले में सांसद हनुमान बेनीवाल ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत को आरपीएससी के चेयरमैन को बर्खास्त कर उन्हें गिरफ्तार करवाना चाहिए। ताकि पेपर लीक प्रकरण की निष्पक्ष जांच हो सके। इसके साथ ही सरकार पेपर लीक प्रकरण की जांच सीबीआई दे। ताकि राजस्थान के लाखों मेहनतकश युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले आरोपियों को सख्त से सख्त सजा मिल सके।

सांसद बेनीवाल ने कहा कि राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य बाबू लाल कटारा द्वारा 60 दिवस पहले ही पेपर अपने घर पर ले जाना चेयरमैन की सह के बिना असंभव है। ऐसे में ईडी को राजस्थान लोक सेवा आयोग के चेयरमैन सहित संदेह के दायरे में आ रहे सभी लोगो की संपतियों की जांच करनी चाहिए। इसके साथ ही वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा के सभी पेपर हो रद्द होने चाहिए। क्योंकि अब जांच में एक-एक करके पेपर आउट होने की जानकारी सामने आ रही है। ऐसे में यह कैसे सुनिश्चित होगा की दूसरे सभी ग्रुपों के विषयों के पेपर आउट नही हुए थे। सांसद बेनीवाल ने कहा मुख्यमंत्री गहलोत में अगर वास्तव में पेपर लीक करने वाले माफियाओं पर कानूनी शिकंजा कसने का मादा है। तो उन्हें

राजस्थान लोक सेवा आयोग के चेयरमैन को बर्खास्त करने की प्रक्रिया को अपनाते हुए गिरफ्तार करना चाहिए। क्योंकि जिस तरह आरपीएससी के काले कारनामों की एक एक करके परत खुल रही है। उसकी असली सच्चाई आयोग के चेयरमैन की गिरफ्तारी से ही सामने आएगी।

बेनीवाल ने कहा राजस्थान में लगातार भर्ती परीक्षाओं के पेपर आउट होने से मेहनतकश युवाओंके भविष्य पर सवालिया निशान खड़ा हो गया है। ऐसे में वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा और रीट जैसी परीक्षाओं के पेपर आउट प्रकरण की जांच राज्य सरकार को त्वरित सीबीआई को देनी चाहिए। मगर ऐसा लग रहा है की पेपर लीक मामलो के तार सीएमओ से जुड़े हुए होने के कारण गहलोत सीबीआई जांच की सिफारिश करने से कतरा रहे है।

जबकी राजस्थान लोक सेवा आयोग जैसी संस्था का पूरा कार्य संदेह के घेरे में है। इसलिए राजस्थान लोक सेवा आयोग को भंग करने के लिए अपनाई जाने वाली संवैधानिक प्रक्रियाओं को तुरंत पूरा करके भंग करवाए और नए चेयरमैन सहित राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्यों की फिर से नियुक्ति होनी चाहिए। जिसमें इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए की उसमे राजनैतिक और जातिगत आधार किसी भी व्यक्ति को नियुक्ति नहीं दी जाए।

केजरीवाल पर कांग्रेस का पलटवार: कहा, राजस्थान में भी आप जमानत जब्त होने का रिकार्ड बनाएगी

जयपुर, 19 जून (एजेंसियां)। दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आज श्रीगंगानर में जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की कांग्रेस सरकार पर कई आरोप लगाए थे। जिस पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। विधानसभा में उप मुख्य सचेतक महेन्द्र चौधरी व विधायक रोहित बोहरा ने संयुक्त रूप से केजरीवाल के सभी आरोपो का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से आम आदमी पार्टी ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल, कर्नाटक में जमानत जब्त होने के रिकॉर्ड बनाए हैं। उसी प्रकार का रिकॉर्ड राजस्थान में भी आम आदमी पार्टी का बनेगा। दरअसल आज केजरीवाल ने श्रीगंगानगर में जनसभा को संबोधित करते हुए गहलोत सरकार को विज्ञापन में पैसा खर्च करने, पेपरलीक,

स्वास्थ्य सुविधाओं सहित अन्य मुद्दो पर घेरा था।

कांग्रेस ने केजरीवाल पर पलटवार करते हुए कहा कि आपने आज जिस तरह से मंहगाई राहत के पोस्टर पर सीएम अशोक गहलोत की फोटो लगे होने को नीच हरकत बताया हैं। आपको याद होगा कि आरटीआई से जानकारी मिली है कि आपने ने शीला दीक्षित की सरकार के मुकाबले 4200% ऐडवर्टाइजमेंट का बजट बढ़ाया है, ये कौनसी हरकत आप कर रहे हैं। जो दिल्ली में एक नाला बनने पर भी अपना चेहरा लगाकर विज्ञापन देते हैं। पेपरलीक के केजरीवाल के आरोप पर कांग्रेस ने कहा कि आप कहते है कि दिल्ली में कोई पेपर लीक नहीं होते, पर आप ये बताना भूल गए कि दिल्ली में सरकारी नौकरी ही नहीं दी जाती हैं। आरटीआई के जवाब में आया है कि 2015 से 2023 तक आप सरकार ने केवल 440 नौकरियां दी हैं। वहीं पंजाब में तो 12वीं क्लास तक के पेपर लीक हो रहे हैं। पंजाब स्टेट टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट का पेपर रद्द करना पड़ा। क्योंकि पेपर पर सवालों के साथ जवाब तक प्रिंट कर दिए गए। पंजाब में नायब तहसीलदार भर्ती का पेपर रद्द करना पड़ा।

अरविंद केजरीवाल ने राजस्थान में स्वास्थ्य सेवाओं के बदहाल होने का आरोप भी लगाया था। इस पर पलटवार करते हुए कांग्रेस ने कहा कि देश अभी भूला नहीं है कि केजरीवाल की दिल्ली में कोविड के दौरान क्या त्राहिमाम मचा था। केजरीवाल तब भी बस टीवी पर आकर ड्रामा करने में व्यस्त थे। राजस्थान कोविड का मॉडल स्टेट रहा है और आज देश के सामने राइट टू हेल्थ बिल लाने वाला पहला राज्य बना है। आपने कहा कि राजस्थान में कोई स्कूल नहीं बना, अस्पताल नहीं बना।

टीना डाबी की बहन आईएएस रिया डाबी ने गुपचुप कर ली शादी

जयपुर, 19 जून (एजेंसियां)। गृह मंत्रालय के एक नोटिफिकेशन से इस बात की पुष्टि हुई है कि आईएएस रिया डाबी और आईपीएस मनीष कुमार शादी के बंधन में बंध चुके हैं।

राजस्थान के जैसलमेर की कलेक्टर टीना डाबी की छोटी बहन और आईएएस अधिकारी रिया डाबी ने शादी कर ली है। उन्होंने आईपीएस अधिकारी मनीष कुमार से अप्रैल में ही गुपचुप तरीके से कोर्ट मैरिज कर ली थी। गृह मंत्रालय के एक नोटिफिकेशन से इस बात की पुष्टि हुई है कि रिया और मनीष शादी के बंधन में बंध चुके हैं। रिया राजस्थान कैडर की आईएएस अधिकारी हैं, जबकि उनके पति मनीष महाराष्ट्र कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं।

गृह मंत्रालय में बताया गया कि महाराष्ट्र कैडर के आईपीएस अधिकारी मनीष कुमार को राजस्थान भेज दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि आईएएस अधिकारी रिया डाबी राजस्थान में तैनात हैं और नोटिफिकेशन में मनीष के ट्रांसफर के लिए दोनों की शादी का हवाला दिया गया है। रिया डाबी और मनीष कुमार 2021 बैच के सिविल अधिकारी हैं। रिया ने 2021 में लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 15वीं रैंक हासिल की थी और वह राजस्थान के अलवर जिले की कलेक्टर हैं।

वहीं, उनकी बड़ी बहन टीना डाबी ने 2016 में देशभर में पहली रैंक हासिल की थी और वह भी राजस्थान में ही तैनात हैं। वे इस समय जैसलमेर की कलेक्टर हैं। टीना डाबी ने जब यूपीएससी में पहली रैंक हासिल की थी, तभी से वह काफी चर्चाओं में हैं। इसके बाद जब साल 2018 में उन्होंने आईएएस अधिकारी अतहर आमिर खान से शादी की तो वे एक बार फिर सुर्खियों में आ गईं। अतहर मुस्लिम हैं, जिस वजह से उनकी शादी की काफी ज्यादा चर्चाएं रहीं। अतहर ने 2016 की यूपीएससी परीक्षा में दूसरी रैंक हासिल की थी। हालांकि, शादी के कुछ साल बाद ही दोनों ने अलग होने का फैसला कर लिया।

अब दोनों ने अलग-अलग जगह शादी कर ली है। टीना ने आईएएस अधिकारी डॉ. प्रदीप गवांडे को अपना हमसफर चुनकर एक बार फिर सुर्खियां बटोंरी। दोनों ही राजस्थान कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। वहीं, उनकी पूर्व पति अतहर आमिर खान ने डॉक्टर महरीन काजी से निकाह कर लिया।

अलर्ट के बावजूद बिजली गुल की परेशानी

भाजपाइयों ने टाटा पावर पर लापरवाही का लगाया आरोप, दो दिन का दिया अल्टीमेटम

अजमेर, 19 जून (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी ने तूफान बिपरजॉय के दौरान तेज बारिश और हवाओं के कारण चरमराई विद्युत व्यवस्था का ठीकरा टाटा पावर और प्रदेश में कांग्रेस सरकार की लापरवाही को माना है। भाजपा नेताओं ने सोमवार को हाथीभाटा स्थित जोनल चीफ इंजीनियर के दफ्तर पहुंचकर व्यवस्था सुधारने की मांग की। साथ ही अल्टीमेटम दिया है कि 2 दिन में व्यवस्था नहीं सुधरी तो बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। खास बात यह है कि भाजपा नेताओं ने रविवार को बारिश के दौरान शहर में कई घंटों बिजली गुल रहने का कारण टाटा पावर की लापरवाही और प्रशासनिक अनदेखी को ठहराया है। सांसद भागीरथ चौधरी, विधायक वासुदेव देवनानी, डिप्टी मेयर नीरज जैन, शहर अध्यक्ष रमेश सोनी, बीजेपी मीडिया सह प्रभारी रचित कच्छावा, सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने सोमवार को चीफ इंजीनियर दफ्तर में पहुंचकर ज्ञापन दिया।

इस मौके पर देवनानी ने कहा कि तूफान का अलर्ट होने के बावजूद प्रशासन ने पर्याप्त व्यवस्था नहीं की थी। टाटा पावर ने भी कोताही बढ़ती इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ा है। बिजली ट्रिपिंग के कारण पानी की सप्लाई समय पर नहीं हो पा रही है। सांसद भागीरथ चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार आम जनता की परेशानी को गंभीरता से नहीं ले रही है। रविवार को शहर भर में बिजली सप्लाई का खामियाजा आम जनता के लिए परेशानी भरा था।

तूफानी बरसात से जेएलएन हॉस्पिटल हुआ पानी-पानी

गलियारों- वार्ड तक पहुंचा पानी, मरीजों को करना पड़ा शिफ्ट

अजमेर, 19 जून (एजेंसियां)। अजमेर संभाग का सबसे बड़ा जेएलएन हॉस्पिटल बिपरजॉय तूफान के चलते पानी से लबालब हो गया। ओपीडी में आने वाले और इनडोर वार्ड में भर्ती मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दूसरी और देर रात को मेल ऑर्थोपेडिक वार्ड में पानी भर गया। इससे वहां भर्ती मरीजों को दूसरे वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया।

बिपरजॉय तूफान के कारण मेडिकल कॉलेज ग्राउंड, कार्डियोलॉजी, यूरोलॉजी एवं आसपास के परिसर में पानी भर गया। इसके कारण वहां पर आने वाले मरीजों को पानी में से होकर आना पड़ा। वही, हॉस्पिटल के रजिस्ट्रेशन काउंटर, निशुल्क दवा वितरण केंद्र, सोनोग्राफी, एक्स-रे, ऑर्थोपेडिक, सर्जरी, आई, मेडिसिन एवं ओपीडी, इमरजेंसी सेंट्रल लैब के चारों और गलियारों में पानी-पानी हो गया।

मरीजों को किया शिफ्ट

हॉस्पिटल परिसर में भूतल पर स्थित मेल ऑर्थोपेडिक वार्ड में देर रात तक एक-एक फुट पानी भर गया। मरीजों और उनके परिजनों की परेशानी को देखते हुए सभी मरीजों को दूसरी मंजिल स्थित पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड एवं इमरजेंसी के निकट ट्रॉमा वार्ड में शिफ्ट करा दिया गया।

गंदगी ने बढ़ाई परेशानी

बरसाती पानी के साथ ही हॉस्पिटल के सिवरेज का पानी मिलने से पूरे परिसर में दुर्गंध ही दुर्गंध फैल गई। इसके कारण वहां आने वाले मरीजों और इंदौर वार्ड में भर्ती मरीजों के परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ा। उनको लैब में जांच कराने और रेफरल मरीजों को डॉक्टर को दिखाने के लिए परिसर में भरे हुए पानी से गुजरने पर मजबूर होना पड़ा। मरीज और उनके परिजनों का बदबू के मारे बुरा हाल हो गया और उनके नाक पर रुमाल बांधकर रास्ता पार करना पड़ा।

जयपुर में किडनैप कर युवती से रेप

डेढ़ महीने तक कमरे में बनाकर रखा बंधक, विरोध करने पर करते मारपीट

जयपुर, 19 जून (एजेंसियां)। जयपुर में किडनैप कर एक युवती से रेप करने का मामला सामने आया है। डेढ़ महीने तक कमरे में बंधक बनाकर आरोपी ने उसके साथ देहशोषण किया। विरोध करने पर उससे मारपीट की जाती। दरिंदे के चुंगल से भागकर घर पहुंची पीड़िता ने प्रताप नगर थाने में मामला दर्ज करवाया है। मामले की जांच एसीपी (सांगानेर) विनोद शर्मा कर रहे है।

पुलिस ने बताया कि प्रताप नगर निवासी 25 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह अपने परिवार के साथ यहां रहती है। शरीर में दर्द रहने के चलते वह परेशान रहती थी। किसी को उसने इलाज के लिए निवाई के पास एक बाबा के बारे में बताया। वह अपनी मां के साथ बाबा के इलाज के लिए गई। उसे वहां बाबा का बेटा नाहर सिंह मिला। उसने पिता से मिलवाकर इलाज के लिए कुछ दवा दिलवाई।

दवा लेकर जाते समय उसके मोबाइल नंबर लेकर कहा कि दवाई के लिए कॉल कर बता देगा। आरोप है कि बाबा के बेटे नाहर सिंह कॉल कर उससे बातचीत करने लगा। उसके घर से आने-जाने के बारे में भी जानकारी कर ली। 3 मई को दोपहर करीब 3 बजे जॉब से घर लौटते समय एक गाड़ी उसके पास आकर रूकी। उसमें से नाहर सिंह उतारा और बोला- पिता ने दवाई के लिए बुलाया है। मां के साथ दवाई लेने आने की कहकर जबरन गाड़ी में डालकर किडनैप कर ले गया।

बिपरजॉय से 4 जिलों में बाढ़

टोंक, बूंदी, कोटा समेत 7 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

जयपुर, 19 जून (एजेंसियां)। बिपरजॉय तूफान के कारण राजस्थान में भारी बारिश का दौर जारी है। जयपुर मौसम केंद्र ने सोमवार को टोंक, बूंदी, कोटा, बारा, दौसा, सवाईमाधोपुर, करौली में भारी बारिश की संभावना जताई है। यहां ऑरेंज अलर्ट तो अजमेर, जयपुर भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, झालावाड़, धौलपुर के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। अजमेर में बारिश भी शुरू हो गई।

पिछले 24 घंटों में राज्य के कई जिलों में बारिश हुई। कई स्थानों पर 300 मिमी यानी 12 इंच तक बारिश रिकॉर्ड की गई। पाली, जालोर, बाड़मेर और सिरोही में तो बाढ़ जैसे हालात हैं। अब तक राज्य में बाढ़ और बारिश से 7 लोगों की मौत हो गई है। मौसम केंद्र जयपुर के मुताबिक, 19 और 20 जून को बिपरजॉय का असर भरतपुर, कोटा संभाग में रहेगा। चक्रवात और कमजोर होकर डिप्रेशन से लो प्रेशर एरिया में कन्वर्ट होगा। चक्रवात अभी 10 किमी प्रति घंटा की स्पीड से नॉर्थ-ईस्ट दिशा की तरफ बढ़ रहा है। चक्रवात की वजह से सबसे ज्यादा बारिश जालोर में हुई। यहां 36 घंटे के दौरान (17 जून सुबह 8:30 बजे से 18 जून शाम 8:30 बजे तक) 456 मिमी यानी 18 इंच पानी गिरा। इसी तरह आहोर (जालोर) में 471, भीनमाल 217, रानीवाड़ा 322, चितलवाना 338, सांचौर 296, जसवंतपुरा 332, बागोडा में 310 और सायला में 411 मिमी बरसात रिकॉर्ड हुई। इस कारण जालोर में हालात बेकाबू हो गए। हजारों लोगों को एनडीआरएफ-एसडीआरएफ की मदद से सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। रेलवे ने सोमवार को जोधपुर से होकर जालोर के रास्ते जाने वाली 11 ट्रेनों का संचालन 19 जून तक रद्द कर दिया है। तीन ट्रेनों को मारवाड़ जंक्शन, पालनपुर होकर चलाया जा रहा है। वहीं उदयपुर-अजमेर के रूट पर चलने वाली 10 से ज्यादा गाड़ियां आधा से 2 घंटे तक की देरी से चलीं।

जालोर जिले के भीनमाल मेंनिंबाली नाला ओवरफ्लो होने से शहर के कृषि मंडी रोड, हरिजन बस्ती, खेतावत मार्केट, तलबी रोड सहित कई बस्तियों में पानी घुस गया। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम ने अब तक 39 लोगों को बाहर निकाला है।

पिछले 3 दिन में इस आपदा से 7 लोगों की जान जा चुकी है। पाली में रविवार रात 2 लोगों की पानी में बहने से मौत हो गई। वहीं, इसी तरह फालना के शिवाजी नगर निवासी 50 साल के पकाराम पुत्र जेकाराम जोगी घर के पास नाले में बह गया। बिपरजॉय को अरब सागर से आए अब तक के तूफानों में सबसे ज्यादा प्रभावशाली माना जा रहा है। ये लगातार 13 दिन एक्टिव रहा। इससे सबसे ज्यादा बारिश हुई। मौसम केन्द्र नई दिल्ली की रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2011 से 2023 तक अरब सागर में 20 से ज्यादा चक्रवात आए हैं। इसमें सबसे ज्यादा प्रभावशाली और सबसे ज्यादा समय तक एक्टिव रहने वाला चक्रवात बिपरजॉय है।

6 जून को ये चक्रवात डिप्रेशन के रूप में अरब सागर में शुरू हुआ था, जो बाद में डीप डिप्रेशन, साइक्लोन स्टॉर्म, सीवियर साइक्लोन स्टॉर्म, वैरी सीवियर साइक्लोन स्टॉर्म, एक्ट्रीमली सीवियर साइक्लोन स्टॉर्म में कन्वर्ट हुआ। इससे पहले अक्टूबर 2018 में आया चक्रवात लुबान' 10 दिन और अक्टूबर-नवंबर 2019 में आया चक्रवात क्यार' 10 दिन तक एक्टिव रहा था।

बेकाबू होकर पलटी बोलेरो, 2 महिलाओं समेत तीन की मौत

बाड़मेर, 19 जून (एजेंसियां)। भीषण सड़क हादसे में बोलेरो में सवार दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई। गाड़ी में कुल 7 लोग सवार थे। सभी हॉस्पिटल जा रहे थे। घर से 2 किलोमीटर ही आगे जा पाए थे कि गाड़ी बेकाबू होकर पलट गई। चार लोग घायल हो गए। घटना बाड़मेर की है।

बीजराड़ थानाधिकारी भंवरलाल के मुताबिक, जैसार गांव (जादुओं का तला) निवासी हेमाराम (28) की 5 दिन पहले गुजरात में मौत हो गई थी। ट्रक ड्राइवर था। वह भी सड़क हादसे का शिकार हुआ था। परिवार के लोग घर पर संवेदना व्यक्त करने के लिए आए हुए थे। इस दौरान एक महिला की तबीयत बिगड़ गई। सोमवार दोपहर करीब 3.30 बजे हेमाराम के 7 लोग उस महिला को हॉस्पिटल लेकर जा रहे थे। घर से 2 किलोमीटर दूर ही गोलाई में बोलेरो कैंपर गाड़ी भारत माला रोड पर बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में हेमाराम की भाभी चौथी देवी (40), साले की पत्नी विशनीदेवी (50) और चचेरे भाई की मौत हो गई।

हादसे के बाद आसपास गांव के लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने आनन-फानन में प्राइवेट गाड़ी से सभी को हॉस्पिटल पहुंचाया। वहां पर हेमाराम के चचेरे भाई पेमाराम (40) पुत्र नगाराम निवासी जैसार (बाड़मेर), विशनीदेवी (50) पत्नी कालुराम निवासी रतासर (बाड़मेर), चौथी देवी (40) पत्नी नेमाराम निवासी जैसार को मृत घोषित कर दिया। भूराराम (25) पुत्र चेलाराम निवासी रतासर बीजराड़, नेनु देवी (42) पत्नी हेमाराम निवासी जैसार को बाड़मेर रेफर कर दिया।

अग्रवाल समाज दोमलगुड़ा शाखा की कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रवाल समाज, दोमलगुड़ा शाखा की कार्यकारिणी की बैठक शाखा द्वारा संचालित क्लिनिक नये परिसर में हुई। शाखा मानद् मंत्री योगेश अग्रवाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अग्रकुल प्रवर्तक महाराज श्री अग्रसेनजी की पूजा-अर्चना के उपरांत अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष अनिल गर्ग ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। तत्पश्चात् शाखा के मंत्री योगेश अग्रवाल ने पिछली कार्यकारिणी बैठक की रपट प्रस्तुत की, जिसे सभा द्वारा स्वीकृत किया गया। पिछले दिनों शाखा के चुनाव संदर्भ में हमारे चुनाव अधिकारी एवं परामर्शदाताओं-वरिष्ठ सदस्यों के प्रति केन्द्रीय समिति सदस्य महादेव प्रसाद द्वारा की गयी ओछी, अनर्गल, अवांछित, पीड़ादायी टिप्पणी का करारा उत्तर शाखा की ओर से दिया गया था। उसकी आगे की कार्यवाही की प्रगति/ जानकारी परामर्शदाता गिरधारीलालजी अग्रवाल ने मांगी। इस संदर्भ में महादेव प्रसाद एवम् एक अन्य केन्द्रीय समिति सदस्य द्वारा कई व्हाट्स-एप समूहों में पुन: की गयी उनकी टिप्पणियों को पूजा अग्रवाल एवम् केन्द्रीय समिति सदस्य सीमा अग्रवाल ने पढ़कर सुनाया। केन्द्रीय समिति के सत्र 2023-25 के आसन्न चुनाव में हमारी शाखा के कर्मठ और अनुभवी दिलीप पंसारी को अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी के रूप में उनके पैनल-टीम समाज एकता को भरपूर सहयोग और समर्थन के लिए आह्वान किया गया। दिलीप पंसारी की टीम के चुनाव को सुव्यवस्थित करने और समुचित सामंजस्य के लिए हिमायत नगर स्थित एक होटल में चुनाव-कार्यालय कार्यरत है- इसकी जानकारी भी बैठक में दी गयी। शाखा द्वारा संचालित क्लिनिक के समर्पित संयोजक अक्षय अग्रवाल ने जानकारी दी कि क्लिनिक ने अपनी सेवा के 20 वर्ष पार कर लिये हैं। 16 जुलाई 2023 को क्लिनिक की वर्षगाँठ मनाने का निर्णय लेते हुए संयोजक अक्षय अग्रवाल को अधिकृत किया गया कि वह वर्षगाँठ के आयोजन की रूप-रेखा बनायें। क्लिनिक के सहयोगी दानदाताओं का आभार प्रगट करते हुए उन्हें भी विशेष रूप से इस आयोजन से जोड़ने पर जोर दिया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में परामर्शदाता गिरधारीलाल अग्रवाल, श्यामलाल अग्रवाल के अतिरिक्त केन्द्रीय समिति सदस्य विजय जिंदल, केन्द्रीय समिति सदस्य सीमा अग्रवाल, पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य गिरधारीलाल गुप्त, उपाध्यक्ष अनिल गर्ग, मानद् मंत्री योगेश अग्रवाल, सहमंत्री प्रतीक अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल उपस्थित थे। विजय जिंदल के धन्यवाद ज्ञापन से बैठक का समापन हुआ।

पशु हितैषी संगठन के प्रतिनिधियों ने केन्द्रीय मंत्री रुपाला से भेंट की

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला से पशु हितैषी संगठन के प्रतिनिधियों ने भेंट कर पशुधन आयात और निर्यात विधेयक 2023 (मसौदा) की त्रुटियों को तुरंत दूर करते हुए इसे रद्द करने की मांग की। आज यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, केन्द्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला से हैदराबाद एयरपोर्ट पर प्रतिनिधि मंडल ने भेंट कर बताया कि मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा कार्यालय ज्ञापन दिनांक 7.06.23 के द्वारा सूचित किया गये पशुधन आयात और निर्यात विधेयक, 2023 (ड्राफ्ट) को लेकर पशु प्रेमी के नाते, इसमें काफी आपत्तियां हैं। प्रस्तावित बिल आश्चर्यजनक रूप से मवेशियों और जानवरों को कमोडिटी के रूप में परिभाषित करता है और उनको लाइव स्टॉक एक्सपोर्ट करने को कानूनी जामा पहनाना चाहता है। जिंदा पशु-पक्षियों एवं मवेशियों को, हेरा-फेरी कर उनके एक्सपोर्ट को इस तरह से प्रस्तुत करना संविधान के प्रावधानों एवं भावना के खिलाफ है। वर्तमान में दुनिया भर में भी जिंदा पशुओं के एक्सपोर्ट की प्रथा की आलोचना कर, जिंदा पशुओं के एक्सपोर्ट को बंद करने की मांग की जा रही है। इस विधेयक के पारित होने से राष्ट्रीय पशु संपत्ति के हितों पर बहुत प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, जबकि भारत से बड़े पैमाने पर मांस निर्यात के चलते, पशु-पक्षी वर्ग तो पहले से ही सरकार और इसकी मशीनरी की घोर उपेक्षा एवं उदासीनता का शिकार है। प्रतिनिधियों ने बताया कि आपकी वेबसाइट में दी गई जानकारी में बताया गया है कि आपके मंत्रालय का क्षेत्राधिकार केवल पशुओं के आयात से संबंधित मामलों तक ही सीमित है और निर्यात मामला डीजीएफटी, वाणिज्य मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में आता है। इसलिए उपरोक्त प्रस्तावित विधेयक में लाया गया निर्यात का मसला, आपके मंत्रालय के कार्य क्षेत्र में नहीं आने के कारण, संपूर्ण विधेयक की कानूनी वैधता पर भी प्रश्न चिन्ह खड़े करता है। हितधारकों की जागरूकता के लिए इस प्रस्तावित विधेयक को प्रिंट मीडिया के माध्यम से उचित प्रचार किया जाना चाहिए था, जो कि आपने नहीं किया। इसके साथ ही हितधारकों द्वारा अपने सुझाव और टिप्पणियां प्रस्तुत करने के लिए भी सामान्यत: 60 दिनों का समय दिया जाता है, पर आपने इसके लिए केवल 10 दिनों का समय दिया जो कि काफी नहीं है। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल मेंलव फोर काऊ फाउंडेशन के चेयरमैन जसमत पटेल, प्राणीमित्र रमेश जागीरदार मेमोरियल के सचिव रिद्धिश जागीरदार, भारतीय प्राणीमित्र संघ के अध्यक्ष जसराज श्रीश्रीमाल, आल इंडिया जैन माइनॉरिटी फेडरेशन के स्टेट कन्वीनर मुकेश जैन चौहान, श्री जैन सेवा संघ के कार्यकारिणी सदस्य आनंद जैन बोहरा, हैदराबाद सोसाइटी फोर प्रिवेंसन ऑफ़ एनिमल के अध्यक्ष सुरेंद्र भंडारी, गुजराती प्रगती समाज कमिटी सदस्या भारती बेन पटेल शांतिलाल जैन आदि शामिल थे।

हास्य कविता प्रतियोगिता व सनातन धर्म पर भाषण आयोजित

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। भावसार विजन इंडिया हैदराबाद क्षेत्र-104 की हास्य कविता प्रतियोगिता एवं सनातन धर्म पर भाषण श्रीमती अश्वीनी प्रवीण पतंगे की अध्यक्षता में भावसार भवन, काचीगुडा पर सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत हिंगलाज माता की पूजा से हुई। वक्ताओं की व्यवस्था सुश्री राजश्री सूत्रावे (एनईसी सदस्य) द्वारा की गई थी। भावसार विजन इंडिया के कई सदस्यों ने प्रतियोगिता में भाग लिया और विजेता थे। श्रीमती अश्विनी प्रवीण पतंगे ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया, सुश्री राजश्री सूत्रावे ने द्वितीय पुरस्कार और बेबी रिशिता गीते ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। हास्य कविता प्रतियोगिता की निर्णायक डॉ. स्नेहलता शर्मा रही। द्वितीय वक्ता डॉ. मेधा ब्रह्मपुरकर ने सनातन धर्म के बारे में समझाया और पुराणों के साथ-साथ वास्तविक जीवन से अच्छे उदाहरण दिए। उन्होंने कहा कि असली खुशी समाज सेवा में है। हम अपने सम्मानित वक्ताओं और कलाकारों के आभारी हैं जिन्होंने अपनी विशेषज्ञता, ज्ञान और प्रतिभा को हमारे साथ साझा किया। कार्यक्रम संचालन श्रीमती लक्ष्मी गीते (कोषाध्यक्ष) ने किया। सभी की उपस्थिति और समर्थन ने इस आयोजन को उल्लेखनीय सफलता दिलाई है। हम अपनी यात्रा को एक साथ जारी रखने, सार्थक अनुभव बनाने और हमारे समुदाय और उसके बाहर सकारात्मक बदलाव लाने के लिए तत्पर हैं। इस अवसर पर श्रीमती परणीता सुत्रावे (अध्यक्षा), श्याम कुमार नाजरे (मंत्री) उपस्थित रहे।

हैदराबाद आगमन पर समाजसेवी केआर मुंडियार का सम्मान करते हुए राजस्थानी मित्र मंडल के अध्यक्ष सोहनसिंह राजपुरोहित व अन्य।

पृष्ठ 4 का शेष...

जागो हिंदू जागो...अपने

अग्रवाल समाज, गुजराती सेवा मंडल, गुरु इंस्टीट्यूट एवं विभिन्न संस्थाओं की ओर से मुख्य अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का समापन हनुमान चालीसा के साथ हुआ। कार्यक्रम में सोसाइटी के उपाध्यक्ष शांतिलाल पटेल, सचिव योगेश तुरखिया, सह सचिव शांतिबेन व्यास, कोषाध्यक्ष हेतल सामानी, परामर्शदाता राजेश रामाणी, कार्यकारिणी सदस्यगण अल्पा वोरा, अरविंद पटेल, मुकेश पटेल, आरतीबेन पुरोहित, पूजा जसानी, मयूरी तन्ना के अलावा बीनू मेहता, हसमुख भाई दावड़ा, गोविंद राठी, पार्षद लाल सिंह, डॉ. मोहन गुप्ता, पी. मानिक राव, वेंकटेश यादव, डी. गोपाल, अविनाश देवड़ा, गुजराती सेवा महिला मंडल, घनश्याम बी पटेल, जनक भाई ब्रह्मभट्ट, जशभाई पटेल, हरीश भाई ब्रह्मभट्ट, श्री गुजराती पाटीदार समाज एवं अन्य ने हिस्सा लिया।

मत्स्य पालन मंत्री ने मछली बाजार का निरीक्षण किया

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के मत्स्य पालन मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव ने बेगम बाज़ार में स्थित मछली बाज़ार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होनें मछली बाजार में मौजूद मछली कारोबारियों से बात की और नई बिल्डिंग में मछली मार्केट नहीं लगाने के कारण और समस्याओं को जाना। इसके बाद मत्स्यपालन मंत्री ने मछली करोबारी और अन्य लोगों को संबोधित करते हुए कहा के इस मछली मार्केट को बनाने का मक़सद गरीब मछली कारोबारियों को सुविधा देना था, ताके वो यहां से करोबार करके अपने बच्चों का लालन पालन कर सकें।

कार्यक्रम के दौरान मौक़े पर गोशामहल के बीआरएस प्रभारी नंदकिशोर व्यास बिलाल, पूजा व्यास बिलाल, पूर्व विधायक प्रेम सिंह राठौर, वरिष्ठ नेता गड्डम श्रीनिवास यादव, आनंद कुमार गौड़ के अलावा बीआरएस के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

जीएचएमसी बागवानी विभाग, हैदराबाद द्वारा जामबाग डिवीजन में आयोजित हरितहारम कार्यक्रम में जामबाग के पार्षद राकेश जायसवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम में श्रीनिवास यादव, शैलेन्द्र यादव, मयूर, नितिन नांदकर, आनंद जैन, बलराज, जगपति नायक, भरत, जनार्दन, भानु प्रकाश, हरिनाथ व उद्यान विभाग के राजू, अशोक आदि ने भाग लिया।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का 53वें जन्मदिन पर गांधी भवन में आयोजित विशेष कार्यक्रम में भाग लेते हुए कांग्रेस के वयोवृद्ध नेता वी. हनुमंत राव व अन्य। इस दौरान वीएच ने राहुल गांधी के चित्र का दुग्धाभिषेक किया।

टीआईएफआर को शोध के लिए 6.8 करोड़ रुपये का डीएसटी अनुदान

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद स्थित टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (टीआईएफआर), हैदराबाद के पबित्रा के नायक के नेतृत्व में एक बहु-संस्थान अनुसंधान दल को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा गठित 'चैलेंज अवाड्र्स 2021 ऑन सोलर एनर्जी' के लिए चुना गया है। सौर ऊर्जा पर चैलेंज अवाड्र्स 6.8 रुपये के अनुसंधान अनुदान के साथ आता है। सौर ऊर्जा आधारित उपकरणों और प्रणालियों के विकास पर शोध प्रस्ताव आमंत्रित किए जो भविष्य की तकनीकी चुनौतियों का समाधान कर सके। परियोजनाओं में सह-अन्वेषकों में टीआईएफआर हैदराबाद से पी. के. मधु, आईआईटी बॉम्बे से शैबल के. सरकार, आईआईएसईआर बेरहामपुर से अजय पेरुमल, और एचआरआई प्रयागराज से सुदीप चक्रवर्ती शामिल हैं।

बाबा गंगाराम भजन संध्या आयोजित

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। श्री पंचदेव मंदिर, झुंझुनूं के स्थापना दिवस "गंगा दशहरा" के शुभ अवसर पर विष्णु अवतारी श्री बाबा गंगाराम जी की भजन संध्या का आयोजन श्रीनगर कॉलोनी स्थित श्री विष्णु सराफ जी के निवास स्थान पर किया गया। इस अवसर पर बाबा गंगाराम जी का पंचदेव दरबार सजाया गया जिस में बाबा गंगाराम सहित भक्त शिरोमणि श्री देवकीनन्दन जी, शक्ति स्वरुपा देवी गायत्री, माता लक्ष्मी, श्री शिव परिवार, श्री हनुमान, यथा माता दुर्गा का अलौकिक श्रृंगार किया गया। हैदराबाद के प्रसिद्ध भजन गायक विक्रम चन्दन ने इस अवसर पर अपनी मधुर वाणी में भजनों की अमृत वर्षा की। दस वर्ष के मास्टर पुलकित तथा एक्षा ने भी लिंगाष्टकम तथा हरि सुन्दर नंद मुकुंदा भजन सुना कर सबको मंत्र मुग्ध किया। भजन संध्या में बड़ी संख्या में पारिवारिक सदस्यों तथा मित्रों के साथ बाबा गंगाराम सेवा समिति हैदराबाद के सभी सदस्य सपरिवार उपस्थित रहे और भजनों का आनंद लिया।

गोशामहल मंडल के जाली हनुमान के मिनी स्टेडियम में आयोजित हरित हारम कार्यक्रम में पौधारोपण करते हुए पार्षद लाल सिंह। उपस्थित हैं टी. रमेश सिंह, जयपाल सिंह, गुणवंत बिरादर, बबलू सिंह, राजेश सिंह, आनंद सिंह व अय।

नल्ला पोचम्मा मंदिर में विशेष पूजा व यज्ञ आयोजित

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। न्यू बोइनपल्ली जयनगर कॉलोनी स्थित श्री नल्लापोचम्मा मंदिर में आषाढ़ मास के अवसर पर नरसिंह चार्यु के मार्गदर्शन में पिछले दो दिनों से लोक कल्याणम, अंकुरपर्ण, महागणपति यज्ञ, पुण्यवाचनम संप्रोक्षण, पावन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। छावनी बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष जम्पना प्रताप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे और उन्होंने श्री नल्ला पोचम्मा अम्मा की विशेष पूजा अर्चना की। मंदिर समिति के सदस्यों ने जम्पन प्रताप का सम्मान किया। इसके बाद, जम्पना प्रताप ने श्री नल्ला पोचम्मा मंदिर में लोककल्याणम और अंकुरार्पण करने वाले पुजारियों को सम्मानित और आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में कसुला शशिधर गौड़, श्रीनिवास गौड़, रामू गौड़, जम्पाना रवि, मंदिर समिति के सदस्य व अन्य लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

ग्रामीणों ने आंदोलन किया

मदनूर, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता) तेलंगाना सरकार ने 14 बीसी जातियों के हात कामगार के लिय एक लाख रूपये सहायता करने की घोषणा करने पर मदनूर मंडल केंद्र के साथ साथ विविध गांव की जनता ने इस योजना के लिय जाति व आय प्रमाण पत्र के मि सेवा अर्ज दाखिल करने पर ही तहसील कार्यालय से प्रमाणपत्र नहीं मिलने पर जनता ने सोमवार के दिन तहसील कार्यालय के सामने आंदोलन किया।

नेत्रहीन छात्रों के साथ राहुल का जन्मदिन मनाया गया

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। दारुल शिफा स्थित गवर्नमेंट ब्लाइंड बॉयज हॉस्टल में रहने वाले नेत्रहीन छात्रों के साथ पूर्व यूथ कांग्रेस प्रवक्ता एस.पी.क्रांति कुमार द्वारा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का 53वां जन्मदिन सोमवार को हैदराबाद के धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बोलते हुए क्रांति कुमार ने कहा कि राहुल गांधी की हाल की भारत जोड़ो यात्रा एक बड़ी सफलता यात्रा थी, जिसके माध्यम से राहुल गांधी ने छात्रों, विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के साथ बातचीत की और उनका करिश्मा अभूतपूर्व है।

इस अवसर पर हमारे नेता राहुल गांधी के अच्छे स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य के लिए विशेष प्रार्थना की गई। इस अवसर पर छात्रावास वार्डन चिरंजीवी, युवा कांग्रेस कार्यकर्ता साई कुनार, दशरथ, विनय सहित अन्य उपस्थित थे।

तेलंगाना राज्य स्थापना के दशकोत्सव के संदर्भ में हैदराबाद वाटर एंड सीवरेज बोर्ड द्वारा आयोजित मंची निल्ला पंडुगा के अवसर पर वाटर वर्क्स के सहयोग से जल के दुरुपयोग को रोकने में सहयोग देने के लिए अंबरपेट विधायक द्वारा डॉ. अविनाश जायसवाल को सम्मनित किया गया।

केंद्रीय हिंदी संस्थान, हैदराबाद केंद्र द्वारा तेलंगाना राज्य गुरुकुल विद्यालयों के हिंदी अध्यापकों के लिए ऑनलाइन नवीकरण पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पाठ्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा के नवनियुक्त निदेशक प्रो. सुनील बाबुराव कुलकर्णी ने किया। उपस्थित हैं क्षेत्रीय निदेशक डॉ. गंगाधर वानोडे, डॉ. राधा, डॉ. साईनाथ, संदीप व अन्य।

समाजसेवी नारायन ओझा ने हैदराबाद के मुशीराबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक मुता गोपाल से मुलाकात की। इस दौरान ओझा ने विधायक को तेलंगाना में रहने वाले बिहार के लोगों की समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने समस्याओं के समाधान को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

भारतीय फुटबॉल टीम ने 5 साल बाद इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीता

फाइनल मुकाबले में लेबनान को हराया, सुनील छेत्री और चांगते ने दागे गोल

भुवनेश्वर, 19 जून (एजेंसियां)। रविवार को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में भारतीय फुटबॉल टीम इंटरकॉन्टिनेंटल कप अपने नाम किया। भारत ने फाइनल मुकाबले में लेबनन को 2-0 से हराया। भारत 5 साल बाद इंटरकॉन्टिनेंटल ट्रॉफी फिर घर लाया। भारतीय टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने 46वें मिनट और यंग विंगर लल्लिंज़ुआला चांगते ने 66वें मिनट में गोल दागा।

तीन बार ही खेला गया कप

भारत ने दूसरी बहार खिताब अपने नाम किया। हालांकि, यह कप तीन बार ही हुआ है। 2018 में इसकी शुरुआत हुई। इंटरकॉन्टिनेंटल कप भारत होस्ट करता है। हर साल इसमें तीन टीमों को बुलाती है। ग्रुप में खेलने के बाद टॉप 2 टीमों के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाता है।

पहले हाफ में नहीं आया गोल

मैच की शुरुआत में कोई भी गोल नहीं आया। दोनों टीमों ने कोशिश की लेकिन, एक भी गोल नहीं निकला। इस दौरान भारत के डिफेन्स ने शानदार काम किया। लेबनान ने मौके बनाने की कोशिश की लेकिन, भारत के आगे टीम गोल करने में नाकाम रही।

दूसरे हाफ में भारत ने दागे दो गोल

मैच के दूसरे हाफ में भारत ने दो गोल दाग दिए। हाफ की शुरुआत में भी कप्तान सुनील छेत्री ने गोल स्कोर किया। 46वें मिनट में चांगते के पास को भुनाते हुए छेत्री ने शानदार गोल दागा। इसके बाद 61वें मिनट में चांगते ने एक और गोल दाग दिया और जीत सुनिश्चित कर दी। चांगते प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

1977 के बाद पहली बार लेबनान को हराया

भारतीय फुटबॉल टीम ने 1977 के बाद पहली बार लेबनान को हराया। आखिरी बार भारत ने लेबनान को प्रेसिडेंट कप में हराया था।

विशेष ओलंपिक विश्व खेल

पीएम मोदी ने भारतीय दल को दी शुभकामनाएं, बोले- हमें आप पर गर्व है

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। विशेष ओलंपिक विश्व खेलों का आयोजन 17 से 25 जून के बीच बर्लिन शहर में हो रहा है। बर्लिन पहली बार इन खेलों की मेजबानी कर रहा है। इसमें 7000 एथलीट शामिल हुए हैं। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बर्लिन में हो रहे विशेष ओलंपिक विश्व खेलों में शामिल भारतीय खिलाड़ियों को बधाई दी है। 17 से 25 जून के बीच आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में शामिल हो रहे खास खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ₹हमें खेलों में प्रतिनिधित्व करने वाले हर एथलीट पर गर्व है। मैं दुआ करता हूं कि वे अपनी भावना, दृढ़ संकल्प और लचीलेपन के माध्यम से अपनी चमक पूरी दुनिया में बिखेरें।₹

क्या हैं विशेष ओलंपिक विश्व खेल?

विशेष ओलंपिक विश्व खेल दुनिया को एकजुट करने का अवसर प्रदान करते हैं। यह कोई अन्य आयोजन नहीं कर सकता। यहां विकलांग और बिना विकलांग लोग, जो विभिन्न राष्ट्रों, संस्कृतियों, राजनीतिक विचारों और धर्मों से ताल्लुक रखते हैं। यहां आकर मिलते हैं और खेल की शक्ति से मौजूदा पूर्वाग्रहों को दूर करते हैं।

इस साल इन खेलों का आयोजन 17 से 25 जून 2023 तक, जर्मनी के बर्लिन शहर में हो रहा है। इस प्रतियोगिता में 26 खेलों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए लगभग 190 देशों के 7,000 विशेष ओलंपिक एथलीट और एकीकृत भागीदार शामिल होंगे। एथलीटों के साथ 3,000 से अधिक कोच और 20,000 स्वयंसेवक होंगे, जो अलग-अलग प्रतियोगिताओं के दौरान एथलीट की मदद करेंगे।

कैसा है श्रीलंका में भारत-पाक का रिकॉर्ड

दोनों का विनिंग परसेंटेज बराबर, कोहली 4 शतक बना चुके, बाबर 37 रन

मुंबई, 19 जून (एजेंसियां)। एशिया कप 2023 के आयोजन का रास्ता साफ हो गया है। टूर्नामेंट 31 अगस्त से 17 सितंबर तक हाइब्रिड मॉडल पर पाकिस्तान और श्रीलंका में होगा और भारतीय टीम के सभी मुकाबले श्रीलंका में खेले जाएंगे। यहां तक भारत-पाक मैच भी श्रीलंका में ही होंगे। भारत को वहां पाकिस्तान से दो या उससे अधिक मुकाबले भी खेलने पड़ सकते हैं।

ऐसे में हम आपको इस स्टोरी के जरिए बताने जा रहे भारत का श्रीलंका में प्रदर्शन कैसा है? हम श्रीलंकाई मैदानों पर पाकिस्तान के प्रदर्शन पर भी नजर डालेंगे। साथ ही आंकड़ों के जरिए बताएंगे कि श्रीलंकाई सरजमीं पर कौन मजबूत है...?

भारत-पाक मुकाबला बराबरी का, दोनों ने एक-एक मैच जीते

श्रीलंका में भारत-पाकिस्तान का आमना-सामना एशिया कप के दौरान ही हुआ है। एशिया के सबसे बड़े क्रिकेट राइवल दो बार आमने-सामने हुए हैं और दोनों को एक-एक जीत मिली है। यानी कि वहां वनडे में एक-दूजे के खिलाफ दोनों का प्रदर्शन एक समान है।

ओवरऑल आंकड़ों पर नजर डालें तो वहां भारत-पाक के बीच कुल 5 मैच शेड्यूल हुए हैं। इनमें से 3 नो रिजल्ट रहे हैं, क्योंकि इन मुकाबलों में एक भी बॉल नहीं डाली जा सकी। ऐसे में यह कहना भी गलत नहीं होगा कि भारत-पाक कॉन्टेस्ट में नो रिजल्ट का पलड़ा भारी रहा है। अब 2 पॉइंट्स में बारी-बारी से पढ़िए दोनों मुकाबलों का रोमांच...

पहला मुकाबला : एक बॉल रहते जीता था भारत, गंभीर खेली 83 की पारी यह मुकाबला एशिया कप 2010 के दौरान दम्बुल्ला के मैदान पर खेला गया था, जिसे भारतीय टीम ने आखिरी ओवर की 5वीं बॉल पर 3 विकेट से जीत लिया था। इस रोमांचक मुकाबले के आखिरी ओवर में भारत को जीत के लिए 7 रन बनाने थे और सुरेश रैना और हरभजन सिंह क्रीज पर थे। 50वें ओवर की 5वीं बॉल पर हरभजन सिंह ने छक्का जमाकर भारतीय टीम को जीत दिला दी थी। इससे पहले, 268 रन का टारगेट चेज करने उतरी भारतीय टीम की ओर से ओपनर गौतम गंभीर (83 रन) और कप्तान महेंद्र सिंह धोनी (56 रन) ने अर्धशतक जमाए थे, जबकि सुरेश रैना ने 34 रन का योगदान दिया था। गेंदबाजी में साईद अजमल ने तीन विकेट झटके थे। पाकिस्तानी पारी से ओपनर सलमान बट ने 74 और विकेटकीपर कामरान अकमल ने 51 रन बनाए थे। प्रवीण कुमार ने भारत को तीन विकेट दिलाए थे। जहीर खान और हरभजन सिंह को दो-दो विकेट मिले थे।

दूसरा मुकाबला : शोएब मलिक ने खेली थी 143 रन की पारी, 59 रन से जीता था पाक यह मुकाबला 2004 एशिया कप के दौरान 25 जुलाई को कोलंबो में खेला गया था, जिसे पाकिस्तान ने 59 रन के बड़े अंतर से हराया था। उस मुकाबले में शोएब मलिक ने 143 रनों की शतकीय पारी खेली थी, जबकि कप्तान इंजमाम उल हक ने 34 रनों का योगदान दिया था। इन पारियों की बदौलत पाक टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 300 रन का स्कोर खड़ा किया था। भारत की ओर से सचिन तेंदुलकर और इरफान पठान ने 3-3 विकेट लिए थे। भारत की ओर से जवाब में सचिन तेंदुलकर ने 78 रन की पारी खेली थी, जबकि कप्तान सौरव गांगुली ने 39 रन बनाए थे। इरफान पठान ने 38 रन का योगदान दिया था। पाकिस्तान के लिए शोएब मलिक और सब्बीर अहमद ने दो-दो विकेट लिए थे।

श्रीलंका में दोनों का विनिंग परसेंटेज बराबर, पाक ने हमसे ज्यादा मुकाबले गंवाए

लंकाई मैदानों पर दोनों टीमों के ओवरऑल प्रदर्शन के आंकड़े देखें तो हम पाते हैं कि वहां की पिचों पर दोनों टीमों का विनिंग परसेंटेज लगभग बराबर है। दोनों ने वहां 50 फीसदी मुकाबले जीते हैं। हारने के मामले में पाकिस्तान का रिकॉर्ड भारत से खराब है। पाकिस्तान में श्रीलंका में 42.85 और भारत ने 39.32 प्रतिशत मुकाबले गंवाए हैं।

भारतीय टीम ने श्रीलंका में अब तक 89 वनडे खेले हैं। इनमें से टीम को 45 में जीत और 35 में हार मिली है। वहीं, पाकिस्तान ने 63 मैच खेले हैं। इनमें से 32 जीते और 27 हारे हैं। शेष मैच नो रिजल्ट रहे हैं।

कोहली चार शतक जमा चुके हैं, बाबर 37 रन ही बना सके

लंकाई पिचों पर बल्लेबाजी के मामले में भारत पाकिस्तान से आगे है, वहां की पिचों पर पाकिस्तानी बैटर फ्लॉप साबित हुए हैं।

मौजूदा टीम की बात करें तो भारतीय बैटर विराट कोहली ने वहां 899 रन बनाए हैं, जबकि रोहित शर्मा 583 रन बना चुके हैं। वहां कोहली के बल्ले से चार शतक आए हैं, जबकि रोहित दो सेंचुरी जमा चुके हैं। इन दोनों के नाम दो-दो हाफ सेंचुरी भी है। पाकिस्तानी टीम के मौजूदा बैटर्स का प्रदर्शन देखें तो मोहम्मद रिजवान ने लंका में 68.00 के एवरेज से 136 रन बनाए हैं, जबकि कप्तान बाबर आजम दो मैचों में 37 रन ही बना सके हैं। लंका में रिजवान एक अर्धशतक ही बना सके हैं।

बुमराह-चहल ने 25 विकेट लिए, पाक का मौजूदा बॉलर नहीं

लंकाई पिचों पर भारतीय बैटर्स के साथ बॉलर्स का प्रदर्शन भी दमदार रहा है। वहां जसप्रीत बुमराह और युजवेंद्र चहल ने मिलकर 25 विकेट लिए हैं, जबकि श्रीलंका में पाक के टॉप विकेटटेकर की सूची में वर्तमान टीम का कोई सदस्य शामिल नहीं है।

पहले चार मैचों की मेजबानी करेगा पाकिस्तान, शेष श्रीलंका में होंगे

रिपोर्ट्स के अनुसार, पाकिस्तान में टूर्नामेंट के सिर्फ 4 मैच होंगे। बाकी 9 मुकाबले श्रीलंका में होंगे। फाइनल भी श्रीलंका में ही खेला जाएगा। टूर्नामेंट का आयोजन 31 अगस्त से 17 सितंबर के बीच होगा, हालांकि अभी यह जानकारी सामने नहीं आई है कि टूर्नामेंट के कौन से मैच किस शहर में होंगे।

पाकिस्तान में होने वाले मैच

पाकिस्तान बनाम नेपाल मैच और दूसरे ग्रुप से अफगानिस्तान बनाम बांग्लादेश, अफगानिस्तान बनाम श्रीलंका और बांग्लादेश बनाम श्रीलंका मैच शामिल हैं।

श्रीलंका में होने वाले मैच

श्रीलंका में ग्रुप स्टेज से भारत बनाम पाकिस्तान और भारत बनाम नेपाल मैच खेले जाएंगे। इसके बाद दोनों ग्रुप से टॉप-2 स्थान पर रहने वाली टीमें सुपर-4 में पहुंचेंगी। सुपर-4 के सभी मैच और फाइनल भी श्रीलंका में ही खेला जाएगा।

एथलेटिक्स: लंबी कूद में मुरली श्रीशंकर ने विश्व चैंपियनशिप के लिए किया क्वालिफाई

भुवनेश्वर, 19 जून (एजेंसियां)। एल्ड्रिन ने 7.83 मीटर के प्रयास के साथ दूसरा जबकि मोहम्मद अनीस याहिया ने 7.71 मीटर की दूरी के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। 12 खिलाड़ियों ने सोमवार को होने वाले फाइनल में जगह बनाई।

लंबी कूद के स्टार खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ने रविवार को भुवनेश्वर में राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के क्वालिफाइंग दौर में अपने पहले ही प्रयास में 8.41 मीटर के प्रयास के साथ विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई किया। चौबीस साल के श्रीशंकर हालांकि जेस्विन एल्ड्रिन के 8.42 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी करने से सिर्फ एक सेंटीमीटर से चूक गए। एल्ड्रिन ने इसी साल राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था।

श्रीशंकर का यह प्रयास उनका निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। केरल का प्रतिनिधित्व करने वाले श्रीशंकर ने कहा, ''हवा मापदंड के अनुसार थी, यह 1.5 मीटर प्रति सेकंड थी। मामूली अंतर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड से चूक गया लेकिन मुझे खुशी है कि मैंने यह दूरी हासिल की।''

एल्ड्रिन ने 7.83 मीटर के प्रयास के साथ दूसरा जबकि मोहम्मद अनीस याहिया ने 7.71 मीटर की दूरी के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। 12 खिलाड़ियों ने सोमवार को होने वाले फाइनल में जगह बनाई। पुरुष लंबी कूद में एशियाई खेलों का क्वालिफाइंग स्तर 7.95 मीटर है। हंगरी के बुडापेस्ट में अगस्त में होने वाली विश्व चैंपियनशिप की पुरुष लंबी कूद स्पर्धा का क्वालिफाइंग स्तर 8.25 मीटर है।

तीरंदाजी: अभिषेक वर्मा ने तीरंदाजी विश्वकप चरण-3 के कंपाउंड वर्ग में जीता स्वर्ण

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। अभिषेक वर्मा का यह तीसरा व्यक्तिगत विश्वकप स्वर्ण पदक है। यह 2021 पेरिस चरण के बाद उनका पहला स्वर्ण है। उन्होंने अपना पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक पोलैंड के रॉक्लॉ में 2015 में जीता था।

अभिषेक वर्मा ने कोलंबिया में तीरंदाजी विश्व कप चरण तीन की पुरुष कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इंचियोन 2014 एशियाई खेलों की कंपाउंड टीम स्पर्धा के स्वर्ण और व्यक्तिगत स्पर्धा के रजत पदक विजेता 33 साल के वर्मा ने शनिवार को फाइनल में अमेरिका के जेम्स लुट्ज को 148-146 से हराया।

विश्वकप के कई बार के स्वर्ण पदक विजेता वर्मा शुरुआती दो चरण से बाहर रहने के बाद वापसी कर रहे थे। उन्होंने इससे पहले रोमांचक व्यक्तिगत फाइनल में दुनिया के नंबर एक तीरंदाज और शीर्ष वरीय नीदरलैंड के माइक क्लोसेर को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। आठवें वरीय वर्मा ने इसके बाद अंतिम चार के मुकाबले में ब्राजील के लुकास अब्रेयू को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

वर्मा का यह तीसरा व्यक्तिगत विश्वकप स्वर्ण पदक है। यह 2021 पेरिस चरण के बाद उनका पहला स्वर्ण है। उन्होंने अपना पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक पोलैंड के रॉक्लॉ में 2015 में जीता था। वह विश्वकप के व्यक्तिगत वर्ग में दो रजत और एक कांस्य पदक भी जीत चुके हैं। भारतीय टीम ने मौजूदा टूर्नामेंट में अब तक एक स्वर्ण और तीन कांस्य पदक जीते हैं।

रविवार को रिकर्व मिश्रित टीम भी कांस्य पदक के लिए चुनौती पेश करेगी। टीम ने फ्रांस और नीदरलैंड को 6-0 के समान अंतर से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उसे कोरिया के खिलाफ 3-5 से शिकस्त झेलनी पड़ी। टीम कांस्य पदक के लिए चीनी ताइपे से भिड़ेगी।

रणजी सीजन अगले साल 5 जनवरी से: 70 दिन चलेगी घरेलू खिताब के लिए जंग

मुंबई, 19 जून (एजेंसियां)। भारत के सबसे पुराने घरेलू टूर्नामेंट रणजी के नए सीजन की शुरुआत 5 जनवरी से होगी। यह 70 दिन का होगा और टूर्नामेंट 14 मार्च को खत्म होगा। 19 फरवरी तक लीग स्टेज के मुकाबले खेले जाएंगे। वहीं, नॉकआउट मुकाबलों की शुरुआत 23 फरवरी से होगी। वहीं पिछले सीजन की सेमीफाइनलिस्ट कर्नाटक और तमिलनाडु अगले रणजी सीजन के एक ही ग्रुप में हैं। साथ ही, सौराष्ट्र और महाराष्ट्र भी एक ही ग्रुप में हैं।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 16 से 27 अक्टूबर तक

बीसीसीआई का टी20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 16 से 27 अक्टूबर तक मोहाली, मुंबई, रांची, जयपुर और देहरादून में खेले जाएंगे। नॉकआउट मुकाबले 31 अक्टूबर से छह नवंबर तक मोहाली में होंगे। इसके अलावा विजय हजारे ट्रॉफी वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच 23 नवंबर से पांच दिसंबर तक खेले जाएंगे जबकि नॉकआउट मुकाबले नौ से 16 दिसंबर तक आयोजित होंगे।

सभी टीमों को पांच ग्रुप में बांटा गया है

ग्रुप एः सौराष्ट्र, झारखंड, महाराष्ट्र, विदर्भ, राजस्थान, हरियाणा, सर्विसेज, मणिपुर।

ग्रुप बीः बंगाल, आंध्र, मुंबई, केरल, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, असम, बिहार।

ग्रुप सीः कर्नाटक, पंजाब, रेलवे, तमिलनाडु, गोवा, गुजरात, त्रिपुरा, चंडीगढ़।

ग्रुप डीः मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल, बड़ौदा, दिल्ली, ओडिशा, पुडुचेरी, जम्मू-कश्मीर।

प्लेट ग्रुपः नगालैंड, हैदराबाद, मेघालय, सिक्किम, मिजोरम, अरुणाचल।

भवानी देवी ने इतिहास रचा:एशियन फेंसिंग चैंपियनशिप में मेडल जीतने वाली पहली भारतीय

नई दिल्ली, 19 जून (एजेंसियां)। भारत की स्टार फेंसर भवानी देवी ने सोमवार को चीन के वुक्सी में एशियन फेंसिंग चैंपियनशिप की विमेंस सेबर इवेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाकर इतिहास रच दिया। भवानी देवी ने सेमीफाइनल में पहुंचकर चैंपियनशिप में भारत के लिए पहला पदक पक्का किया। भवानी देवी ने क्वार्टर फाइनल में मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन जापान की मिसाकी एमुरा को 15-10 से हराकर इतिहास रचा।

सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान की जेनाब से सामना

मिसाकी ने काहिरा में खेले गए वर्ल्ड फेंसिंग चैंपियनशिप 2022 में विमेंस के सेबर इवेंट में गोल्ड मेडल जीता था। सेमीफाइनल में उनकी भिड़ंत उज्बेकिस्तान की जेनाब डेयिबेकोवा से होगी। 29 साल की भवानी को राउंड ऑफ 64 में बाई मिली थी जिसके बाद अगले दौर में उन्होंने कजाखस्तान की डोस्पे करीना को हराया।

हैदराबाद मेट्रो रेल का कंदुकुर तक होगा विस्तार : केसीआर

सीएम ने हरितहारम फेज-9 का किया शुभारम्भ

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने सोमवार को घोषणा की कि हैदराबाद मेट्रो रेल नेटवर्क को राजधानी क्षेत्र में और अधिक क्षेत्रों में विस्तारित किया जाएगा। यहां रंगारेड्डी के तुमुलुरु गांव में हरितहारम फेज-9 का शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि हैदराबाद मेट्रो रेल का शमशाबाद हवाई अड्डे तक विस्तार जल्द ही एक वास्तविकता होगी और इसे महेश्वरम निर्वाचन क्षेत्र के कंदुकुर तक बढ़ाया जाएगा।

मेट्रो रेल को कंदुकुर तक विस्तारित करने के लिए शिक्षा मंत्री पी. सबिता इंद्र रेड्डी द्वारा किए गए अनुरोध पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए, उन्होंने इसे एक वास्तविक मांग करार दिया और कहा कि यह तत्काल विचार के योग्य होगा। मेट्रो रेल लाइन के शुरुआती चरणों में शमशाबाद हवाई अड्डे को शामिल करना योजनाकारों से अपेक्षित न्यूनतम है।

लेकिन तत्कालीन शासकों द्वारा जिस तरह से इसे छोड़ दिया गया वह न्यायसंगत नहीं है। यह एक बड़ी भूल थी और इसे हर तरह से सुधारने की जरूरत है। मिसिंग लिंक को एयरपोर्ट से जोड़ने के लिए 6000 करोड़ रुपए की लागत से टेंडर मांगे गए थे। उन्होंने कहा कि मैं बहुत जल्द इसे महेश्वरम निर्वाचन क्षेत्र में आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी उठाऊंगा। उन्होंने कहा कि एलबी नगर-भेल के बीच मेट्रो रेल कनेक्टिविटी वास्तव में बहुत जरूरी है। हालांकि नेटवर्क को एलबी नगर छोर तक बढ़ाया गया था, फिर भी इसे बीएचईएल की दिशा में लागू किया जाना है और इसे जल्द ही कवर कर लिया जाएगा। उन्होंने मंत्री के अनुरोध पर विचार करते हुए महेश्वरम निर्वाचन क्षेत्र के लिए एक मेडिकल कॉलेज की भी घोषणा की।

चंद्रशेखर राव ने कहा कि यह तय करना उनके ऊपर होगा कि निर्वाचन क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज कहाँ स्थापित किया जाए। विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक नगर पालिका को 25 लाख और प्रत्येक ग्राम पंचायत को 15 लाख रुपए देने की घोषणा की। सीएम ने एक पावर सबस्टेशन बनाने की स्वीकृति प्रदान की।

हरित हारम के साथ तेलंगाना हरित स्वर्ग में बदल गया : गुत्ता

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। विधान परिषद के सभापति गुत्ता सुखेंद्र रेड्डी ने सोमवार को यहां तेलंगाना विधानसभा परिसर में 'हरिता दिनोत्सवम' के मौके पर पौधारोपण किया। सुखेंद्र रेड्डी के साथ परिषद के उपाध्यक्ष बंडा प्रकाश, सरकारी सचेतक एमएस प्रभाकर राव, एमएलसी एल. रमना, विधानमंडल सचिव नरसिम्हा चार्युलु और अन्य शामिल थे।

इस अवसर पर बोलते हुए, विधान परिषद के अध्यक्ष ने कहा कि हरित हारम कार्यक्रम के शुभारंभ के साथ, तेलंगाना राज्य को एक हरे-भरे स्वर्ग में बदल दिया गया है और हरित हरम पर्यावरण संरक्षण के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में खड़ा है। उन्होंने कहा कि 2015 से 2023 तक आठ वर्षों के दौरान, राज्य में कुल 10,822 करोड़ रुपये की लागत से 273.33 करोड़ पौधे लगाए गए हैं। इस जबरदस्त प्रयास को 2021 में भारतीय वन सर्वेक्षण से मान्यता मिली, जिसने तेलंगाना में हरित आवरण में 6.85 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की। गुत्ता सुखेंदर रेड्डी ने कहा कि मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व में वैश्विक शहर हैदराबाद ग्रीन सिटी के रूप में उभरा है और यह तेलंगाना के लोगों के लिए गर्व का क्षण है।

मां ने जुड़वा बच्चों की हत्या कर खुदकुशी की

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। हत्या-आत्महत्या की दर्दनाक घटना में सिकंदराबाद के बंसीलालपेट की एक महिला ने सोमवार को अपने जुड़वां बच्चों की हत्या कर दी और बाद में खुदकुशी कर ली। सौंदर्या ने अपने जुड़वा बच्चों नित्या और निदर्श को सिकंदराबाद के बंसीलालपेट में एक बहुमंजिला अपार्टमेंट परिसर की आठवीं मंजिल से नीचे फेंककर मार डाला। बाद में महिला ने उसी बिल्डिंग से कूदकर आत्महत्या कर ली। गिरने से तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, संदेह है कि महिला ने अपने पति और ससुराल वालों से दहेज प्रताड़ना के कारण अत्यधिक कदम उठाया है। मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस जांच कर रही है।

राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में लापरवाही का आरोप

सड़क पर डाइवर्सन सिग्नल नहीं, धूल से यात्री परेशान

निर्मल/भैंसा, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। अप्रैल महीने में एमओएस जनरल वीके सिंह की उपस्थिति से तेलंगाना में 8000 करोड़ रुपए की लागत से 460 किलोमिटर की कुल लंबाई की राष्ट्रीय राजमार्ग नवीकरण योजना लागू की गई, जिसमे 248 किलोमिटर हैदराबाद-नरसापुर-मेदक, येल्लारेड्डी-बांसवाड़ा-बोधन, बासर-भैंसा सड़क एनएच 61 को जोड़ना शामिल है इसी के अंतर्गत बोधन-बासर-भैंसा खंड को 2 लेन चौड़ा करने के लिए 644.45 करोड़ रुपय के बजट परिव्यय को मंजूरी दी गई। जब इतने करोडों की लागत से सड़क नवीकरण में कोई हादसा हो जाए तब तो इन रुपयों का क्या करेंग ? जी हां, हम बात कर रहे हैं उन ठेकेदारों की जो अपने मुनाफे के लिए सड़क निर्माण लापरवाही बरत रहे हैं। रविवार को बोधन-बासर-भैंसा मार्ग सड़क निर्माण में कई लापरवही देखने में आई है। सड़क पर उड़ती धूल, तो कई डायवर्सन बोर्ड नहीं देखने को मिला है। कहीं पर सड़क किनारे गिरने वाली रेत की कमी के कारण एक ट्रक फंसा और इसका ड्राइवर व क्लीनर बाल-बाल बचे। कई जगह नई सड़क पर रेत पहाड़ पड़े, तो सहित ही बड़े पत्थर नजर आए। इन सभी से अलग मार्ग चलने वाले लोगों को कड़ी मशकत करनी पड रही है। भैंसा के करीब पेट्रोल पंप के समीप पूरी नई सड़क में 20/10 गिट्टी की सड़क छोड़ी गई है। आप को बता दें इस मार्ग पर रोज लाखों वाहन सफर करते हैं। आरोप यह लगाया जा रहा है कि अगर ऐसी लापरवाही की जाएगी तो यह लापरवाही मौत को न्योता देने से कम नहीं है।

पवन कल्याण पर मंत्री बोत्सा की टिप्पणी से विवाद

अमरावती, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। मंत्री बोत्सा सत्यनारायण ने जनसेना के सदस्यों पर गुंडे और बदमाश होने का आरोप लगाकर एक विवाद को जन्म दे दिया है। हंगामा तब बढ़ गया जब उन्होंने कथित तौर पर पवन कल्याण पर इस तरह की गतिविधियों से संबंधित आपराधिक आरोपों का सामना करने की संभावना का संकेत दिया। इन आरोपों के संबंध में मीडिया की पूछताछ के जवाब में, बोत्सा सत्यनारायण ने अपने खिलाफ लगाए गए किसी भी आरोप का दृढ़ता से खंडन किया, अपनी बेगुनाही को बनाए रखते हुए कहा कि मेरे राजनीतिक जीवन के इतिहास में मेरे खिलाफ कोई मामला नहीं है। जैसा कि उन्होंने अपने स्वयं के रिकॉर्ड का बचाव किया, बोत्सा सत्यनारायण ने आगे कहा कि पवन कल्याण पर उनके खिलाफ गुंडागर्दी के आपराधिक मामले हो सकते हैं।

क्रिकेट खेलते समय युवा वकील की मौत

विशाखपट्टनणम, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। विशाखपट्टनम में एक अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट में खेलते हुए 26 वर्षीय एक वकील की मौत हो गई। गजुवाका में जिंक क्रिकेट ग्राउंड से बाहर निकलते समय मणिकांत नायडू गिर पड़े और उनकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मैच पूरा होने के बाद नायडू मैदान से बाहर आ रहे थे, तभी कार्डियक अरेस्ट के कारण वे गिर पड़े। टीम के साथियों और अन्य लोगों ने उसे पुनर्जीवित करने की कोशिश की लेकिन उनका प्रयास बेकार साबित हुआ। 108 एंबुलेंस से मौके पर पहुंचे मेडिकल स्टाफ ने उसकी जांच की और उसे मृत घोषित कर दिया। उन्हें एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। विशाखा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चिंतापल्ली रामबाबू के अनुसार, युवा वकील को हृदय संबंधी समस्या थी। अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट 16 जून से शुरू हुआ था। हालांकि, भीषण गर्मी में टूर्नामेंट आयोजित करने के लिए आयोजक आलोचना के घेरे में आ गए हैं। तटीय शहर पिछले एक हफ्ते से लू की स्थिति का सामना कर रहा है और अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है।

विशाखपट्टनम में जगन्नाथ रथ यात्रा 20 को

विशाखापट्टणम, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। शहर में ओड़ियाओं के लिए एक प्रमुख सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन उत्कल सांस्कृतिक समाज 20 जून को जगन्नाथ रथ यात्रा और 28 जून को वापसी यात्रा (बहुदा) मनाएगा। यहां मीडियाकर्मियों को इसकी जानकारी देते हुए समाज के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार नायक ने कहा कि भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की मूर्तियों को ले जाने वाले रथ (रथ) को भक्तों द्वारा श्री जगन्नाथ मंदिर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर से खींचा जाएगा। दासपल्ला हिल्स में धार्मिक उत्साह और उल्लास के साथ संकीर्तन और सांस्कृतिक रोड शो के साथ एक रंगीन जुलूस मौसी के स्थान लॉसन बे कॉलोनी में श्री गुंडिचा मंदिर, चिल्ड्रेन्स एरिना, मिलेनियम पेट्रोल बंक, आंध्र विश्वविद्यालय के आउट गेट, वुडा पार्क और शांति आश्रम से होकर गुजरता है। देव स्नान पूर्णिमा के बाद देवता दीक्षांत कर रहे हैं और 14 दिनों के अंतराल के बाद सोमवार को तुलसी के पत्तों से सजे नवा जौबन बेशा में दर्शन देंगे, जिसे तुलसी बेशा के नाम से जाना जाता है। मंगलवार को रथयात्रा के दिन प्रतिमाओं को गर्भगृह से रथ पर बिठाया जाएगा। पहाड़ी बीज नामक एक अनुष्ठान में छेरा पन्हारा नामक रथ के जिस चबूतरे पर भगवान विराजमान हैं, उस चबूतरे की झाड़ू लगाने के बाद भक्तों द्वारा रथ को खींचा जाएगा। यात्रा जाति, पंथ और धर्म के बावजूद आम जनता को दर्शन देने के लिए भगवान की इच्छा और प्रेम का प्रतीक है। बेरहामपुर (ओडिशा) से सांस्कृतिक मंडली जोड़ी शंख और रानापा और ओडिशा के विभिन्न संकीर्तन दल जुलूस में शामिल होंगे। देवता श्री गुंडिचा मंदिर में नौ दिनों तक रहेंगे और 28 जून को उसी रास्ते से मुख्य मंदिर बहुदा यात्रा पर लौटेंगे।

नेल्लीमारला मंडल में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा

अमरावती, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी का कहर जारी है। तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया है। विजयनगरम जिले के नेल्लीमारला मंडल में दिन का तापमान 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य औसत से 4 डिग्री अधिक है। काकीनाडा जिले के गोलाप्रोलु मंडल में 45.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि पार्वतीपुरम जिले के सालूर मंडल और श्रीकाकुलम जिले के पोंडुरु मंडल में 45.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य भर में कुल 328 मंडलों ने 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान के साथ हीटवेव की स्थिति की सूचना दी। भारतीय मौसम विभाग ने अपने बुलेटिन में कहा है कि राज्य में लू की स्थिति एक और दिन जारी रह सकती है। दूसरी ओर, रिपोर्टों में कहा गया है कि "उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश, यनम और रायलसीमा में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है।

भाजपा महिला मोर्चा की नेता पुलिस हिरासत में

हैदराबाद, 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। निर्मल जिले के ट्रिपल आईआईटी बासरा में तीन छात्रा की आत्महत्या को लेकर मामला गरमाता जा रहा है। इस अवसर पर आज कॉलेज में कारणों का पता लगाने और छात्राओं को आश्वस्त करने गई भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता मूर्ति सहित अन्य भाजपा नेताओं को पुलिस ने जबरन गिरफ्तार कर लिया और बासरा पुलिस स्टेशन ले जाया गया। इस दौरान थाने में भाजपा नेताओं और पुलिस के बीच कहासुनी हो रही है। गीता मूर्ति ने कहा कि सिर्फ छात्रों से मिलने के कारण पुलिस हिरासत में ले रही है। ऐसा कानून के खिलाफ है? से यह पूछने पर नाराज़ हो गईं कि क्या वे उसे सिर्फ मिलने और कारण जानने के लिए गिरफ्तार करेंगे।

स्वतंत्र वार्ता

Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

आंध्र प्रदेश में 24 तक हाफ डे ही चलेंगे स्कूल

अमरावती , 19 जून (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश सरकार ने राज्य में बढ़ते तापमान को देखते हुए स्कूलों में आधे दिन की कक्षाएं 24 जून तक बढ़ा दी हैं। स्कूल शिक्षा आयुक्त, एस सुरेश ने एक प्रेस विज्ञप्ति में घोषणा की कि एकल सत्र वाले स्कूल 24 जून तक जारी रहेंगे, जो सरकारी और निजी दोनों स्कूलों पर लागू होता है। आधे दिन के स्कूल का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक होता है, जिसमें रागी माल्ट सुबह 8:30 से 9 बजे के बीच और मध्याह्न भोजन सुबह 11:30 से 12 बजे के बीच परोसा जाता है। भारतीय मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक राज्य में लू का प्रकोप जारी रहने का अनुमान जताया है। सबसे अधिक तापमान 46 डिग्री सेल्सियस विजयनगरम जिले के नेल्लीमारला मंडल में दर्ज किया गया।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.